हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट पेश : अब तक 15 की मौत, रिपोर्ट में 4 मौतें ही बताई गईं


यहां पाइप लाइन में मिल रहा था सीवेज

## इंदौर प्रशासन और नगर निगम को हाई कोर्ट की फटकार

# लोग दूषित पानी पीकर मर रहे हैं...ये बहुत बड़ी लापरवाही है

*अदालत ने कहा- इंदौर एक बेहद सुंदर शहर है, पूरे देश में इसकी साफ-सफाई की तारीफ होती है। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि इस सुंदरता और प्रतिष्ठा को बनाए रखा जाए*




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर**

भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी पीने से हुई मौतों और लोगों के बीमार पड़ने के गंभीर मामले पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने कड़ा रुख अपनाया है। जस्टिस द्वारकाधीश बंसल और जस्टिस राजेंद्र कुमार वाणी की खंडपीठ ने साफ शब्दों में कहा कि यह एक बड़ी लापरवाही है और लोग दूषित पानी की वजह से मर रहे हैं, जो पूरी तरह गलत है। हाई कोर्ट ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित लोगों को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए और दूषित पानी से बीमार हुए सभी लोगों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा दी जाए।

अदालत ने कहा, 'इंदौर एक बेहद सुंदर शहर है, पूरे देश में इसकी साफ-सफाई की तारीफ होती है। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि इस सुंदरता और प्रतिष्ठा को बनाए रखा जाए। सुनवाई के दौरान ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 10 मिनट में अतिरिक्त टैंकर भिजवाने के निर्देश निगम ने पालन किया



हाई कोर्ट ने इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव को नोटिस जारी किए

**इंदौर मामले में बोलीं उमा भारती**

## जिंदगी की कीमत दो लाख नहीं होती नेता-अफसर बिसलरी क्यों पीते रहे?



पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता उमा भारती ने कहा कि इस पाप का घोर प्रायश्चित करना होगा, पीड़ितों से माफी मांगनी होगी और जो दोषी हैं उनको सजा देनी होगी। उमा ने कहा कि साल 2025 के अंत में इंदौर में गंदे पानी पीने से हुई मौतें हमारे प्रदेश, हमारी सरकार और हमारी पूरी व्यवस्था ▶▶ शेष पेज 4 पर

## राहुल बोले-इंदौर में पानी नहीं जहर बंटा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी ने कहा कि इंदौर में जहर बांटा जा रहा है और प्रशासन कुंभकर्ण की तरह सो रहा है। घर-घर मातम है, गरीब बेबस हैं और ऊपर से भाजपा नेताओं के अहंकारी बयान। जिनके घरों में चूल्हा बुझा है, उन्हें सांत्वना चाहिए थी, सरकार ने घमंड परोस दिया। लोगों ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोषी अधिकारियों के विरुद्ध लिया सख्त एक्शन**

# इंदौर निगम आयुक्त दिलीप यादव को हटाया अपर आयुक्त व प्रभारी अधीक्षण यंत्री निलंबित

**लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में भागीरथपुरा में दूषित जल प्रदाय से हुई घटना को लेकर जबलपुर के दौरे से लौटने के पश्चात रात्रि में मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे नगर निगम प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। जनस्वास्थ्य सरकार के लिए सर्वोपरि है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने इंदौर के आयुक्त नगर निगम दिलीप यादव को हटाकर मंत्रालय में पदस्थ करने के निर्देश दिए हैं। लापरवाही के लिए अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया और प्रभारी अधीक्षण यंत्री संजीव श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।

बैठक में संभागायुक्त इंदौर द्वारा बताया कि भागीरथपुरा क्षेत्र में 28 दिसंबर को उल्टी, दस्त के प्रकरण सामने आए थे। इसका संभावित कारण पेयजल प्रदूषण पाया गया। सूचना मिलते ही नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही की। कुल 13 हजार 444 घरों का सर्वेक्षण किया गया। कुल 310 मरीज भर्ती हुए थे, जिनमें से 235 स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं। चौबीस घंटे डॉक्टरों को ड्यूटी तय की गई। रेफरल के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर



### अब तक ये हुआ

| | |
|---|---|
| अब तक सर्वे किए गए घर | 13385 |
| सर्वे में स्क्रीन किए गए लोग | 66107 |
| संदेहास्पद मिले मरीज | 3069 |
| भर्ती किए गए मरीज़ | 310 |
| डिस्चार्ज हुए मरीज | 107 |
| भर्ती मरीज | 203 |
| आईसीयू में भर्ती मरीज | 25 |

**सीएम की नाराजगी के बाद आदेश जारी**

## इंदौर को मिले 3 नए आईएएस अफसर

सीएम डॉ. यादव के निर्देश के बाद इंदौर नगर निगम में 3 नए अधिकारी आकाश सिंह, प्रखर सिंह और आशीष पाठक की नियुक्ति की गई है। नए पदस्थ तीन अधिकारियों में दो डायरेक्ट है तो वहीं पाठक प्रमोटी आईएएस हैं। सीईओ खरगोन 2019 बैच के आईएएस आकाश सिंह को अपर आयुक्त इंदौर नगर निगम किया है। सीईओ अलीराजपुर 2020 बैच के अधिकारी प्रखर सिंह को अपर आयुक्त इंदौर निगम पदस्थ किया है। उप परिवहन आयुक्त इंदौर 2020 बैच के आशीष पाठक को भी अपर आयुक्त इंदौर निगम किया है। अब सीएम खुद मामले की लगातार निगरानी कर रहे हैं।


### घटना की कहीं भी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए

सीएम ने निर्देश दिए कि सभी नगरीय निकायों का अमला जनता की सेहत के प्रति सजग और सतर्क रहे। ऐसी घटना की कहीं पुनरावृत्ति न हो। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के तालमेल में कमी नहीं होना चाहिए। शिकायत की सूचना मिलने पर तत्काल कदम उठाएं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### नए साल में लगेंगे 2 सूर्य ग्रहण और 2 चंद्र ग्रहण



**नई दिल्ली।** साल 2026 शुरू हो चुका है और इस साल कुल चार ग्रहण होंगे, दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण, लेकिन ये चारों ग्रहण भारत में समान रूप से दिखाई नहीं देंगे। भारत में सिर्फ एक चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। बाकी के तीन ग्रहण या तो हमारे देश से दिखाई नहीं देंगे या फिर इनका असर कम होगा। इसे देख पाना मुश्किल होगा।

### लंगूर की आवाज निकालने वालों के लिए नौकरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा परिसर में लगातार घुसने वाले बंदरों की समस्या से निपटने के लिए लंगूर की आवाज की नकल करने वाले लोगों को नियुक्त करने की योजना बना रही है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि विधानसभा परिसर के आसपास दर्जनों बंदर मौजूद हैं जो परेशानी पैदा करते हैं।

**'युवा संवाद' कार्यक्रम में मध्यभारत प्रांत के 16 शासकीय जिलों के युवाओं को संघ प्रमुख ने किया संबोधित**

**संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने युवाओं से कहा- आइए और संघ का अनुभव लीजिए, यहां कोई बंधन नहीं**

# विश्व शक्ति की सुनता है, संघ धर्म की रक्षा करते हुए देश को 'नया रास्ता' दिखाता है


दीप प्रज्जवलन करते संघ प्रमुख

*डॉ. भागवत ने कहा कि देश संपूर्ण समाज के योगदान से ही बड़ा होता है। नेता, नीति और व्यवस्था, ये सब तब सहायक*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के प्रसंग पर संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत का देशभर में प्रवास हो रहा है। इसी श्रृंखला में उनका दो दिवसीय प्रवास भोपाल में हुआ। प्रवास के पहले दिन कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में उन्होंने युवाओं से संवाद किया। युवा संवाद में डॉ. मोहन भागवत ने युवाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ की भूमिका पर उन्होंने कहा कि विश्व शक्ति की सुनता है और संघ संपूर्ण समाज को साथ लेकर धर्म की रक्षा करते हुए देश को नया रास्ता दिखाता है।

उन्होंने कहा कि संघ अपने जन्म से ही लक्ष्य लेकर चल रहा है कि अपने धर्म-संस्कृति का संरक्षण कर, अपने भारत को परम ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भारत का युवा जाग गया है वह अपने देश को समर्थ बनाना चाहता है



युवाओं से संवाद करते संघ प्रमुख डॉ. भागवत

**डॉ. भागवत ने युवाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए**

**देश के लिए कुछ करना है तो अहंकार व स्वार्थ को छोड़ना होगा**

### हमें एआई को कंट्रोल करना है, न कि कंट्रोल होना है

युवा संवाद में डॉ. मोहन भागवत ने युवाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ की भूमिका पर उन्होंने कहा कि विश्व शक्ति की सुनता है और संघ संपूर्ण समाज को साथ लेकर धर्म की रक्षा करते हुए देश को नया रास्ता दिखाता है। महाशक्ति एकत्रित कर रहा है। उन्होंने कुली फिल्म का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय युवा लाल कुर्ता या शर्ट पहनते थे। यानी फैशन फॉलो करते हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसे युवाओं का ▶▶ शेष पेज 4 पर

### संघ युवाओं को सामर्थ्यवान बना रहा: शांडिल्य

भोपाल करुणाधाम आश्रम के प्रमुख सुदेश शांडिल्य ने युवाओं से कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समर्थ बनेगा तभी भारत विश्वगुरु बनेगा। इसलिए संघ का समर्थ होना जरूरी है। परोपकार, सद्चरित्र, जनकल्याण की भावना और यश ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हम स्वामी विवेकानंद की 3 बातों का अनुसरण करते हैं: विस्पुते

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक विस्पुते ने कहा कि संघ को 100 वर्ष में खूब प्रसिद्ध मिली। लेकिन, संघ का प्रचार किया विरोधियों ने और नकारात्मक भाव में किया। इन्होंने कभी संघ को समझने का प्रयास नहीं किया। विस्पुते ने बताया कि संघ स्वामी विवेकानंद की तीन बातों का अनुसरण करते हुए काम करता है। पहली बात भारत के समाज को ऑर्गेनाइजेशन सीखना पड़ेगा। दूसरा भारत में मेन मेकिंग यानी व्यक्ति के निर्माण की प्रक्रिया जरूरी है और तीसरी बात कि आने वाले 50 साल के लिए देश को प्राथमिकता पर रखकर भारत माता की आराधना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संघ ▶▶ शेष पेज 4 पर

**उज्जैन स्टेशन पर बेहोश होकर गिरा भक्त**

## जीआरपी जवान ने सीपीआर देकर बचाई श्रद्धालु की जान

**एसपी करेंगे आरक्षक का सम्मान**



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन**

महाकाल मंदिर दर्शन करने उज्जैन आए एक श्रद्धालु की रेलवे स्टेशन पर अचानक तबीयत बिगड़ गई। उज्जैन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर तैनात जीआरपी के आरक्षक ने गोल्डन टाइम में सीपीआर देकर यात्री की जान बचाई। इसका वीडियो अब सामने आया है।

घटना 1 जनवरी की है। स्टेशन पर महाकाल दर्शन के लिए जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ थी। इसी दौरान जीआरपी के प्रधान आरक्षक पवन धुर्वे प्लेटफॉर्म नंबर 5 और 6 के बीच ड्यूटी पर तैनात थे। तभी प्लेटफॉर्म पर खड़ी उज्जैयनी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 14309) के आगमन के दौरान यात्री देवी सिंह ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कलेक्टर ने किया सस्पेंड**

## नायब तहसीलदार के रीडर का घूस लेते वीडियो हुआ वायरल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन**

जिले की सांची तहसील के नायब तहसीलदार के रीडर का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल होने से प्रशासन में हड़कंप मच गया है। रिश्वतखोरी का यह पूरा मामला लाइव वीडियो में कैद हो गया। वायरल वीडियो में नायब तहसीलदार का रीडर राजेश गीते सरकारी दफ्तर में खुलेआम रुपए गिनते हुए नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि वह एक मामले में जमानत कराने के बदले रिश्वत ले रहा था। वीडियो में रुपए के लेन-देन की पूरी तस्वीर साफ तौर पर दिखाई दे रही ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मामले में आगे जांच भी शुरू



**सिवनी में भीषण सड़क हादसा...पूरा परिवार खत्म**

## खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी बाइक पति-पत्नी सहित दो बच्चों की मौत

**पत्नी-बच्चों को लेकर ससुराल जा रहा था युवक**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर**

नववर्ष के पहले दिन सिवनी जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। गुरुवार शाम जबलपुर-नागपुर फोरलेन पर कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत रिड्डीटेक के पास खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गई बाइक में सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, महाराष्ट्र सीमा से लगे खवासाटोला निवासी परमानंद बरकड़े अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ बाइक से दरगढ़ा गांव जा रहे थे। शाम करीब 7 बजे तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि परिवार के सभी सदस्यों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया गया है कि ट्रक में इंजन खराबी आने के कारण उसे फोरलेन पर खड़ा कर मरम्मत कार्य किया जा रहा था। वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए संकेतक भी लगाए गए थे, बावजूद इसके हादसा हो गया। बरघाट एसडीओपी ललित गठरे ने बताया कि मृतकों की पहचान परमानंद बरकड़े (45), उनकी पत्नी गीता बरकड़े (38), बेटी माही (8) और बेटा दीपांशु (4) के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम किया जाएगा। ▶▶ शेष पेज 4 पर



**बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के बाद मुस्तफिजुर का विरोध**

**आईपीएल 2026: मुस्तफिजुर रहमान को केकेआर की टीम में शामिल किए जाने का विरोध तेज**

# बांग्लादेशी खिलाड़ियों के खेलने को लेकर अटकलों के बीच बीसीसीआई का सीधा जवाब- केंद्र से नहीं मिला कोई निर्देश


मुस्तफिजुर रहमान

*शाहरुख की केकेआर ने मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ की बड़ी राशि में खरीदा है*

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के लिए केकेआर की टीम में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान शामिल हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के बाद मुस्तफिजुर रहमान को केकेआर की टीम में शामिल किए जाने का विरोध हो रहा है। देश के कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने रहमान को टीम से बाहर करने और किसी भी बांग्लादेशी खिलाड़ी को आईपीएल ▶▶ शेष पेज 4 पर



### फैसला कई संगठनों को समझ नहीं आया

हाल के महीनों में बांग्लादेश से जुड़ी भारत विरोधी खबरों और वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं से जुड़े मुद्दों के कारण यह फैसला कई संगठनों को समझ नहीं आया। सोशल मीडिया पर केकेआर और शाहरुख खान की आलोचना शुरू हो गई। भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने इस मुद्दे पर बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि वे किसी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बांग्लादेशी क्रिकेटर हिंदुओं के हक में आवाज उठाएं

इस पूरे विवाद पर कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर, धीरेंद्र शास्त्री और जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने भी तीखी प्रतिक्रियाएं दीं। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ गलत व्यवहार की खबरें सामने आ रही हैं और ऐसे माहौल में वहां के खिलाड़ी को आईपीएल में शामिल करना गलत संदेश देता है। उन्होंने यह भी कहा कि शाहरुख ▶▶ शेष पेज 4 पर

*निगम में एमआईसी की बैठक में चार प्रस्तावों पर हुई चर्चा, प्रधानमंत्री आवास योजना की निविदा होल्ड पर रखी*

# 200 करोड़ से ग्रीन म्युनिसिपल बांड खरीदेगा निगम, बड़े तालाब को मत्याखेट के लिए पट्टे पर देने को मंजूरी

**विवाह पंजीयन शुल्क घटाने की तैयारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम के आईएसबीटी स्थित परिसर में शुक्रवार को दोपहर मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर मालती राय की अध्यक्षता में हुई। इसमें चार प्रस्ताव एमआइसी मेंबरों के समक्ष रखे गए, जिन पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में 200 करोड़ से ग्रीन म्युनिसिपल बांड खरीदने और बड़े तालाब को मत्याखेट के लिए पट्टे पर देने को मंजूरी दी गई।

बैठक का पहला और प्रमुख प्रस्ताव नगर निगम भोपाल द्वारा अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत अंशदान की राशि ग्रीन म्युनिसिपल बांड के माध्यम से जुटाने से जुड़ा था। इस पर निर्णय लिया गया कि नगर निगम 200 करोड़ रुपए के ग्रीन म्युनिसिपल बांड खरीदेगा। बांड



फाइल फोटो

खरीदने के एवज में निगम को केंद्र सरकार से 20 करोड़ रुपए की रिबेट भी मिलेगी, जिससे निगम की वित्तीय स्थिति को मजबूती मिलेगी।

## *दूसरा प्रस्ताव निविदा को निरस्त किए जाने से संबंधित था*

दूसरा प्रस्ताव प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्लॉट नंबर 47 और 49 पर प्रस्तावित आवासीय सह व्यवसायिक हाईराइज भवन परियोजना के लिए प्राप्त निविदा को निरस्त किए जाने से संबंधित था। इस प्रस्ताव को एमआइसी मेंबरों ने फिलहाल होल्ड कर दिया। तीसरा प्रस्ताव मछुआ नीति 2008 के प्रावधानों के अनुरूप बड़े तालाब को मत्याखेट के लिए पट्टे पर दिए जाने की अनुमति से जुड़ा था। इस पर निर्णय लिया गया कि इसके लिए नियमानुसार टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। चौथा और अंतिम प्रस्ताव विवाह पंजीयन शुल्क में आंशिक संशोधन से संबंधित था। एमआइसी ने शुल्क कम करने के उद्देश्य से नई रूपरेखा तैयार कराने का निर्णय लिया।

### बैठक में नियुक्तियों की जानकारी एमआईसी को नहीं देने पर हुआ हंगामा

बैठक के दौरान एमआइसी मेंबरों ने आयुक्त संस्कृति जैन से निगम में होने वाली नियुक्तियों और ट्रांसफर की प्रतिलिपि एमआइसी मेंबरों को भी भेजे जाने की मांग की। इस मामले को लेकर महापौर परिषद के सदस्य नारज भी हुए। सदस्यों का तर्क था कि निगम में भर्ती कहां हो रही है इसकी जानकारी एमआईसी को होना चाहिए। निगम की स्थापना शाखा से नियुक्तियों संबंधी जानकारी होने की बात एमआईसी ने कही। हरिभूमि ने इस संबंध में एमआईसी मनोज राठौर से बात की तो उनका कहना था कि भर्ती की जानकारी को लेकर केवल चर्चा हुई है। हंगामा होने की कोई बात नहीं है।


अपर आयुक्त अंजु अरुण कुमार बैठक में चर्चा करते हुए।

**टीएल की बैठक में शिकायतों के निराकरण का निर्देश**

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को न देखने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम की अपर आयुक्त अंजू अरुण कुमार ने शुक्रवार को दोपहर आईएसबीटी परिसर में समय सीमा प्रकरणों सहित अन्य कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने सीएम हेल्पाइन की शिकायतों को न देखने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही। उन्होंने शिविर लगाकर 50 दिवस की शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। ऋनिगम आयुक्त संस्कृति जैन नगरीय विकास विभाग के एसीएस के बुलाने पर बैठक से चलीं गईं, इसलिए अपर आयुक्त अंजु अरुण कुमार ने बैठक ली। अपर आयुक्त कुमार ने निर्देश दिया कि निगम कार्य परिधि के बाहर की शिकायतों को तथ्यात्मक प्रतिवेदन के साथ तत्काल बंद कराने की कार्यवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों से संबंधित ई-मेल व अन्य संदेश न देखने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शीघ्रता से प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

### निगम अब पूरी तरह से ई-ऑफिस में होगा

कुमार ने ई-ऑफिस के संचालन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की विभागवार सूची जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि निगम को पूरी तरह से ई-ऑफिस में तब्दील करने की प्रक्रिया को आगे बढाया जा सके।

### 10 साल से अधिक पुराने रिकार्ड-नस्तियां सूचीबद्‌ध करें

उन्होंने 10 साल से अधिक पुराने रिकार्ड-नस्तियों को सूचिबद्ध करने के निर्देश भी दिए।

## खबर संक्षेप

### शिवाजी नगर में धूल खा रहा है निगम का रीडिंग रूम, लटका ताला

**भोपाल।** शहर के शिवाजी नगर में रीडिंग रूम धूल खा रहा है। भवन के गेट पर ताला लटका है। उक्त भवन का उपयोग जनहित में किए जाने की योजना तो निगम ने बनाई थी, लेकिन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते शहर में बंद हो चुके रीडिंग रूम का उपयोग नहीं हो रहा है। पांच साल पहले नगर निगम के शहर में 40 से ज्यादा रीडिंग रूम थे। यहां समाचार पत्र, पत्रिकाएं, मैग्जीन आदि उपलब्ध रहती थी। इस संबंध में निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि वे शहर में बंद रीडिंग रूम के संबंध में जानकारी लेंगी।

### मरीजों के परिजन अस्पताल के बाहर सोने के लिए मजबूर, जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने राजधानी के सरकारी अस्पतालों में मरीजों के परिजनों के ठंड में अस्पताल के बाहर सोने और परेशान होने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने एम्स अस्पताल के डॉयरेक्टर, हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मामले में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी मांगी है। आयोग के संज्ञान में आया है कि राजधानी भोपाल के एम्स अस्पताल, हमीदिया अस्पताल एवं जय प्रकाश जिला अस्पताल में इलाज कराने आये मरीजों के परिजनों को अस्पताल के बाहर सोना पड़ रहा है। अस्पतालों में जगह नहीं होने के कारण परिजनों की रात में रुकने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण खुले आसमान के नीचे रात में रुकना पड़ रहा है।

### कोलार के सेमरी कलां और करोंद में गायत्री पंचकुंडी यज्ञ कल

**भोपाल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं गायत्री शक्तिपीठ भोपाल के निर्देशन में कोलार रोड के सेमरी कला गांव में एवं करोंद क्षेत्र के देवकी नगर दुर्गा मंदिर में पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन 4 जनवरी को किया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ के घनश्याम पाटीदार ने बताया कि दोनों स्थानों पर पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार निशुल्क संपन्न निशुल्क कराए जाएंगे। इसके साथ ही पर्यावरण शुद्धिकरण जनकल्याण एवं मनुष्य के अंदर वैचारिक शुद्धिकरण हेतु गायत्री महामंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए ग्राम सेमरी कलां के ग्रामीणों में विशेष उत्साह है और तैयारी प्रारंभ कर दी है। वहीं, करोंद क्षेत्र में भी देवकी नगर दुर्गा मंदिर में पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ के साथ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। इससे पहले यहां 3 जनवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी।

### डीआरएम आरकेएमपी से बीना स्टेशन रेलखंड का किया निरीक्षण

**भोपाल।** भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने रानी कमलापति से बीना रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलखंड की संरचना, ट्रैक की स्थिति, सिग्नलिंग प्रणाली, क्रॉसिंग्स एवं सेफ्टी संबंधित अवसंरचनाओं का अवलोकन किया।


**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख जन गोष्ठी को सरसंघचालक ने किया संबोधित**

# हमें समझना होगा कि हिंदू धार्मिक पहचान से बढ़कर, हम सबके पूर्वज समानः डॉ. भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमारे मत-पंथ, सम्प्रदाय, भाषा, जाति अलग हो सकती है, लेकिन हिंदू पहचान हम सबको जोड़ती है। हम सबकी एक संस्कृति और धर्म है। हम सबके पूर्वज समान हैं। हमें समझना होगा कि हिंदू धार्मिक पहचान से बढ़कर, स्वभाव और प्रकृति है। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शुक्रवार को भोपाल के हंस ध्वनि सभागृह, रविंद्र भवन परिसर में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर मंच पर मध्यभारत प्रान्त के संघचालक अशोक पांडेय और भोपाल विभाग के संघचालक सोमकान्त उमालकर उपस्थित रहे। धर्म को परिभाषित करते हुए सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि धर्म का अर्थ रिलीजन नहीं है। धर्म का अर्थ पूजा-पद्धति नहीं है। धर्म सबको साथ लेकर चलता है। सबका उत्थान करता है। धर्म सबके लिए आनंददायक है। स्वभाव धर्म है। कर्तव्य धर्म है। आपस में सद्भावना रखकर सब लोग चलें, इसके लिए जो संयम चाहिए, वह धर्म है।


रविंद्र भवन में प्रमुख जन गोष्ठी में संबोधित करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत।

### हिंदुस्थान में चार प्रकार के हिंदू रहते हैं

सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि हिंदुस्थान में चार प्रकार के हिंदू रहते हैं- एक, जो कहते हैं कि गर्व से कहो हम हिंदू है। दो, जो कहते हैं कि गर्व की क्या बात हैं, हम हिंदू हैं। तीन, जो कहते हैं कि जोर से नहीं बोलो, आप घर में आकर देखो, हम हिंदू ही हैं। चार, जो भूल गए हैं कि हम हिंदू हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब हम यह भूल जाते हैं कि हम हिंदू हैं तो विपत्ति आती है। भारत का इतिहास देख लीजिए, इसलिए हिंदू को जगाना और संगठित करना आवश्यक है।

## *किसी से तुलना करके संघ को नहीं समझा जा सकता*

*सरसंघचालक ने कहा कि संघ के बारे में नैरेटिव बहुत चलते हैं। कई बार किसी को जानने के लिए उसके जैसे किसी से तुलना करते हैं। लेकिन जो अनूठा हो, उसकी तुलना नहीं की जा सकती। संघ दुनिया में अनूठा संगठन है। इसलिए संघ को किसी से तुलना करके नहीं समझा जा सकता। संघ गणवेश पहनकर पथ संचलन करता है तो यह पैरा मिलिट्री फोर्स नहीं है। सेवा कार्य चलाता है, उन्हें देखकर यह नहीं मानना चाहिए कि संघ समाजसेवी संगठन है। संघ को लेकर संघ हितैषी और संघ विरोधी, दोनों ने ही कई ऐसी बातें समाज में चलाई हैं, जो संघ नहीं है। इसलिए शताब्दी वर्ष पर विचार बनाया कि समाज के सामने संघ की सही जानकारी जानी चाहिए।*


रविंद्र भवन में प्रमुख जन गोष्ठी में उपस्थित केंद्रीय मंत्री शिवराज समेत भाजपा पदाधिकारी।

### उपेक्षा और विरोध के बाद भी आगे बढ़ा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि उपेक्षा के बावजूद संघ के कार्यकर्ता निराश नहीं हुए। उपेक्षा और विरोध के बाद भी भारत माता के प्रति आस्था रखते हुए आगे बढ़ते रहे। दुनिया का ऐसा कोई संगठन नहीं है, जिसने इतना विरोध सहा हो, जितना संघ ने सहा है। विपरीत परिस्थितियों में सबकुछ दांव पर लगाकर कार्यकर्ताओं ने संघ का कार्य किया है। समाज और राष्ट्र की उन्नति के लिए समाज के प्रमुख जनों से सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने पंच परिवर्तन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व बोध और नागरिक अनुशासन से संबंधित कार्य हम सबको मिलकर करना चाहिए।

**कई दिन से शताब्दी एक्सप्रेस आ रही लेट**

# कोहरे का असरः एक माह बाद भी ट्रेनें समय की पटरी पर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इन दिनों उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल रेल लाइन व स्टेशन क्षेत्र में काम चलने व दिल्ली और उत्तर भारत में बढ़ते कोहरे के कारण रेल यात्रा प्रभावित हुआ है। मुंबई एलटीटी - हरिद्वार एसी करीब दस घंटे, तो राजधानी एक्सप्रेस भी करीब चार घंटे की देरी से पहुंची। तो वहीं शताब्दी एक्सप्रेस भी पिछले कुछ दिनों से लगातार देरी से आ रही है। जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। एक माह बाद भी ट्रेने समय की पटरी पर वापस नहीं लौट पाई हैं।

### यह ट्रेनें पहुंची देरी से

2171 मुंबई एलटीटी - हरिद्वार एसी एसएफ एक्सप्रेस 9:38 घंटे, 12626 केरल एक्सप्रेस 6:38 घंटे, 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 0. 50 घंटे, 11078 झेलम एक्स.3.54 घंटे देरी से आई, 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 2:42 घंटे, 20424 पातालकोट 2.00 घंटे, 12920 मालवा एक्सप्रेस 2:25 घंटे, 22222 हजरत निजामुद्दीन - मुंबई सीएसटी राजधानी एक्सप्रेस 4: 20 घंटे, 22692 बंगलौर राजधानी एक्सप्रेस 2:30 मिनट, 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 1:11 घंटे, 12618 हजरत निजामुद्दीन-एनार्कुलम एक्सप्रेस 0:43 घंटे, 12722 दक्षिण एक्सप्रेस 1:42 घंटे, 12156 भोपाल एक्सप्रेस 2:17 घंटे आई है।

**अब नहीं काटने पड़ रहे ऑफिस के चक्कर**

# एनआईडी भोपाल परिसर में अब पासपोर्ट मोबाइल वैन की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेशवासियों को अब पासपोर्ट बनवाने के लिए परेशान नहीं होना पड़ रहा है। खासतौर से कॉलेज छात्रों व ग्रामीणों को पासपोर्ट बनवाना पहले से बहुत आसान हो गया है। दरअसल प्रदेश में मोबाइल पासपोर्ट वैन सेवा शुरू होने के बाद से आवेदकों को पहले से काफी सुविधा मिल रही है।

इसी के तहत शुक्रवार को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी), भोपाल परिसर में पासपोर्ट मोबाइल वैन को अस्थायी रूप से तैनात किया गया है। इस मोबाइल वैन के माध्यम से एनआईडी भोपाल के विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों के साथ-साथ आम नागरिकों को उनके द्वार पर ही पासपोर्ट से संबंधित सेवाएं प्रदान की जा रही है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शीतांशु चौरासिया पासपोर्ट मोबाइल वैन को तैनात करने का उद्देश्य समय की बचत करना, भीड़ कम करना तथा पासपोर्ट सेवाओं को और अधिक जन-केंद्रित बनाना है। आरपीओ भोपाल की यह पहल विशेष रूप से छात्रों और कार्यरत पेशेवरों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जिन्हें अब पासपोर्ट सेवा केंद्रों तक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। पासपोर्ट मोबाइल वैन में आवेदन स्वीकार करने एवं आवश्यक प्रक्रियाओं की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

**कॉलेज छात्रों व ग्रामीणों के पासपोर्ट बनवाना हुआ आसान**

### दस्तावेज सत्यापन, फोटो खींचने की सुविधा

मोबाइल वैन में कई सुविधाएं दी गई, इसमें जहां फिंगरप्रिंट और बायोमेट्रिक स्कैनिंग, दस्तावेज सत्यापन, फोटो खींचने की सुविधा शामिल है। यह वैन पूरी तरह से तकनीकी रूप से सक्षम होगी और एक चलता-फिरता पासपोर्ट कार्यालय जैसा काम करेगी। इस वैन के जरिए पासपोर्ट बनाने वाले आवेदकों को सबसे पहले वेबसाइट पर स्लॉट बुक करना होता है। इसके बाद वैन विकल्प का चुनाव करना होगा। निर्धारित समय पर वैन संबंधित क्षेत्र में पहुंचेगी और सभी प्रक्रिया वहीं पूरी की जाती है।

**148 साल बाद संक्रांति पर षटतिला एकादशी का योग, इससे खरीदारी दान-पुण्य से मिलेगा अक्षय लाभ**

# सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग के दुर्लभ संयोग में इस बार मनाई जाएगी मकर संक्रांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूर्य के धनु राशि से मकर में प्रवेश करने के साथ ही मकर संक्रांति पर्व इस बार 14 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। राजधानी से हजारों की संख्या में श्रद्धालु नर्मदा स्नान के लिए होशंगाबाद भी जाएंगे। इस बार मकर संक्रांति पर्व विशेष संयोग में मनाया जाएगा।

मां चामुंडा दरबार भोपाल के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश करने के दिन मकर संक्रांति मनाई जाती है। इसी दिन खरमास भी खत्म होता है और शुभ कार्य फिर से शुरू होते हैं। इस साल मकर संक्रांति 14 जनवरी को माघ मास कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि पर बुधवार के दिन है। इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग के दुर्लभ संयोग के साथ ही चतुर्ग्रही योग



भी बन रहा है। इसमें जहां सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग सुबह 7:15 बजे से शुरू होकर अगले दिन दिन सुबह 3:03 बजे तक रहेंगे। तो वहीं इस साल मकर संक्रांति के अवसर पर मकर राशि में सूर्य के साथ-साथ तीन अन्य महत्वपूर्ण ग्रहों की उपस्थिति रहेगी। जब चार ग्रह एक ही राशि में गोचर करते हैं, तो उसे चतुर्ग्रही योग कहा जाता है। इसके साथ ही 148 साल बाद संक्रांति पर षटतिला एकादशी का योग भी देखने को मिलेगा। इस मौके पर विकास संबंधी कार्य और खरीदारी से उन्नति के योग बन रहे हैं।

### सूर्य देव और भगवान विष्णु की कृपा एक साथ

पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि मकर संक्रांति और षटतिला एकादशी का एक साथ आना यह एक दुर्लभ संयोग है, जिसमें सूर्य देव और भगवान विष्णु दोनों की कृपा एक साथ प्राप्त होती है। 14 जनवरी को षटतिला एकादशी है और इसी रात सूर्य मकर राशि में गोचर करेंगे। एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित होती है, जबकि संक्रांति सूर्य देव की उपासना का पर्व है। इस विशेष संयोग में किया गया स्नान, दान और जप सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक फलदायी माना जाता है।

### सूर्य दोष शांति के उपाय

पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि जिन लोगों की कुंडली में सूर्य कमजोर है, उन्हें सुबह स्नान कर तांबे के लोटे से अर्घ्य दें।

### पितृ दोष से मुक्ति के उपाय

पितरों शांत करने के लिए संक्रांति पर सूर्य को जल अर्पित करते लोटे में काले तिल और लाल फूल डालें।

### स्नान-दान का शुभ मुहूर्त

मकर संक्रांति के दिन दान-पुण्य का शुभ समय दोपहर 3:07 से शाम 06:02 बजे तक रहेगा। इस अवधि में दान करना अत्यंत शुभ है।

### ऐसे करें पूजा

जल में काले तिल और गंगाजल मिलाकर स्नान करें। सूर्य देव को तांबे के लोटे से अर्घ्य दें और 'ॐ घृणि सूर्याय नमः' मंत्र का जाप करें।

**सम्राट कॉलोनी में रहवासियों ने खुद विकसित किया पार्क**

# स्वच्छता के 15 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में खुद ही संवार दिया पार्क पहले निगम से लगाई गुहार, सुनवाई न हुई तो समिति के लोग ही जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन स्थित सम्राट कॉलोनी में जनसहयोग से विकसित पार्क को स्वच्छता के 15 साल पुराने होने पर समिति के लोगों ने खुद ही संवार दिया। दरअसल उक्त कॉलोनी और पार्क को स्वच्छता को लेकर नगर निगम से अवॉर्ड मिल चुके हैं। लोगों के आकर्षण का केंद्र रहने वाले उक्त पार्क के रिनोवेशन के लिए नगर निगम से समिति के लोगों ने गुहार लगाई, लेकिन जब उनकी सुनवाई नहीं हुई तो समिति के पदाधिकारी व आम लोगों ने ही यहां लगे झूले, फाउंटेन, फुटपाथ आदि की रंगाई-पुताई कर दी। सम्राट कॉलोनी जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष अजीज मो खान ने बताया कि स्वच्छता, पर्यावरण व समाज सेवा के 15 वर्ष पूरे होने पर समिति के सदस्यों का सम्मान समारोह किया जाना है। इसके लिए नगर निगम से अनुरोध किया गया था कि कार्यक्रम के उपलक्ष में पार्क की पुताई करवा दें, लेकिन नगर निगम ने पुताई नहीं करवाई तो समिति के लोगों ने खुद बीड़ा उठाया।


फाउंटेन की पुताई करते हुए।


झूले की पुताई करते हुए।


बगीचे में रंगरोगन करते हुए।

### कर्मवीरों का होगा सम्मान

सम्राट कॉलोनी के पार्क में शहर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही सामाजिक समिति के सेवा कार्यों के 15 वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान समारोह का आयोजन 4 जनवरी को सुबह 10 बजे होना है। इसमें मंत्री विश्वास सारंग विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

**स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक में बोले मंत्री सिंह**

# स्कूली शिक्षा व्यक्ति, समाज और देश के भविष्य को करती है तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूली शिक्षा, व्यक्ति, समाज और देश के भविष्य को तैयार करती है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि, हम बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान कर बेहतर भविष्य प्रदान करें। यह बात स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मंत्रालय के सभा भवन में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। मंत्री सिंह ने फरवरी 2026 तक समस्त शाला भवनों में विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस कार्य की साप्ताहिक समीक्षा भी करने के लिये विभागीय अधिकारियों को कहा है।

### *निजी विद्यालयों को भी कम कीमत पर पाठ्य पुस्तकें मिलें*

*स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने आगामी सत्र के पूर्व ही समस्त पाठ्य पुस्तकें मुद्रित कराने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने एमपी बोर्ड पाठ्यक्रम संचालित करने वाले निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी कम कीमत पर उक्त पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों के साथ बैठकें कर उनकी आवश्यकता का आंकलन किया जाए। आवश्यकता अनुसार निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए भी गुणवत्तायुक्त पाठ्य पुस्तकों की कम कीमत पर उपलब्धता सुनिश्चित करें।*

**भोपाल**
शनिवार, 3 जनवरी 2026
पूर्णिमा-15
वर्ष : 12, अंक : 274
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 23
न्यून. 11

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

11
न्यूज़ीलैंड के खिलाफ वनडे स्क्वाड....



विचार पेज
06 स्वच्छता की चादर से ढंकी गंदगी

# पचमढ़ी में पारा 5.4 डिग्री, भोपाल, इंदौर-ग्वालियर में छाया कोहरा

## रविवार से फिर शुरु होगा कड़ाके की सर्दी का जोर गिरेगा 3 डिग्री तक पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नए साल की शुरुआत से ही पचमढ़ी प्रदेश में सबसे ठंडा बना हुआ है, यहां पारा 5.4 डिग्री सेल्सियस पारा दर्ज किया गया। जबकि शुक्रवार सुबह कोहरे की वजह से भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर में वाहन चालकों को दिक्कत हुई। खजुराहो में सबसे घना कोहरा रहा। भोपाल, दतिया, ग्वालियर, रतलाम, दमोह, रीवा, सागर, सतना, गुना, इंदौर, रायसेन, राजगढ़, उज्जैन, मलाजखंड, श्योपुर, नर्मदापुरम, सिवनी, नौगांव और मंडला में भी दृश्यता कम रही। इधर, रविवार से प्रदेश में पारा दो से तीन डिग्री कम होगा, जिससे कड़ाके की सर्दी दोबारा से अपना असर दिखाएगी। इस दौरान जबलपुर संभाग के जिलों में बूंदाबांदी होने के आसार भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

» **जबलपुर संभाग के जिलों में होगी बूंदाबांदी**

» **भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और ग्वालियर में पारा 10 डिग्री से ऊपर रहा**



सावरकर सेतु का दृश्य, शाम 6:15 बजे

### पांच जिलों में बारिश का अलर्ट

5 जिलों में बारिश का अलर्ट और कड़ाके की ठंड के साथ मावठे का अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में शुक्रवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना और दतिया में दिन के तापमान में भी गिरावट आई है। यहां पर दिन के तापमान में भी गिरावट आई है। सबसे कम दिन का तापमान दतिया में 16.4, ग्वालियर 16.5, मुरैना 18.9 और शहडोल में 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बार प्रदेश में नवंबर-दिसंबर की सर्दी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। नवंबर में 84 साल में सबसे ज्यादा ठंड पड़ी तो दिसंबर में 25 साल का रिकॉर्ड टूटा। मौसम विभाग ने नवंबर-दिसंबर की तरह ही जनवरी में भी कड़ाके की ठंड पड़ने का अनुमान जताया है। ऐसे में जनवरी के पहले सप्ताह में प्रदेश के सभी जिलों में कड़ाके की सर्दी का दौर रहेगा।

### क्यों पड़ रही ठंड?

पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में सर्दी का असर बना हुआ है। सुबह घने कोहरे के अलावा शीतलहर और रविवार से दिन भी ठंडे होंगे। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि इस बार ठंड का असर ऊपर-नीचे बना हुआ है। हालांकि, रविवार से ठंड का असर पूरे हफ्ते तक असर दिखाएगा।

## खबर संक्षेप

### शोर्ड मारिन की भारतीय महिला हॉकी टीम में वापसी



**नई दिल्ली।** शोर्ड मारिन को भारतीय महिला हॉकी टीम का नया कोच बनाया गया है। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। टोक्यो ओलंपिक में शोर्ड मारिन की कोचिंग में ही भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने प्रदर्शन से दुनियाभर के खेल प्रेमियों का दिल जीता था और चौथे स्थान पर रही थी। शोर्ड मारिन ने बतौर कोच नियुक्ति के बाद कहा कि वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है।

### गाय चराने से रोका तो दबंगों ने गोली चलाई



**मुरैना।** जौरा विकासखंड के राजाराम का पुरा गांव में दलित परिवार के साथ दबंगों ने मारपीट करते हुए फायरिंग की। पीड़ित परिवार ने खेत में गाय चराने और बाजरे की करब उठाने से मना किया था। आरोप है कि इससे गुस्साए गांव के दबंगों ने दलित परिवार के घर पहुंचकर फायरिंग की, फिर लाठी-डंडों से मारपीट की। घटना में परिवार के पांच लोग घायल हैं, जिन्हें जौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### भाजपा विधायक की हार्टअटैक से मौत



**बरेली।** यूपी के बरेली में भाजपा विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल की शुक्रवार को अचानक मौत हो गई। विधायक श्याम बिहारी सर्किट हाउस में थे। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह मीटिंग ले रहे थे। दोपहर करीब सवा 2 बजे अचानक विधायक की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सीने में तेज दर्द उठा। वे सीना पकड़कर बैठ गए। पसीना छूटने लगा। विधायक को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

## जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए सीएम ने कहा

# भगवान श्रीराम-श्रीकृष्ण के जीवन में मिलते हैं जटिल प्रश्नों के उत्तर




सीएम संबोधित करते हुए

*स्वामी रामभद्राचार्य ने सुझाव दिया कि वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की सफलता इसी में है कि रामायण को राष्ट्र ग्रंथ घोषित कर दिया जाए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के जीवन को देखें तो अनेक जटिल प्रश्नों के उत्तर आसानी से मिल जाते हैं। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के माध्यम से दुनिया में भारत का नाम है। जहां अंधेरा है, वहां प्रकाश फैलाना ही सनातन संस्कृति है। इसी भाव से हमारे आदर्श भगवान श्रीराम ने लाखों वर्ष पहले अन्याय और अत्याचार की समाप्ति के लिए कार्य किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वैसे तो भारतीय सनातन संस्कृति में 33 कोटि देवी-देवताओं का उल्लेख है, लेकिन भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण से पूरे विश्व में भारत की पहचान बनी। ऐसे ▶▶ शेष पेज 4 पर

**वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में देश-दुनिया के आए 120 विद्वानों के व्याख्यान आयोजित होंगे**



दीप प्रज्जवलन करते विशिष्टजन

» *यहां के श्रीराम भक्तों ने 28 हजार से अधिक सुंदरकांड के पाठ किए*

» *युवा श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारें और रामायण के ब्रांड एंबेसडर बनें*

### प्रदेश में सुशासन और राम राज्य स्थापित करने की ओर बढ़ रहे

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि ऋषि जाबाली की पावन भूमि-जबलपुर में वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का यह आयोजन अद्भुत है। मुख्यमंत्री डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में सुशासन और राम राज्य स्थापित करने की ओर बढ़ रहे हैं। वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में देश-दुनिया के आए 120 विद्वानों के व्याख्यान आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि यहां के श्रीराम भक्तों ने 28 हजार से अधिक सुंदरकांड के पाठ किए। केंद्रीय ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अब हमारा नारा ओम शांति, शांति नहीं ओम क्रांति-क्रांति होना चाहिए

स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि राम शब्द में रा का अर्थ है राष्ट्र और म का अर्थ है मंगल अर्थात जिनसे राष्ट्र का मंगल होता है, उसका नाम राम है। स्वामी रामभद्राचार्य ने सुझाव दिया कि वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की सफलता इसी में है ▶▶ शेष पेज 4 पर

### विश्नोई ने रामायण सम्मेलन के संबंध में जानकारी दी

विधायक अजय विश्नोई ने रामायण सम्मेलन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा 2004 से शुरू हुई, जो बहुआयामी है। इसमें 25 सेशन होंगे, जिसमें देश-विदेश के 60 वक्ता अपने विचार रखेंगे। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश गुमाश्ता की जापानी भाषा हायकू में लिखी कृति का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भावसिंह लोधी, सांसद आशीष दुबे, विधायक अभिलाष पांडे, विधायक अशोक रोहाणी, सहित अनेक विद्वान और रामभक्त गणमान्यजन उपस्थित थे।

## अफवाह : मार्च 2026 तक बंद होने वाले हैं 500 के नोट

# हकीकत : सरकार ने कहा 500 के नोट नहीं होंगे बंद

» *100 और 200 रुपए के नोट भी चलते रहेंगे*



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर 500 रुपए के नोट बंद होने की अफवाहों को सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया है। पीआईबी ने स्पष्ट किया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मार्च 2026 तक 500 रुपए के नोटों का चलन बंद करने जैसा कोई ऐलान नहीं किया है। ऐसे में इस तरह की अफवाहों पर यकीन करने की जरूरत नहीं है। 500 रुपए के नोट अभी भी पूरी तरह से वैध हैं। किसी भी लेनदेन में इस्तेमाल किए जा सकते हैं। पीआईबी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर इस खबर पर कहा कि कुछ सोशल मीडिया पोस्ट्स में दावा किया जा रहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मार्च 2026 तक 500 रुपए के नोटों का चलन बंद कर देगा। एजेंसी ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी खबर पर विश्वास करने या उसे साझा करने से पहले उसकी सत्यता की पुष्टि जरूर करें। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि आरबीआई समय-समय पर मॉनेटरी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पहली बार नहीं फैली है यह अफवाह

यह पहली बार नहीं है जब 500 के नोटों को बंद करने की अफवाहें फैली हों। इससे पहले भी कई बार ऐसी खबरें सामने आ चुकी हैं। जून में भी पीआईबी की फैक्ट-चेकिंग यूनिट ने ऐसी ही अफवाहों का खंडन किया था। तब एक यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें दावा किया गया था कि भारत मार्च 2026 से 500 रुपए के नोटों का चलन बंद करने जा रहा है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने भी अगस्त में संसद को सूचित किया था कि 500 रुपए के नोटों की सप्लाई बंद करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने यह भी साफ किया था कि एटीएम से 500 के नोटों के साथ 100 और 200 रुपए के नोट भी निकलते रहेंगे। यह बयान उन अफवाहों को खारिज करता है जिनमें 500 रुपए के नोटों को वापस लेने की बात कही जा रही थी।

## फूड पॉइजनिंग बनी मौत की वजह

# खरगोन में 150 तोतों की मौत अब विसरा रिपोर्ट का इंतजार



**प्रशासनिक अमला जांच के लिए पहुंचा**

**खरगोन।** जिला मुख्यालय से करीब 80 किमी दूर बड़वाह में नर्मदा नदी पर बने एक्वाडक्ट पुल के पास पिछले तीन दिनों में करीब 150 तोतों की मौत हो गई। तोतों की मौत के बाद शवों के पोस्टमार्टम के बाद पशु चिकित्सकों ने स्पष्ट किया है कि इनकी मौत बर्ड फ्लू से नहीं, बल्कि 'फूड पॉइजनिंग' (विषाक्त भोजन) और गलत खान-पान के कारण हुई है। प्रशासनिक अमला जांच के लिए पहुंचा है। पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने विसरा जांच के लिए भोपाल और जबलपुर लैब भेजा है। पिछले 72 घंटों में पुल के पास करीब 150 तोते मृत मिले हैं, जो बेहद चिंताजनक है। रेस्क्यू के दौरान कुछ ▶▶ शेष पेज 4 पर

## बजरंग दल ने किया प्रदर्शन

# बकरा-मटन खाने का लालच देकर धर्मांतरण की कोशिश

**6 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर




यहां धर्मांतरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां नए साल पर गांव वालों को बकरा-मटन का लालच देकर निमंत्रण दिया गया। फिर जब वह पहुंचे तो उन्हें ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने की कोशिश की गई। मामला शाहपुर के खामनी ग्राम के बडाला का है। जहां गांव के भोले भाले लोगों को निमंत्रण में खाने का लालच देकर धर्मांतरण की कोशिश की गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बजरंग दल ने पहुंचकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

# वंदे भारत स्लीपर का 'किराया' तय



**किराया मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर तय किया गया**

### पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

देश की पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के आखिर में करेंगे। रेल मंत्री वैष्णव ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि वंदे भारत स्लीपर में 3-एसी का किराया लगभग 2,300, 2-एसी का लगभग 3,000 और 1-एसी का लगभग 3,600 रुपए होगा, जिसमें खाना भी शामिल होगा। किराया मध्यम वर्ग को ▶▶ शेष पेज 4 पर

### थर्ड एसी और फर्स्ट एसी के बीच किराए में बहुत ज्यादा अंतर नहीं

**नई दिल्ली।** देश की पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन के चलने का ऐलान हो गया है। यह ट्रेन इसी महीने असम से पश्चिम बंगाल के बीच चलाई जाएगी। गुवाहाटी से कोलकाता के बीच चलने वाली पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में थर्ड एसी और फर्स्ट एसी के बीच किराए में बहुत ज्यादा अंतर नहीं होगा। अभी कई ट्रेनों में दोनों कोच में ▶▶ शेष पेज 4 पर

## नर्मदापुरम में मां की मौत का बदला लिया

# दोस्त का पहले सिर कुचला फिर आग लगाई, चार आरोपी गिरफ्तार

**हत्या की वजह जादू-टोने का शक बताया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम के जावली गांव में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। दोस्तों ने युवक को शराब पार्टी के बहाने बुलाकर मौत के घाट उतार दिया। पहले पत्थर से सिर कुचला, फिर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। हत्या की वजह जादू-टोने का शक बताई जा रही है। मुख्य आरोपी को शक था कि युवक की मां ने जादू-टोना करके उसकी मां को मारा है, जिसका बदला लेने के लिए उसने मर्डर की प्लानिंग की। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, इनमें दो नाबालिग (17) हैं। वारदात 23 दिसंबर की है। मुख्य आरोपी सुशील नागवंशी ने पूरी प्लानिंग के तहत अपने दोस्त चंदन नागवंशी (21) को शराब पार्टी का लालच दिया। सुशील, साहिल और दो नाबालिग दोस्त को बाइक पर बिठाकर जावली से करीब 40 किलोमीटर दूर मिडघाट के घने जंगल में ले गए। रास्ते में उन्होंने माखननगर रोड स्थित शराब दुकान से बियर और शराब की बोतलें भी खरीदीं। जंगल में पहुंचने के बाद पांचों ने शराब पी। जब चंदन पूरी तरह नशे में धुत हो गया, तो सुशील और उसके साथी ने एक भारी पत्थर से उसका सिर कुचल दिया। चंदन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हत्या के बाद आरोपियों ने शव की पहचान मिटाने की कोशिश की। वे 50 रुपए का पेट्रोल लेकर आए और चंदन के शव पर छिड़ककर आग लगा दी। ▶▶ शेष पेज 4 पर

## नए लेबर कोड से गिग वर्कर्स को बड़ी राहत, न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित

# गिग वर्कर्स से भी केंद्र सरकार ने मांगा... फीडबैक, चारों लेबर कोड को 1 अप्रैल से पूरे देश में लागू किया जाएगा

**गिग कर्मचारी का किसी एक प्लेटफॉर्म से कम से कम 90 दिनों तक जुड़ा होना जरूरी होगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए लेबर कोड के लागू होने से गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को बड़ा लाभ मिलने वाला है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने चारों लेबर कोड से जुड़े ड्राफ्ट नियम जारी कर दिए हैं, जिनके तहत गिग वर्कर्स को न्यूनतम वेतन, स्वास्थ्य, व्यावसायिक सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसे अधिकार मिलेंगे।

सरकार ने इन ड्राफ्ट नियमों पर सभी हितधारकों से फीडबैक मांगा है। उद्देश्य है कि चारों लेबर कोड को एक अप्रैल से पूरे देश में लागू किया जाए। यह जानकारी गिग वर्कर्स की प्रस्तावित हड़ताल से एक दिन पहले 30 दिसंबर, 2025 को जारी नोटिफिकेशन में दी गई। ड्राफ्ट नियमों के अनुसार सामाजिक सुरक्षा का लाभ पाने के लिए किसी ▶▶ शेष पेज 4 पर




फाइल फोटो

### न्यूनतम मजदूरी की ऐसे होगी गणना

न्यूनतम मजदूरी को लेकर ड्राफ्ट में कहा गया है कि जब एक दिन की मजदूरी तय की जाएगी, तो उसे आठ से विभाजित कर प्रति घंटे की मजदूरी और 26 से गुणा कर मासिक मजदूरी तय की जाएगी। न्यूनतम मजदूरी निर्धारित करते समय केंद्र सरकार भौगोलिक क्षेत्र, अनुभव और कौशल स्तर-अकुशल, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सभी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा कवरेज मिलेगा

सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों सहित सभी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा कवरेज मिलेगा। इसके अंतर्गत पीएफ, ईएसआईसी, बीमा और अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ शामिल होंगे, जबकि पहले यह कवरेज सीमित था। इसी तरह, मजदूरी संहिता, 2019 के तहत सभी श्रमिकों को वैधानिक न्यूनतम ▶▶ शेष पेज 4 पर

# मुख्यमंत्री ने जबलपुर में किया प्रदेश के दूसरे गीता भवन का लोकार्पण

## 50 करोड़ रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद संपूर्ण भारत में सांस्कृतिक अभ्युदय का वातावरण बना है। राज्य सरकार ने विरासत के संरक्षण के साथ विकास को गति प्रदान करने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य गीता भवन बनाने का संकल्प लिया है। प्रदेश का पहला गीता भवन इंदौर में लोकार्पित हो चुका है। इसी क्रम में जबलपुर को भी गीता भवन की सौगात मिली है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को जबलपुर में गीता भवन के लोकार्पण एवं 50 करोड़ रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के माध्यम से शिक्षा नीतिः 2020 में अनेक महत्वपूर्ण बदलाव करवाए। यह सौभाग्य का विषय है कि मप्र सरकार ने देश में सबसे पहले इसे लागू किया। हमने अपने पवित्र ग्रंथ गीता और रामायण के प्रसंगों को स्कूली पाठ्यक्रमों में भी स्थान दिया है।

**गीता और रामायण के प्रसंगों को स्कूली पाठ्यक्रमों में स्थान दिया: सीएम**



गीता भवन का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### विद्यार्थियों को भगवत गीता ग्रंथ का वितरण किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऋषि जाबाली की पावन भूमि जबलपुर को आज भगवान श्रीराम की रामायण के अंतर्राष्ट्रीय आयोजन और भगवान श्रीकृष्ण की पवित्र गीता के नाम पर तैयार हुए गीता भवन की अनुपम सौगात मिल रही है। भारत में चारों दिशाओं में श्रीराम और श्रीकृष्ण ने अपने पराक्रम से लीलाएं कीं। मुख्यमंत्री ने कई योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ एवं 5 विद्यार्थियों को भगवत गीता ग्रंथ का वितरण भी किया। इन विकास कार्यों में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में जीर्णोद्धार कार्य और सड़क विकास के कार्य शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री ने योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ किए वितरित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मृत्युलोक में प्रत्येक मनुष्य का जीवन नियत है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के उपदेश में रिश्तों की उलझनों को दूर करते हुए अर्जुन को कर्मवाद का सिद्धांत समझाया। गीता की महिमा ऐसी है कि हमारे मन का अंधकार दूर हो जाता है। स्वयं कष्ट उठाते हुए कैसे संसार की सेवा करें, यह संदेश हमें गीता के माध्यम से मिलता है। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन में उनका लालन-पालन करने वालीं यशोदा मैया और नंद बाबा की भूमिका भी महत्वपूर्ण थी। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह सहित जनप्रतिनिधि, संत-महंत एवं स्थानीयजन उपस्थित थे।

**सर्वसुविधायुक्त वाचनालय एवं ई-लाइब्रेरी की व्यवस्था**

**भवन में 5 हजार से अधिक धार्मिक, साहित्यिक पुस्तकें उपलब्ध**



योजना की हितग्राही महिला को चेक प्रदान करते सीएम डॉ. मोहन।

### अध्ययन करने वालों को गीता भवन में मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

*जबलपुर नगर निगम की ओर से विकसित गीता भवन आधुनिक एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। भवन में सर्वसुविधायुक्त वाचनालय एवं ई-लाइब्रेरी की व्यवस्था की गई है। गीता भवन में 5 हजार से अधिक धार्मिक, ऐतिहासिक, साहित्यिक एवं सामाजिक पुस्तकों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त 900 व्यक्तियों की क्षमता वाला अत्याधुनिक वातानुकूलित ऑडिटोरियम, विचार-मंथन कक्ष सहित अन्य आवश्यक एवं आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं, जो इसे अध्ययन, शोध, संवाद एवं वैचारिक विमर्श का एक महत्वपूर्ण केन्द्र बनाती हैं।*


## खबर संक्षेप

### अब थर्ड जेंडर बन सकेंगे पुलिस सब इंस्पेक्टर-सूबेदार

**भोपाल।** मप्र में थर्ड जेंडर अब सब-इंस्पेक्टर और सूबेदार भी बन सकेंगे। इस संबंध में राज्य शासन ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इससे पहले यह व्यवस्था 2025 में आरक्षक भर्ती परीक्षा में लागू की गई थी। अब सब इंस्पेक्टर और सूबेदार में भी इस वर्ग को भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने का मौका दी गया है। इसके लिए इन्हें अपने जिले के कलेक्टर से जेंडर सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य होगा। नोटिफिकेशन के अनुसार, थर्ड जेंडर उम्मीदवारों का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा, जिसके आधार पर कलेक्टर यह प्रमाणित करेंगे कि संबंधित अभ्यर्थी का मूल लिंग पुरुष है या महिला। इसी प्रमाण पत्र के आधार पर उन्हें आगे की भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। जेंडर सर्टिफिकेट मिलने के बाद ही ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। लिखित परीक्षा में सफल होने वाले थर्ड जेंडर उम्मीदवारों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा के मापदंड भी इसी प्रमाण पत्र के अनुरूप तय किए गए हैं।

### वर्मा को बर्खास्त करने भेजे 10 हजार पोस्टकार्ड

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सवर्ण अधिकारी-कर्मचारी संघर्ष मोर्चा ने फर्जी आईएएस संतोष वर्मा को बर्खास्त कर एफआईआर दर्ज करके गिरफ्तार करने की मांग के समर्थन में 15 दिन में पूरे प्रदेश से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम 10 हजार पोस्टकार्ड भेजे है। पोस्टकार्ड अभियान का कर्मचारी नेता सुधीर नायक, उमाशंकर तिवारी, श्याम सुंदर शर्मा, अनुज शर्मा, मयूर उपाध्याय, अनूप शर्मा, सुनील पाठक आदि ने समर्थन किया है। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि सरकार पिछले लंबे समय से संतोष वर्मा के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। दिल्ली भेजे गए प्रस्ताव पर भी अभी तक करवाई नहीं हुई है। सवर्ण अधिकारी कर्मचारी संघर्ष मोर्चा संतोष वर्मा को बर्खास्त करने एवं गिरफ्तार करने की मांग को लेकर पिछले 15 दिन से पोस्टकार्ड अभियान चला रहा है। अभियान पूरे एक माह चलाया जाएगा। उसके बाद भी यदि सरकार द्वारा मांग मंजूर नहीं की गई तो प्रदेश स्त्ररीय जन जागरण आंदोलन शुरू किया जाएगा।



## सीएम डॉ. यादव ने महापौर, संभागायुक्त, कलेक्टर और ननि कमिश्नरों की बैठक ली

# जलापूर्ति की शिकायतें इमरजेंसी कैटेगरी में शामिल, 48 घंटे में निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में भागीरथपुरा में दूषित जल प्रदाय से हुई घटना को लेकर मुख्यमंत्री निवास से शुक्रवार रात वीडियो कॉन्फ्रेंस से प्रदेश के सभी नगर पालिक निगम के महापौर के साथ-साथ संभागायुक्त, कलेक्टर और कमिश्नर नगर निगम के साथ बैठक में नागरिकों को साफ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि सघन आबादी अथवा 20 वर्ष से अधिक पुरानी, बार-बार लीकेज, नालियों, सीवर पाइपलाइन के समीप अथवा नीचे से गुजरने वाली पाइपलाइन का चिन्हांकन का किया जाए। चिन्हांकन में पाए गए रिसाव की 48 घंटे के भीतर मरम्मत सुनिश्चित करें। जल शोधन संयंत्र तथा टंकियां की साफ-सफाई का 7 दिनों के अंदर निरीक्षण, जल शोधन संयंत्रों, जल स्त्रोतों तथा टंकियों पर तत्काल जल नमूना परीक्षण किया जाए। प्रदूषण पाए जाने पर तत्काल जल आपूर्ति रोकी जाए एवं वैकल्पिक सुरक्षित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। क्लोरिनेशन सिस्टम की 24x7 निगरानी की जाए। पाइपलाइन लीकेज डिटेक्शन के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। जल आपूर्ति की शिकायतों को इमरजेंसी श्रेणी में रखा जाए। लीकेज-दूषित जल शिकायतों का 24 से 48 घंटों में अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए। सीएम हेल्पलाइन में गंदा-दूषित पेयजल तथा सीवेज से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

### खाचरौद में बनेगा संयुक्त तहसील कार्यालय और जनपद पंचायत का नया भवन

**मुख्यमंत्री ने खाचरौद में 78.61 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन**



खाचरौद में विकास कार्यों का लोकार्पण करते सीएम डॉ. यादव।

#### 5 करोड़ की लागत से बनेगा फोरलेन हाईवे

*मुख्यमंत्री ने कहा कि नागदा से खाचरौद से जावरा से उज्जैन होते हुए करीब 5 हजार करोड़ रुपए की लागत से नया फोरलेन हाई-वे बनाया जा रहा है। इससे पूरे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। पार्वती-कालीसिंध-चंबल राष्ट्रीय नदी लिंक परियोजना से मालवा-निमाड़ और चंबल का पूरा क्षेत्र भरपूर सिंचाई की स्थायी सुविधा से लाभान्वित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले 5 सालों में हम प्रदेश की सिंचाई क्षमता बढ़ाकर 100 लाख हेक्टेयर कृषि रकबे तक पहुंचा देंगे।*

#### खाचरौद को विकास कार्यों की सौगात दी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को उज्जैन जिले के खाचरौद में विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने यहां 78 करोड़ 61 लाख रुपए की लागत वाले पूर्ण एवं प्रस्तावित 39 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसमें 48 करोड़ 51 लाख रुपए की लागत के 16 कार्यों का लोकार्पण एवं 30 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत वाले 23 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

### नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय भवन, नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खाचरौद में 35 करोड़ 40 लाख की लागत से नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय भवन, 11 करोड़ 30 लाख की लागत से नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण सहित अन्य कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय प्रदेश में शिक्षा मुख्यमंत्री ने कहा कि खाचरौद के नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण में किसानों की सुविधा के लिए कृषक विश्राम भवन, भोजनालय, पानी की टंकी एवं प्याऊ भी बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने खाचरौद में 9 करोड़ 10 लाख रुपए लागत से बनने वाले संयुक्त तहसील कार्यालय के नवीन भवन, 5 करोड़ 25 लाख लागत से बनने वाले जनपद पंचायत भवन एवं 6 करोड़ 91 लाख रुपए की लागत से स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम-2.0) सहित अन्य प्रस्तावित कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

#### खाचरौद में बनेगा फूड प्रोसेसिंग पार्क

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्र में बहुतायत से होने वाली हरी मटर को देश-विदेश तक पहुंचाने और अन्य सभी फसलों को भी मार्केट लिंकेज दिलाने के लिए खाचरौद में फूड प्रोसेसिंग पार्क बनाने और खिलाड़ियों के लिए नया स्टेडियम बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि खाचरौद से रतलाम को डायरेक्ट फोर लेन से जोड़ा जाएगा, जिससे खाचरौद को भी इन्दौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन एरिया की सीधी पहुंच मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि गेहूं की खरीदी पर हम किसानों को 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दे रहे हैं। किसानों को ऊर्जादाता बनाएंगे। प्रदेश के 32 लाख किसानों को सोलर पम्प उपलब्ध कराएंगे। हर साल 10 लाख किसानों को सोलर पम्प देंगे।

## हाईकोर्ट के आदेश पर पंजीयन विभाग ने किया बदलाव

# भौंरी में बढ़ाए 300 फीसदी रेट, 9 महीने बाद दो करोड़ रुपए घटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल 2025 में भौरी क्षेत्र में खेती की जमीन के दाम तीन सौ फीसदी बढ़ाने के बाद यहां जमीनों की खरीद-फरोख्त गिर गई थी।

जिसके बाद किसानों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाकर रेट कम करने की गुहार लगाई। हाईकोर्ट के आदेश के बाद पंजीयन विभाग ने भौरी में बढ़ी हुई कलेक्टर गाइडलाइन को 5 करोड़ 60 लाख प्रति हेक्टेयर से घटाकर 3 करोड़ 60 लाख प्रति हेक्टेयर कर दिया है। इस बदलाव से भौंरी क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। कोर्ट ने आईजी पंजीयन को यहां बदलाव करने के लिए 90 दिन का समय दिया था। भोपाल के अधिवक्ता पारस पंजवानी ने एक किसान ने याचिका में जबलपुर हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जिसमें बताया गया कि फरवरी 2025 में जारी अधिसूचना के माध्यम से आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए गए थे, जिसके तहत याचिकाकर्ता द्वारा समय पर अभ्यावेदन पेश किया गया था, लेकिन उस पर कोई विचार नहीं किया गया।

### जमीनों की खरीद-फरोख्त बढ़ेगी

पंजीयन विभाग ने भौरी में कलेक्टर गाइडलाइन को 300 फीसदी तक बढ़ा दिया था। जिसकी वजह से यहां पर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री का काम प्रभावित हो गया था। मामले की सुनवाई के बाद माननीय उच्च न्यायालय ने 1 जुलाई 2025 को आदेश पारित करते हुए महानिरीक्षक पंजीयन एवं जिला पंजीयक भोपाल को आपत्तियों पर विचार कर उचित आदेश पारित करने के निर्देश दिए थे।

# एसआईआरः मतदान केंद्रों से गायब दो बीएलओ सस्पेंड, ढाई हजार वोटर्स का रिकार्ड किया अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का 23 दिसंबर को ड्राफ्ट रोल जारी होने के बाद से बीएलओ को मतदान केंद्रों पर बैठकर नए नाम जोड़ना और संशोधन करने के आवेदन लेने थे, लेकिन गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथ नंबर-295 और 96 के बीएलओ मतदान केंद्रों से गायब रहे, जिसके आधार पर लोक शिक्षण संस्थान में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 रविंद्र कुमार डीकाते और आईटीआई में सहायक प्रशिक्षण अधिकारी मीनू बाला रील को सस्पेंड कर दिया गया है। इनकी जगह पर दूसरे बीएलओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण-पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर का काम जारी है। जिसके तहत जिले में नो मैपिंग वाले एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। इन मतदाताओं में से 3 हजार 752 मतदाताओं को नोटिस तामील कर दिए गए हैं, जिसमें से 2 हजार 508 मतदाताओं के दस्तावेज भी अपलोड हो गए हैं। नोटिस और सुनवाई का काम 14 जनवरी तक जारी रहेगा। अगर कोई मतदाता तय तारीख पर सुनवाई के लिए नहीं आएगा, तो उसे दूसरा मौका भी दिया जाएगा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि सभी विस के बीएलओ को मतदान केंद्रों पर बैठकर नए नाम जोड़ना और संशोधन के आवेदन लेना है। लापरवाही करने वाले बीएलओ पर कार्रवाई की जाएगी।



सुल्तानिया रोड पर बैठे बीएलओ।

### उत्तर विधानसभा में चल रहा तेज काम

नोटिस तामील करना और मतदाताओं के वेलिड दस्तावेजों को बीएलओ एप पर अपलोड करने के काम में उत्तर विधानसभा सबसे आगे चल रही है। यहां 10 हजार 80 मतदाताओं को नोटिस तामील किए जाने हैं, जिनमें से अब तक 1037 को नोटिस देकर 401 मतदाताओं के दस्तावेज भी अपलोड कर दिए गए हैं। सबसे स्लो काम मध्य में है, यहां अब तक मात्र 23 मतदाताओं के दस्तावेज अपलोड किए गए हैं, जबकि यहां दस हजार 88 मतदाताओं को नोटिस दिए जाने हैं।

## इंदौर में दूषित पानी से मौतों को लेकर छोटे तालाब में गंदे पानी के बीच नाव में बैठकर कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में दूषित पानी हुई मौतों को लेकर शुक्रवार को भोपाल युवा कांग्रेस ने अनूठा प्रदर्शन किया। अध्यक्ष अमित खत्री के नेतृत्व में छोटे तालाब में गंदे पानी के बीच नाव में सवार होकर विरोध किया और इंदौर नगर निगम और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को मौत का ज़िम्मेदार ठहराया। घंटे वाले मंत्री के पुतले को वही दूषित पानी पिलाया गया एवं उसी गंदे पानी में पुतले को डुबाया और उसमें शर्म से डूब मारो के नारे लगाए।

### पटवारी बोले- सत्ता का घमंड और भ्रष्टाचार मौतों का जिम्मेदार

**भोपाल।** इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इस घटना के पीछे सत्ता का घमंड और भ्रष्टाचार जिम्मेदार है और यह केवल हादसा नहीं, बल्कि हत्या के समान है। पटवारी ने कहा कि इंदौर में दूषित पानी से लोगों की जान जाना बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक लापरवाही और जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के बीच तालमेल की कमी ने इस त्रासदी को जन्म दिया।



## अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से मप्र के कौशल विकास को बनाएंगे सशक्तः टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा कि सिंगापुर की आईटीईईएस जैसी प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय संस्था का सहयोग प्रदेश के कौशल विकास इकोसिस्टम के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि यही संस्था भोपाल में स्थापित विश्वस्तरीय संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क की प्रमुख सहयोगी रही है और इस साझेदारी ने मप्र को अंतर्राष्ट्रीय स्किलिंग मानचित्र पर सशक्त पहचान दी है। मंत्री टेटवाल ने शुक्रवार को आईटीईईएस के भ्रमण के दौरान यह बात कही। मंत्री टेटवाल 2 से 7 जनवरी तक सिंगापुर भ्रमण पर हैं। टेटवाल ने कहा कि इस भ्रमण का उद्देश्य केवल संस्थागत अध्ययन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समझना है कि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप युवाओं को कैसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा एवं इंडस्ट्री के मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण दिया जाकर तैयार किया जाए। उन्होंने बताया कि सिंगापुर का स्किलिंग मॉडल उद्योग से सीधे जुड़ा हुआ है, जहां प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता और रोजगार के बीच स्पष्ट तालमेल दिखाई देता है। ऐसे अनुभव मध्यप्रदेश में कौशल प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होंगे।

## पीसीसी में पोस्टरबाजीः दिग्विजय को सूरज, निधि को बताया जुगनू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के समर्थकों ने शुक्रवार की सुबह प्रदेश कांग्रेस दफ्तर पर एक पोस्टर लगाया।

जिसमें पूर्व सांसद सत्यव्रत चतुर्वेदी की बेटी निधि चतुर्वेदी को जुगनू और दिग्जिवय सिंह को सूरज बताया है। दरअसल दिग्विजय ने सोशल मीडिया पर एक पुरानी तस्वीर साझा की थी, जिसमें नरेंद्र मोदी, लाल कृष्ण आडवाणी के पास जमीन पर बैठे हैं। इस ट्वीट के बाद निधि ने इसे दिग्विजय की अनुशासनहीनता करार देते हुए कांग्रेस नेतृत्व से दिग्विजय को निष्कासित करने की मांग की थी। अब दिग्विजय के समर्थकों ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर यह पोस्टर लगाया, जिसे बाद में हटा दिया गया।



### सौर ऊर्जा संयंत्रों में लगातार होगी वृद्धि

**भोपाल।** मप्र में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में किए जा रहे कार्यों से भविष्य में सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्ज मनु श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रदेश में बेहतर एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने शुक्रवार को मप्र ऊर्जा विकास निगम में हुई बैठक में यह बातें कही।

## ई-कैबिनेट एप्लीकेशन के बारे में दी गई सभी तरह की जानकारी

# मप्र में कैबिनेट की बैठक अब ई-कैबिनेट एप्लीकेशन के जरिए होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में कैबिनेट की बैठक अब ई-कैबिनेट एप्लीकेशन के जरिए होगी। संभवतः इस वर्ष की पहली बैठक भी उसी एप्लीकेशन के जरिए होगी। पहले जहां कैबिनेट की बैठक में मंत्रियों को खुद मौजूद रहना पड़ता था, अब यह जरूरी नहीं होगा। मंत्री जहां भी मौजूद रहेंगे, वहीं से कैबिनेट की बैठक में जुड़ जाएंगे।

वहीं से बड़े से बड़ा निर्णय कैबिनेट में ले लिया जाएगा। आज से ही इसकी तैयारी भी शुरू हो गई है। मंत्रालय में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों के विशेष सहायकों, विशेष कर्त्तव्य अधिकारी और निज सचिवों को ई-कैबिनेट एप्लीकेशन का प्रशिक्षण दिया गया। शीघ्र ही कैबिनेट बैठकें ई-कैबिनेट एप्लीकेशन पर आयोजित होंगी।

### मंत्रियों के स्टाफ को दिया प्रशिक्षण, दस्तावेजों की डिजिटल प्रस्तुति की जानकारी दी



प्रशिक्षण लेते अधिकारी।

बैठक में शामिल प्रतिभागियों को मुख्य सचिव कार्यालय के उपसचिव डीके नागेंद्र, एनआईसी के डायरेक्टर अमित जैन, रजिस्टार वल्लभ भवन मनोज श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में ई-कैबिनेट के एजेंडा की जरूरत के बारे में जानकारी दी गई। कैबिनेट से संबंधित सूचनाओं और दस्तावेजों के डिजिटल रूप में तत्काल, सुरक्षित, स्मार्ट और प्रभावी प्रस्तुति और ई-कैबिनेट में प्रयोग के साथ ही बैठक की तैयारी एवं समीक्षा में होने वाली आसानी को बताया गया। प्रशिक्षण में इस नवीन प्रणाली से समय के प्रबंधन और बचत के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि कैसे कागज रहित, सुरक्षित और आसानी से उपयोग होने वाला आधुनिक, डिजिटल इंटरफेस पूर्णतः गोपनीयता रखता है। इससे कभी भी कहीं भी बैठक की कार्य सूची को अपनी सुविधा अनुसार देखा जा सकता है। इस दौरान प्रतिभागियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान भी किया गया।

## वाल्व में जंग, पाइप लाइन में बंधे हैं ट्यूब, गंदे पानी में डूबी हैं लाइनें

### शुरू के 10 मिनट घरों में पहुंचता है बदबूदार और मटमैला पानी

# जब सिस्टम में ही पनप रहा हो संक्रमण तो लोगों के घरों में कैसे पहुंचे साफ पानी

महापौर बोलीं- शुद्ध जल मिल सके, इसके लिए पानी की जांच हो रही है, सैंपलिंग बढ़ा दी है

शंकर नगर, शिव नगर, छोला, करोंद से लगी कॉलोनियों सहित जहांगीराबाद, बैंक कॉलोनी, बाग फरहत अफ्जा जैसी घनी आबादी वाले इलाकों में दिक्कत

डीआईजी बंगला क्षेत्र इलाके में कोलार लाइन में आए दिन होता है लीकेज, नाली का गंदा पानी मिलने से हो जाता है जलभराव

निगम प्रशासन का तर्क- जल कार्य विभाग का मैदानी अमला पूरी तरह से अलर्ट, अधिकारी बनाए हुए हैं नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्राउंड रिपोर्ट

इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के बाद नगर निगम प्रशासन भले ही अलर्ट मोड पर है और आदेश-निर्देश दिए गए हों, लेकिन जमीनी स्तर पर सिस्टम में संक्रमण साफ नजर आ रहा है। गंदे पानी में कहीं वाल्व डूबे हुए हैं तो कहीं पानी की वे लाइनें जिनसे घरों में सीधे पानी पहुंच रहा है। जंग लगे पाइपों में गंदा पानी घरों में न पहुंचे इसके लिए ट्यूब के टुकड़े बांधे गए हैं। यह हालात हैं पुराने शहर के शंकर नगर, शिव नगर, छोला, करोंद, जहांगीराबाद, बैंक कॉलोनी, बाग फरहत अफजा जैसी बस्तियों में। जहां हरिभूमि की टीम ने शुक्रवार को जल प्रदाय व्यवस्था को देखा तो सिस्टम में कई खामियां मिलीं, लेकिन मैदानी अमला कहीं नजर नहीं आया।

शंकर नगर निवासी नंद किशोर ने बताया कि पाइप लाइनें सीवज के पानी में डूबी हैं। लाइनों में लीकेज हैं। सुबह जब जल प्रदाय होता है तो दस मिनट तक गंदा और बदबूदार पानी आता है। इसके बाद साफ होता है। यह समस्या लंबे समय से है। पूरी कॉलोनी में यही हालात रहते हैं। यहां वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को नए सिरे से मजबूत बनाने की जरूरत है। भोपाल ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा का कहना है कि सीवेज लाइन नहीं होने की वजह से यूनियन कार्बाइड के पीछे के मोहल्लों में लगातार लोग दूषित पानी पी रहे हैं। नगर निगम ने 2017 में सुप्रीम कोर्ट में 2017 में हलफनामा दायर करके बताया था कि उसी साल अमृत के माध्यम से इन क्षेत्रों में सीवेज लाइन बिछाई जाएगी, लेकिन यह काम अब तक नहीं हुआ।

### शहर के इन क्षेत्रों में भी हालात बदतर, नगर निगम कोई कदम नहीं उठा रहा



डीआईजी बंगला रोड पर भरा सीवेज का पानी, जिसकी नालियों के जरिए नलों में पहुंचने की आशंका बनी रहती है।

शिव नगर, कल्याण नगर, प्रेम नगर, डीआईजी बंगला क्षेत्र, करोंद से लगी कॉलोनियां, बाग फरहत अफजा, शाहजहांनाबाद, इतवारा, बुधवारा, मंगलवारा सहित पुराने शहर के अधिकांश इलाकों में पाइप लाइनें नाली, सीवेज के बीच से होकर गुजर रही हैं। इसकी रोकथाम के लिए नगर निगम कोई कदम नहीं उठा रहा है।



नवजीवन कॉलोनी में साफ देखा जा सकता है कि गंदी नाली और पीने के पानी की लाइन एक साथ है, जब भी नाली ओवरफ्लो होती है तो पानी की पाइप लाइन नाली में डूब जाती है।

## 24 कर्मचारियों की टीम ने शहरभर के अलग-अलग क्षेत्रों से पानी के 340 सैंपल लिए



नलों से पानी का सैंपल लेते निगम कर्मी।

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद नगर निगम भोपाल ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से पानी की सैंपलिंग बढा दी है। शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों से 340 पानी के लिए नमूने लिए। नगर निगम के 24 कर्मचारीयों के दल ने पानी के नमूनों का परीक्षण किया, जिसमें पानी के मापदंडों जैसे गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबीलिटी का परीक्षण किया गया। परीक्षण में पानी की गुणवत्ता उपयुक्त पाई गई।

### महापौर का तर्क- अफसरों को सख्त निर्देश

महापौर मालती राय का कहना है कि लोगों को शुद्ध जल मिले, इसके लिए हर घर जल की जांच की जा रही है। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। मैदानी अमला पूरी तरह से अलर्ट है।

## आयुक्त बोलीं- पूरी तरह से नगर निगम की टीम अलर्ट पर है

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने कहा कि जल कार्य और सीवेज विभाग को पूरी तरह से अलर्ट पर रखा गया है। कहीं कोई समस्या तो नहीं मैदानी अमला है इस पर नजर रखे हुए है। इसके साथ ही सभी अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।



बैंक कॉलोनी में पानी की लाइन नाली के पास से गुजरी है। उस पर चबूतरा बनाकर ढंकने का प्रयास किया गया है।

## आए दिन लीकेज, लेकिन ठोस समाधान अब तक नहीं

*डीआईजी बंगला क्षेत्र में अक्सर कोलार की लाइन में लीकेज होता है। पानी का जलभराव ऐसा होता है कि नाली ओवरफ्लो हो जाती है और रोड पर पानी भरता है। पानी सप्लाई के समय यही पानी लोगों के घरों में पहुंचता है। लीकेज को मैदानी अमला कभी दो दिन में सुधारता है तो कभी तीन दिन में, लेकिन इसका स्थायी समाधान नहीं हुआ। हरिभूमि की टीम शुक्रवार को जब डीआईजी बंगला क्षेत्र में पहुंची तो वहां लीकेज से जलभराव मिला।*



नवजीवन कॉलोनी में बदबूदार भरी हुई नाली से गुजरती पाइप लाइन।

### अधिकारियों की निगरानी में हो रही है सैंपलिंग

नगर निगम के अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ का कहना है कि शहर में पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं। पानी की समस्या को लेकर जो भी शिकायत मिलेगी उसका तत्काल निराकरण होगा।



पानी का सैंपल लेने के बाद केमिकल में मिलाकर उसकी मौके पर ही जांच की जा रही है ।

### प्रभारी अधीक्षण यंत्री का तर्क- रिप्लेस होंगी पाइप लाइनें

जल कार्य विभाग के प्रभारी अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि जिन इलाकों में सीवेज की लाइनें और पानी की लाइनें एक साथ होने से दिक्कतें हैं, उन्हें रिप्लेस किया जाएगा। जल्द ही ऐसे स्थान चिन्हित होंगे और काम शुरू होगा।

### फेसबुक पर दिखे लिंक के जरिए खाते से उड़े 2.40 लाख रुपए

# पेंशनर लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट कराने के नाम पर रिटायर्ड एएसआई से की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव शक्ति नगर में रहने वाले पुलिस विभाग के रिटायर्ड एएसआई से सायबर ठग ने 2 लाख 40 हजार 1 रुपए की ठगी कर ली। वे फेसबुक चला रहे थे, तभी उन्होंने पेज पर पीएनबी ऑनलाइन पेंशनर लाइफ सर्टिफिकेट नाम से लिंक देखी। लिंक ओपन करते ही एक फार्म खुला। फार्म में अकाउंट संबंधी जानकारी भरते ही उनके खाते से रुपए कट गए।

पुलिस के अनुसार ज्वालाप्रसाद पटेल (66) शिवशक्ति नगर, छोला में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 8 नवंबर 2025 को वे घर में थे और मोबाइल पर फेसबुक चला रहे थे। फेसबुक पर उन्हें पीएनबी पेंशनर लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट नाम से पोस्ट दिखी। उन्होंने लिंक खोली तो एक फार्म खुल गया। फार्म में उन्होंने नाम, जन्मतिथि व ई-मेल संबंधी जानकारी भरी। साथ ही मोबाइल नंबर डाला। 15 मिनट बाद उनके पास कॉल आया और वाट्सएप पर मेसेज पहुंचा। मैसेज में एक एपीके फाइल थी। इसे डाउनलोड करने को कहा गया। पटेल ने फाइल डाउनलोड की। लिंक खोलने पर पीएनबी लाइफ सर्टिफिकेट नाम ने फार्म खुला, जिसमें उन्होंने अपना अधार नंबर, मोबाइल नंबर भरा। उनके नंबर पर ओटीपी आया। अब तक पटेल को लगा कि यह बैंक की लिंक है, जबकि लिंक जालजाल द्वारा भेजी गई थी। बैंक की लिंक समझकर वह फार्म में एटीएम की जानकारी और पिन डाल चुके थे। जानकारी भरने के बाद उनसे फोटो अपलोड करने को कहा और पटेल ने फोटो भी अपलोड कर दी।

#### पहले निकले एक रुपए

अकाउंट संबंधी सभी जानकारी देने के बाद पटेल के अकाउंट से एक रुपया कटा थे। उन्हें कहा गया कि अभी आपके अकाउंट से एक रुपया कटा है, जो में 24 घंटे में क्रेडिट कर दिया जाएगा। कुछ ही देर बाद पटेल के अकाउंट में 7-8 ओटीपी पहुंच गए। इतने ओटीपी देख पटेल को संदेह हुआ। उन्होंने पीएनबी बैंक के हेल्प लाइन पर कॉल कर अपना अकाउंट फ्रीज करा दिया। उस समय खाते में 2 लाख 45 हजार रुपए थे। इसके बाद उनकी बात सायबर ठग से मोबाइल पर चलती रही। अगले दिन रविवार होने के कारण वे अपना अकाउंट एक्टिवेट नहीं करवा सके। 10 नवंबर को वह अकाउंट एक्टिवेट कराने नजदीकी ब्रांच पहुंचे। वहां आवेदन देकर अकाउंट एक्टिवेट करा लिया। अकाउंट एक्टिवेट कराने के बाद अगले ही दिन 11 नवंबर को उनके खाते से 2 लाख 40 हजार रुपए कट गए।

### पांडे बने उत्तर के एडीएम, नायक अब दक्षिण देखेंगे

**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जिले के चार अपर कलेक्टरों के काम में बदलाव किया है। जिसके तहत लंबे समय से उत्तर एडीएम का काम देख रहे अपर कलेक्टर प्रकाश नायक को दक्षिण का प्रभार सौंपा गया है। जबकि मुख्यालय अपर कलेक्टर को काम देखने वाले आईएएस सुमित कुमार पांडे को उत्तर एडीएम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इधर, दक्षिण इलाके का काम देख रहे अंकुर मेश्राम का काम अब अपर कलेक्टर प्रकाश नायक देखेंगे, जबकि मेश्राम को मुख्यालय-1 एडीएम का प्रभार दिया गया है।

एडीएम उत्तर का प्रभार मिलने के बाद पांडे को स्पेशल मेरिज एक्ट, नागरिकता, निर्वाचन सहित शस्त्र शाखा का काम देखना पड़ेगा। जबकि अपर कलेक्टर पीसी शाक्या को मुख्यालय-2 की कमान सौंपी गई है।




### स्टाफ की समझाइश के बाद मामला हुआ शांत

#### मुंबई एलटीटी-हरिद्वार जा रही स्पेशल ट्रेन दस घंटे की देरी से चली

# कोच में गंदगी व पानी नहीं होने से नाराज यात्रियों ने किया चलती ट्रेन में हंगामा

### रात 8 बजे आने वाली ट्रेन सुबह सवा छह बजे पहुंची भोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोच में गंदगी होने व पानी नहीं आने से ट्रेन में सफर कर रहे यात्री भड़क गए। यात्रियों ने चलती ट्रेन में जमकर हंगामा किया।

यह ट्रेन मुंबई एलटीटी-हरिद्वार जा रही थी, जो करीब दस घंटे की देरी से चली। टीटीई स्टाफ की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। वहीं इस मामले को लेकर रेलवे अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।



कोच के वॉश बेसिन में नहीं आ रहा था पानी।

*जानकारी के अनुसार 12171 मुंबई एलटीटी - हरिद्वार एसी एसएफ एक्सप्रेस भोपाल स्टेशन पर पहुंचने वाली थी। इसके पहले ही ट्रेन के कुछ कोचों में पानी खत्म होने व गंदगी को लेकर यात्रियों ने हंगामा कर दिया। यात्रियों के अनुसार बी-9 कोच के यात्रियों ने भोपाल स्टेशन पहुंचने से पहले ही हंगामा कर शुरू कर दिया। इसके बाद टीटीई स्टॉप की समझाइश व अगले स्टेशन पर पानी भरने की बात पर यात्री शांत हुए। यात्री कोच में सफर कर रहे यात्री आदिल खान ने बताया कि ट्रेन जब खंडवा स्टेशन के पास पहुंचने वाली थी। इस दौरान ट्रेन के टायलेट में काफी गंदगी व कोच में पानी नहीं आने से यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसको लेकर यात्रियों ने ट्रेन के स्टाफ को सूचित किया। लेकिन कर्मचारियों ने अगले स्टेशन पर साफ-सफाई करने व पानी भरने की बात कही। लेकिन इस बीच कुछ स्टेशन निकल गए। लेकिन पानी नहीं भरा गया। ट्रेन करीब दस घंटे की देरी से चल रही थी। इससे यात्री और नाराज हो गए और दोबारा हंगामा करने लगे। इस बीच टीटीई स्टॉफ ने यात्रियों से कहा खंडवा के बाद ट्रेन का स्टॉपेज भोपाल है। जहां पर पानी भरने के साथ साफ-सफाई कराई दी जाएगी। इस बीच कई स्टेशन गुजर रहे थे। लेकिन कोचों में पानी नहीं भरा गया। इससे यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेन का भोपाल पहुंचने का समय रात 8 बजे था। लेकिन यह ट्रेन सुबह सवा छह बजे पहुंची।*

#### एक्स पर शिकायत, तब कई स्टेशन बाद झांसी में भरा पानी

यात्रियों का आरोप था कि पहले स्टेशन से ही कोच गंदे थे। डस्टबिनों में कचरा भरा था। टायलेट में पानी नहीं आ रहा था। ट्रेन के दस घंटे की देरी से चलने की वजह से भोपाल पर पानी नहीं भरा गया। यात्रियों का कहना है कि इस मामले की शिकायत एक्स पर भी की। लेकिन घंटों तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद झांसी स्टेशन पर ट्रेन में पानी भरा गया। इसके पहले यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## जैकेट का शेष...

### लोग दूषित पानी....

याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि स्थानीय लोग अब भी साफ पानी से वंचित हैं। सैकड़ों परिवार पानी के लिए एक टैंकर पर निर्भर हैं। इस पर कोर्ट ने सवाल किया कि सिर्फ एक टैंकर से क्या होगा? और तत्काल अतिरिक्त पानी के टैंकर भेजने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि अगले 10 मिनट के भीतर अतिरिक्त टैंकर इलाके में पहुंचने चाहिए और उनके फोटो वकीलों के साथ साझा किए जाएं। अदालत ने यहां तक कहा कि कलेक्टर हों या एसडीएम, जिसे भी बुलाना पड़े, बुलाइए, लेकिन पानी के टैंकर हर हाल में पहुंचने चाहिए। तीन याचिकाओं की सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव को नोटिस जारी किए हैं। तीसरी याचिका पर अगली सुनवाई 19 जनवरी को होगी, जबकि पहली दो याचिकाओं पर 6 जनवरी को सुनवाई तय की गई है।

### जिंदगी की कीमत दो ...

को शर्मिंदा और कलंकित कर गईं। जिंदगी की कीमत दो लाख रुपए नहीं होती क्योंकि उनके परिजन जीवन भर दुःख में डूबे रहते हैं। इस पाप का घोर प्रायश्चित करना होगा, पीड़ितजनों से माफी मांगनी होगी। जो भी अपराधी हैं उन्हें अधिकतम दंड देना होगा। उन्होंने पूछा कि नेता-अफसर बिसलरी क्यों पीते रहे?

### राहुल बोले-इंदौर

बार-बार गंदे, बदबूदार पानी की शिकायत की, फिर भी सुनवाई क्यों नहीं हुई? सीवर पीने के पानी में कैसे मिला? समय रहते सप्लाई बंद क्यों नहीं हुई? जिम्मेदार अफसरों और नेताओं पर कार्रवाई कब होगी? ये 'फोकट' सवाल नहीं- ये जवाबदेही की मांग है।

### इंदौर नगर निगम...

10 एंबुलेंस तैनात की गई। अस्पतालों में निःशुल्क उपचार के लिए बेड्स चिन्हांकित किए गए। विशेषज्ञ टीम को मौके पर भेजा गया।

### विश्व शक्ति की...

वैभव पर लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश संपूर्ण समाज के योगदान से ही बड़ा होता है। नेता, नीति और व्यवस्था, ये सब तब सहायक होते हैं जब समाज गुण सम्पन्न होता है। भारत का युवा जाग गया है, वह अपने देश को समर्थ बनाना चाहता है। संघ युवाओं से आह्वान करता है कि वे संघ की शाखा में आएं या फिर संघ की योजना से चल रहे अपने रुचि के कार्य में जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि यदि हमें देश के लिए कुछ करना है तो इस मार्ग में हमें गुणों को धारण करना होगा और अहंकार एवं स्वार्थ छोड़ने होंगे। दुनिया में संघ ने ही एकमात्र ऐसी पद्धति दी है, जो अच्छी आदतें विकसित करती है। दुनिया में कहीं दूसरी पद्धति नहीं है व्यक्ति निर्माण की। उन्होंने कहा कि संघ की शाखा देशभक्ति सिखाती है। यदि इसका अनुभव लेना है और उद्देश्य को जीना है तो शाखा एकमात्र जगह है। यहां कोई बंधन नहीं है।

### हमें एआई को ...

निर्माण कर रहे हैं, जो समाज में सार्थक फैशन को बढ़ाएं। सुरक्षा और करियर को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि सुरक्षा की गारंटी कोई नहीं दे सकता। बिना चिंता जीवन जीएं। एआई के सवाल पर बोले कि हमें एआई को कंट्रोल करना है, न कि कंट्रोल होना है।

### संघ युवाओं को ...

के पीछे नहीं भागने की भावना कहीं दिखाई दे रही है, तो वह केवल संघ है। भारत में युवाओं को सामर्थ्यवान बनाने का काम केवल संघ कर रहा है।

### हम स्वामी विवेकानंद ....

100 वर्ष पूरे होने पर उत्सव नहीं मना रहा है, बल्कि डोर टू डोर मेन टू मेन और हार्ट टू हार्ट पहुंचने की कोशिश कर रहा है। मेरा भी क्या योगदान देश और संघ के लिए हो सकता है, इसके लिए प्रयास करें।

### जीआरपी जवान ...

(30) निवासी ब्यावरा की अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह अचेत होकर गिर पड़ा। हेड कॉन्स्टेबल पवन धुर्वे ने मौके पर ही सीपीआर देना शुरू किया। कुछ देर तक लगातार सीपीआर देने के बाद यात्री को होश आने लगा। एसपी द्वारा आरक्षक को सम्मानित करने विभाग को पत्र लिखा गया है।

### नायब तहसीलदार ...

है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। नायब तहसीलदार के रीडर राजेश गीते का वीडियो सामने आने के बाद आला अफसरों ने मामले को गंभीरता से लिया। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने तत्काल प्रभाव से राजेश गीते को निलंबित कर दिया है।

### खड़े ट्रक में पीछे से ...

जानकारी के अनुसार परमानंद का पत्नी व बच्चों को लेकर ससुराल जा रहा था।

### बांग्लादेशी खिलाड़ियों ...

में मौका न देने की मांग की है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक भारत सरकार की तरफ से आईपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ियों को न खिलाए जाने संबंधी कोई निर्देश नहीं मिला है।

### फैसला कई संगठनों ...

भी कीमत पर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल में खेलने नहीं देंगे। उन्होंने शाहरुख खान पर भी गंभीर आरोप लगाए, जिससे विवाद और ज्यादा भड़क गया।

### बांग्लादेशी क्रिकेटर...

खान को यह याद रखना चाहिए कि उन्हें यह पहचान भारतीय जनता ने दी है। वहीं, धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि मुस्तफिजुर फैसला बीसीसीआई करेगी।

## पेज एक का शेष....

### पचमढ़ी में पारा ....

बन सकते हैं। शुक्रवार को रात के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और ग्वालियर में पारा 10 डिग्री से ऊपर रहा। प्रदेश में सिर्फ पचमढ़ी, शिवपुरी, टीकमगढ़, राजगढ़, रीवा और नौगांव ही ऐसे रहे, जहां तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा।

### भगवान श्रीराम-श्रीकृष्ण...

ऐतिहासिक आधार के कारण भारत विश्व गुरु की संज्ञा प्राप्त करता रहा है। उन्होंने कहा कि रामायण काल में महर्षि विश्वामित्र श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ ले गए और संतों के यज्ञ में बाधा डालने वाले असुरों का अंत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपनी बुद्धि, पराक्रम के बल पर राजा जनक के दरबार में स्वयंवर जीता। भगवान श्रीराम ने निषादराज और शबरी माता के प्रसंगों से मित्रता एवं प्रेम का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि राम राज्य का स्मरण करने से जीवन में कठिन से कठिन समय दूर हो जाता है।

### प्रदेश में सुशासन और....

मंत्री शेखावत ने कहा कि तुलसीदास ने सरल भाषा में रामायण के माध्यम से भगवान श्रीराम के चरित्र से दुनिया को परिचित किया। हमारे युवा श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारें और रामायण के ब्रांड एंबेसडर बनें।

### अब हमारा नारा ...

कि रामायण को राष्ट्र ग्रंथ घोषित कर दिया जाए। रामायण में लिखा है कि भय बिन प्रीति नहीं होती है। अब हमारा नारा ओम शांति, शांति नहीं ओम क्रांति-क्रांति होना चाहिए।

### हकीकत : सरकार ने ...

पॉलिसी में बदलाव कर सकता है। लेकिन, ऐसी कोई भी बड़ी घोषणा हमेशा आधिकारिक तौर पर की जाती है। उसकी जानकारी सभी को दी जाती है। ऐसे में सोशल मीडिया पर उड़ने वाली हर खबर पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करना चाहिए।

### खरगोन में 150 ...

तोते जिंदा भी मिले थे, लेकिन फूड पॉइजनिंग का असर इतना गहरा था कि कुछ ही देर में उन्होंने भी दम तोड़ दिया। कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देश के बाद पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक जीएस सोलंकी नर्मदा नदी के पास बने एक्वाडक्ट पुल पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। सोलंकी ने कहा कि तोतों की मौत को लेकर विसरा जांच के लिए भोपाल और जबलपुर लैब भेजा है। विसरा रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण साफ होगा।

### बकरा-मटन खाने ...

विरोध प्रदर्शन किया। जिसके बाद ईसाई मिशनरी मौके से भाग गए। उनके पास से बाइबिल की पुस्तक भी मिली। कार्यक्रम में 100 से ज्यादा लोग शामिल थे। शाहपुर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सभी आरोपी बुरहानपुर जिले के ही निवासी हैं।

### पीएम मोदी करेंगे ....

ध्यान में रखकर तय किया गया है। किराया फ्लाइट की तुलना में भी काफी कम होगा। उन्होंने कहा कि ट्रेन अगले 15-20 दिनों में चलना शुरू हो जाएगी, शायद 18 जनवरी के आसपास, क्योंकि पीएम मोदी को अनुरोध भेजा गया है। गुवाहाटी और कोलकाता के बीच 16 कोच वाली ट्रेन की क्षमता 823 यात्रियों की है और इसकी डिजाइन स्पीड 180 किलोमीटर प्रति घंटा है।

### थर्ड एसी और ....

किराए में लगभग ढाई गुना का अंतर होता है, जबकि स्लीपर वंदे भारत ट्रेन में यह अंतर तकरीबन डेढ़ गुना के आसपास ही होने वाला है।

### दोस्त का पहले ...

सबूत नष्ट करने के लिए उन्होंने थोड़ी दूर पर चंदन की बाइक को भी आग के हवाले कर दिया। इसके बाद वे वापस गांव आ गए और सामान्य तरह से रहने लगे। एसपी सांई कृष्णा थोटा ने बताया कि पुलिस ने जब जांच शुरू की, तो गांव के लोगों ने चंदन को इन युवकों के साथ जाते हुए देखा था। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### गिग वर्कर्स से ....

गिग कर्मचारी का किसी एक प्लेटफॉर्म से कम से कम 90 दिनों तक जुड़ा होना जरूरी होगा। यदि कोई गिग कर्मचारी एक साथ दो प्लेटफॉर्म पर काम करता है, तो यह अवधि 120 दिन निर्धारित की गई है। यदि कोई कर्मचारी एक से अधिक एग्रीगेटरों से जुड़ा है, तो सभी प्लेटफॉर्म पर किए गए कार्य दिवसों को जोड़कर गणना की जाएगी।

### न्यूनतम मजदूरी की...

अर्धकुशल, कुशल और उच्च कुशल-जैसे कारकों को ध्यान में रखेगी। श्रम संहिताओं के तहत नियोक्ताओं के लिए सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र जारी करना अनिवार्य किया गया है।

### सभी श्रमिकों को ....

मजदूरी और समय पर भुगतान का अधिकार मिलेगा। पहले न्यूनतम मजदूरी केवल अनुसूचित उद्योगों और रोजगारों तक सीमित थी, जिससे श्रमिकों का बड़ा वर्ग इससे वंचित रह जाता था।


**न्यायालय नजूल अधिकारी तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.)**
स्थान- अनुविभागीय अधिकारी/नजूल अधिकारी कार्यालय डी मार्ट के पीछे कोलार रोड भोपाल
रा.प्र.क्र. 0223/अ-6/2025-26 ग्राम का नाम शाहपुरा तहसील कोलार, जिला भोपाल

**::: सार्वजनिक उद्घोषणा ::**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा वाईस प्रेसीडेंट श्री द्वारका प्रसाद नेमा पुत्र श्री खरगराम नेमा निवासी फ्लैट नंबर 304, रोज ब्लॉक, शालीमार टाउनशिप, एबी रोड, जिला-इंदौर (म.प्र.) द्वारा ग्राम शाहपुरा अरेरा कॉलोनी तहसील कोलार जिला-भोपाल (म.प्र.) स्थित भूखण्ड क्रमांक ई-2/47 क्षेत्रफल 6000 वर्गफुट नजूल भूखण्ड का ई-पंजीकृत विक्रय विलेख क्रमांक MP43IGR16952025A101145172 पंजीयन दिनांक 15.12.2025 के आधार पर क्रेता/आवेदक के पक्ष में नजूल पट्टा नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है. जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उपरोक्त नजूल भूमि का मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश, 2020 के अंतर्गत क्रेता/आवेदक के पक्ष में नजूल पट्टा नामांतरण किए जाने से किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अपनी दावा/आपत्ति न्यायालय नजूल अधिकारी, तहसील कोलार जिला-भोपाल (म.प्र.) स्थान-अनुविभागीय अधिकारी/नजूल अधिकारी कार्यालय डी मार्ट के पीछे कोलार रोड भोपाल में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के बाद किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 24.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**तहसील-कोलार जिला भोपाल**



**M.P. POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (EHT-MAINT.) Block. No. 3, 3rd Floor, Shakti Bhawan, Jabalpur - 482008

**TENDER NOTICE**

An online tender is invited for Replacement of rusted/deteriorated 1 no. tower each of 132kV Nagda – Grasim - Khachrod line and 132kV DCSS Nagda - Alot line (Total 02 no. towers) vide NIT no. CE(EHT-Maint.)/E-tender/MT-276/1302 dtd: 02.01.2026 (ID:_2026_MPPTC_472439_1). **Tender fee- 1770/-** and due date of opening of bid -03.02.2026 For Tender notice and details please visit **www.mptenders.gov.in** or **www.mptransco.in**
विद्युत की बचत कीजिये
M.P. Madhyam/123814/2026 **CHIEF ENGINEER (EHT-Maint.)**



**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**// आम सूचना //**

कटारा हिल्स हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड / भवन क्रमांक 521 सीनियर एल.आई.जी. मण्डल द्वारा श्रीमती राखी गुप्ता पत्नी श्री नन्दकिशोर गुप्ता के नाम पर भाड़ाक्रय हस्तान्तरण आदेश क्र. 2918-20 दिनांक 22/09/2011 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28/03/2012 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री दिनेश कुमार पटेल आत्मज स्व. श्री प्रेम नारायण पटेल के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 29/12/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री दिनेश कुमार पटेल आत्मज स्व. श्री प्रेम नारायण पटेल के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**प्रक्षेत्र-2, भोपाल**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर, भोपाल**

**// आम सूचना //**

हाउसिंग बोर्ड कालोनी कोहफिजा भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक बी-16 कोहेफिजा भोपाल को मण्डल द्वारा श्री मोहम्मद असलम आत्मज श्री मो. इसराईल एवं श्री मो. अकरम आत्मज श्री मोहम्मद इसराईल के नाम नामांतरित/आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय भोपाल में दिनांक 31.01.2000 को पंजीकृत है। आवंटी श्री मोहम्मद असलम का स्वर्गवास दिनांक 26.01.2025 को हो गया है उनकी पत्नी श्रीमती शमी असलम एवं उनके भाई मोहम्मद अकरम आत्मज श्री मोहम्मद इसराईल द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, अनापत्ति शपथ, शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**प्रक्षेत्र, भोपाल**



**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भोपाल मण्डल भोपाल पुराना सचिवालय भोपाल**

दूरभाष - 0755-2738774, E-Mail_ID - seresbhopal@mp.gov.in
क्रमांक 2650 // निविदा सूचना // दिनांक :- 29.12.2025

मण्डल अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | कार्यालय का नाम | सिस्टम टेण्डर नंबर | आमंत्रण का क्रम | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विकास आयुक्त कार्यालय | 2025_RES _471578_1 | प्रथम | विकास आयुक्त कार्यालय भोपाल में आऊटसोर्स के माध्यम से श्रमिक रखे जाने के कार्य की निविदा | 5000/- | 1,00,000.00 |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट), वेबसाईटः https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय प्रारंभ करने की तिथि 12.01.2026 समय 18:00 बजे है। निविदा (बिड) प्रपत्र प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक 02.02.2026 समय 17.00 बजे तक है। निविदाएं दिनांक 04.02.2026 को समय 17.00 बजे खोली जावेगी। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेब साईट पर देखी जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाएँ केवल वेबसाइट पर दी जावेगी। पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण यंत्री
G-23717/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता " ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भोपाल मण्डल भोपाल



**MUNICIPAL CORPORATION BHILAI**
E-Procurement Tender Notice, Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
J.P./N.P.N./309/376 Bhilai/Dated : 01.01.2026

Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form "F" for Contract from the contractors registered in unified registration (Single window) in force on Go CG e-Procurement System portal.

| Sr. No | Tender No | Name of work | Probable amount of contract | Earnest money | completion period | निविदा जारी दिनांक | निविदा डाऊनलोड की अंतिम दिनांक | Call |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 182756 | • Providing, laying, jointing, interconnection, testing &commissioning of Clear water pumping main including12 months trial run (DI K9 pipe Diameter - 300mm to 600mm of Total Length 2900m) • Design, Construction, water tightness Testing, Commissioning of 01 No. of Overhead Service Reservoirs of Capacity 1000 KL staging height 25 m including 12 months trial run. • Design & Construction of allied civil works such as Compound wall including Steel Main gates, Guard Rooms complete under BHILAI Municipal Corporation. • Dismantling 2 Nos Existing ESR of capacity 400 KL & Staging height 15 m | 641.04 lacs | 3.21 lacs | 12 month | 31/12/25 | 22/01/26 | First call |

**Note-** For other details visit Gov e-Procurement System portal website https://eproc.cgstate.gov.in 2 Corrigendum Amendment if any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/ only and it shall be part of tender document.3. For more details please download NIT details.
**Executive Engineer**



**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**
प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)
हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)
तृतीय तल, आई.एस.बी.टी. भवन, होशंगाबाद रोड, हबीबगंज, भोपाल-462023

क्र. 4611/एच.एफ.ए./2025 :: सार्वजनिक सूचना :: भोपाल, दिनांक 30/12/2025

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत गंगा नगर, मालीखेडी, रासलाखेडी, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर, बागमुगालिया, बागमुगालिया हिनोतिया आलम फेस-2 एवं 12 नं बस स्टॉप परियोजनाओ में शेष रिक्त आवासों (नॉन स्लम ई. डब्ल्यूएस) में "First Deposit, First Choice" प्रक्रियांतर्गत आवास हेतु पूर्ण राशि जमा करने वाले शेष हितग्राहियों को आवास चयन करने हेतु बैंक से प्राप्त जमा राशि की वरीयता के आधार पर अवसर दिया जाना है। अतः नॉन स्लम आवास हेतु पूर्ण राशि जमा करने वाले हितग्राहियों को सूचित किया जाता है. कि निम्न तालिकानुसार संबंधित परियोजना में नियत तिथि एवं समय अनुसार आवास चयन हेतु उपस्थित होना है-

| क्र | परियोजना का नाम | आवास चयन हेतु दिनांक | स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | गंगा नगर (नॉन स्लम ई.डब्ल्यू.एस.) | 05.01.2026 दोपहर 12.00 बजे | परियोजना स्थल |
| 2 | मालीखेडी (नॉन स्लम ई.डब्ल्यू.एस.) | 06.01.2026 दोपहर 12.00 बजे | परियोजना स्थल |
| 3 | रासलाखेडी (नॉन स्लम ई.डब्ल्यू.एस) | 06.01.2026 दोपहर 02.00 बजे | परियोजना स्थल |
| 4 | कोकता ट्रासंपोर्ट नगर (नॉन स्लम ई. डब्ल्यू .एस) | 07.01.2026 दोपहर 12.00 बजे | परियोजना स्थल |
| 5 | बागमुगालिया (नॉन स्लम ई.डब्ल्यू.एस.) | 07.01.2026 दोपहर 02.00 बजे | परियोजना स्थल |
| 6 | बागमुगालिया हिनोतिया आलम (नॉन स्लम ई.डब्ल्यू.एस) | 08.01.2026 दोपहर 12.00 बजे | परियोजना स्थल |
| 7 | 12 नं बस स्टॉप (नॉन स्लम ई. डब्ल्यू.एस) | 08.01.2026 दोपहर 02.00 बजे | परियोजना स्थल |

हितग्राहियों को बैंक से प्राप्त सूची के अनुसार प्राप्त वरीयता के आधार पर आवास चयन हेतु तालिका में उल्लेखित समय एवं स्थान पर उपस्थित होना अनिवार्य है। हितग्राही की अनुपस्थिति व विलम्ब से उपस्थिति होने के कारण वरीयता में अवसर खोने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं हितग्राही की होगी, इस संबंध में किसी प्रकार की दावा-आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। अतः हितग्राही आवास चयन प्रक्रिया हेतु निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

सू.क्र. 2911/025/026
जोनल अधिकारी (HFA)
नगर पालिक निगम भोपाल



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

**हरिभूमि क्लासीफाइड** संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473



**छोटा लिंग निराश क्यों?**
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 04/12/25 to 17/01/26

**हरिभूमि** समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

**प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर**
**साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड**
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

**हरिभूमि**
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

नये दागों का आना तुरन्त बंद



**सफेद दाग गारंटेड इलाज**
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 6097



**बाएँ से दाए-**
1.फिसलना-4
5.गुनाह,जुर्म-4
8.नाव चलानेवाला-3
9.लड़ी,श्रंखला -2
11.ईर्ष्या,डाह-3
12.उद्देश्य,वजह-4
14.भोजन-2
15.थकावट-3
17.जी,चित-2
19.मंत्र पढ़ना-2,3
22.राजपुत्र,राज कुंवर-2,3
25.यात्रा करनेवाला-2
26.समझौता,संधि-3
27.ईसाई साध्वी-2
28.मनमुटाव-4
30.नौकर-3
31.बदला-2
33.गर्भ,कोख-3
35.रुआफ-4
36.सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2.लम्हा,क्षण-2
3.नामित,मनोनीत-4
4.रनिवास,हरम-5
5.बुद्धि-3
6.गोंद,लाख-2
7.हृदयगति,स्पंदन- 4
10.विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13.शिक्षा,पाठ-3
16.कालिख,कालापन-3
17.इंकार,मनाही-2
18.झंडा,पताका-2
20.चौकसी, रखवाली-3
21.मोटा आटा, सूजी -2
22.निशा,रात-2
23.अच्छे कुल का-3
24.प्रस्थान,विदा-4
25.यान चलाने वाला-2,3
26.सुंदरी,षोडशी, कुमारी-4
28.प्रार्थना,मनोकामना-4
29.गरल,विष-3
32.ताला (अंग्रेजी-2)
34.पात्र,थापा,संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -6096 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ला | क | मा | न | ■ | ■ | क | मी | ज | ■ |
| रा | ल | ■ | न | ■ | श | प | थ | ■ | मा | मा |
| म | ■ | ■ | ध | नि | क | ■ | न | ■ | ■ | लि |
| दे | ह | दा | न | ■ | ■ | अ | ■ | ल | ल | क |
| ह | ■ | खि | ■ | बे | शु | मा | र | ■ | ह | ■ |
| ■ | सा | ल | ■ | ल | ■ | न | ■ | सु | र | ■ |
| ■ | हि | ■ | व | गा | व | त | ■ | र | ■ | हा |
| ज | ल | न | ■ | म | ■ | ■ | अ | भि | मा | नि |
| ग | ■ | ■ | चु | ■ | रा | ज | न | ■ | ■ | का |
| त | र | ■ | ना | ह | क | ■ | ब | ■ | चा | र |
| ■ | ब | हा | व | ■ | ■ | म | न | मो | ह | क |

## सूडोकु नवताल - 6107

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6106 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# सोने में 1,100 और चांदी में 4,000 रुपए की रही तेजी

## सोना बढ़कर 1.39 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर और चांदी 2,41,400 रुपए प्रति किलो पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में



सोने की कीमत 1,100 रुपये बढ़कर 1,39,440 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमत भी 4,000 रुपए बढ़कर 2,41,400 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 67.47 डॉलर या 1.56 प्रतिशत बढ़कर 4,392.94 डॉलर प्रति औंस हो गया। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस मामलों के प्रमुख, प्रवीण सिंह ने कहा कि हाजिर सोना एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त के साथ 4,390 डॉलर पर रहा। इस तेजी के पीछे कोई साफ वजह नहीं है, इसलिए इसका कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर कटौती की उम्मीदें और इस धातु के लिए सकारात्मक बाजार परिदृश्य हो सकता है। सिंह ने इस धातु के अल्प अवधि के परिदृश्य के बारे में कहा कि अगले सप्ताह जारी होने वाली आईएसएम विनिर्माण, आईएसएम गैर-विनिर्माण और गैर-फार्म पेरोल रिपोर्ट सहित जरूरी अमेरिकी रिपोर्ट जारी होने से पहले, सोने के 4,250-4,335 डॉलर प्रति औंस के बीच कारोबार करने की उम्मीद है। विदेशी कारोबार में हाजिर चांदी भी 3.06 डॉलर यानी 4.28 प्रतिशत बढ़कर 74.52 डॉलर प्रति औंस हो गया।


## कार्यालय नजूल अधिकारी, नजूल शहर वृत्त, भोपाल

क्रमांक / 3217 / रीडर/2025 भोपाल दिनांक 30/12/2025

प्रकरण क्रमांक-15/अ-20(3)/2025-26

:: इश्तहार ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक म.प्र. शासन श्रम विभाग द्वारा श्रम भवन निर्माण हेतु ग्राम शहर भोपाल (अरेरा हिल्स भोपाल) खसरा क्रमांक 959/1 रकबा 25.2080 हैक्ट. में से 0.6070 हैक्ट. भूमि का हस्तांतरण चाहा गया है।

उपरोक्त भूमि म.प्र. शासन श्रम विभाग को हस्तांतरण किये जाने संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / विभाग को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इश्तहार जारी होने की दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित हो कर समक्ष में प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि उपरांत आवेदन या आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी।

G-23724/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता " नजूल अधिकारी शहर वृत्त भोपाल

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग सीहोर (म.प्र)
### दुल्हा बादशाह रोड सीहोर फोन नं. 07562-222701

निविदा सूचना क्रमांक 17/2025-26 दिनांक 30.12.2025

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसारट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनुमानित राशि (रू लाख में) | इलेक्ट्रिानिक ईएमडी (RTGS / NEFT) एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑन लाईन ही प्रस्तुत किये जाये। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_471757_1 | सीहोर | सड़क कार्य | पी.बी.एम.सी. योजना के अंतर्गत मार्ग की मरम्मत (1) ईमलीखेडा टांकपुरा मार्ग लंबाई 4.40 कि.मी. (2) हरदौल बाबा मंदिर से माता मंदिर मार्ग लंबाई 0.85 कि.मी (3) बिलकिसगंज से नीबूखेड़ा व्हाया पाटनी सालीखेड़ा मार्ग लंबाई 4.50 कि.मी. (4) लसुड़िया परिहार बिजलोन मार्ग लंबाई 5.10 कि.मी. (5) हीरापुर से कुलासखुर्द मार्ग लंबाई 3.47 कि.मी. कुल लंबाई 18.32 कि.मी. | प्रथम कॉल | 387.95 | केवल ऑन-लाईन |
| 2 | 2025_PWDRB_471758_1 | सीहोर | सड़क कार्य | पी.बी.एम.सी. योजना के अंतर्गत मार्ग की मरम्मत (1) पाडलिया पहुँच मार्ग लंबाई 6.20 कि.मी. (2) सिद्धिकगंज ईलाही देहमत मार्ग लंबाई 5.00 कि.मी. (3) भाउखेडी बरखेड़ा कुर्मी विशनखेड़ी मार्ग लंबाई 7.20 कि.मी. कुल लंबाई 18.40 कि.मी. | प्रथम कॉल | 388.65 | केवल ऑन-लाईन |
| 3 | 2025_PWDRB_471761_1 | सीहोर | सड़क कार्य | पी.बी.एम.सी. योजना के अंतर्गत मार्ग की मरम्मत (1) मैना खामखेड़ा बैजनाथ से कुरावर मार्ग लंबाई 12.71 कि.मी. (2) अरोलिया से कुरावर मार्ग लंबाई 4.00 कि.मी. कुल लंबाई 16.71 कि.मी. | प्रथम कॉल | 352.97 | केवल ऑन-लाईन |
| 4 | 2025_PWDRB_471763_1 | सीहोर | सड़क कार्य | पी.बी.एम.सी. योजना के अंतर्गत मार्ग की मरम्मत (1) कजलास मुण्डला चौकी मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी. (2) मुरावर मार्ग से प्राचीन मंदिर मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. (3) कजलास से शीतला माता मंदिर मार्ग लंबाई 1.32 कि. मी. (4) जावर से छायन मैना मार्ग लंबाई 5.83 कि.मी. (5) सिकारपुर धामनखेड़ा मार्ग लंबाई 2.60 कि.मी कुल लंबाई 13.25 कि.मी. | प्रथम कॉल | 278.79 | केवल ऑन-लाईन |
| 5 | 2025_PWDRB_471764_1 | सीहोर | सड़क कार्य | विशेष मजबूतीकरण अंतर्गत भाउखेडी बरखेडा कुर्मी विशनखेड़ी मार्ग के ध्वस्त भाग का निर्माण कार्य लंबाई 1.00 कि.मी. | प्रथम कॉल | 134.47 | केवल ऑन-लाईन |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय (Document Download/Sale End Date) करने की अंतिम तिथि 16.01.2026 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.सं.सीहोर म.प्र.
07562-222701

G-23720/25 " स्वच्छता ही सेवा "

## म.प्र. वेयर हाउसिंग एण्ड लाजिस्टिक्स कार्पोरेशन
### शाखा :- नागदा
इंगोरिया रोड़, नागदा जिला उज्जैन (म.प्र.)
Email: mpwlenagda04@gmail.com

// अल्प अवधि कोटेशन विज्ञप्ति //

क्रमांक/मप्रवेलाका/2025-26/201 नागदा दिनांक : 01-01-2026

म.प्र. वेअर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन शाखा नागदा में मरम्मत कार्य के दौरान प्राप्त पुरानी सामग्री जैसे लोहा, सिमेन्ट के चद्दर, लोहे कि पत्ती, लोहे के पाइप, फरसीयां चेनलिंक फेंसिग इत्यादि का विक्रय कोटेशन की उच्चतम प्राप्त दर के आधार पर जहां है जैसी स्थिति में निगम द्वारा किया जाना हैं उक्त कार्य हेतु व्यक्ति / फर्म से मुहरबंद लिफाफे में निविदायें दिनांक 09.01.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक शाखा नागदा में प्राप्त की जावेगी एवं उसी दिनांक 09.01.2026 को अपरान्ह 1.00 बजे उपस्थित व्यक्ति / फर्म/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी। कोटेशन फार्म निगम के शाखा नागदा कार्यालय से दिनांक 08.01.2026 को समय शाम 5.00 बजे तक राशि रुपए (200+18%GST 36=236) नगद भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं। कोटेशन से संबंधित शर्तें / नियम निगम के स्थानीय कार्यालय म.प्र. वेअर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन शाखा नागदा मे कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

शाखा प्रबंधक
नागदा


## अडाणी ग्रीन ने गठित की नई इकाई एई5एल



**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) ने एक जनवरी 2026 को अपनी अनुषंगी अडाणी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग इलेवेन लिमिटेड की इकाई अडाणी इकोजेन फाइव लिमिटेड (एई5एल) का गठन किया है। यह सौर और पवन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से बिजली का उत्पादन करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एई5एल भारत में स्थापित की गई है और इसे एक जनवरी को अहमदाबाद स्थित कंपनी पंजीयक में पंजीकृत किया गया है।

## कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को 719 करोड़ रुपए का ऑर्डर




**नई दिल्ली।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड को 719 करोड़ रुपए का ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) ऑर्डर मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह ऑर्डर शहरी बुनियादी ढांचा कारोबार को महाराष्ट्र के ठाणे में एक एलिवेटेड मेट्रो रेल परियोजना के लिए मिला है। केपीआईएल ने कहा कि उसे लगभग 719 करोड़ रुपए के नए ऑर्डर मिले हैं। यह अभी 30 से ज्यादा देशों में परियोजनाओं पर काम कर रही है।


## भारतीय थल सेना
## JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER
www.joinindianarmy.nic.in

### अधिकारी प्रविष्टियां

1. निम्नलिखित कोर्सों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-
   (क) 67वाँ अल्पसेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स (महिला) अक्तूबर 2026 के लिए।
   (ख) 67वाँ अल्पसेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स (पुरुष) अक्तूबर 2026 के लिए।
2. ऑनलाइन आवेदन निम्नलिखित अवधि तक खुले रहेंगे:-
   (क) अल्पकालिक सेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स-महिला -06 जनवरी से 04 फरवरी 2026
   (ख) अल्पकालिक सेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स- पुरूष -07 जनवरी से 05 फरवरी 2026

### OFFICER ENTRIES

1. Applications are invited for the following courses:-
   (a) 67th Short Service Commission (Tech) Women Course Oct. 2026.
   (b) 67th Short Service Commission (Tech) Men Course Oct. 2026.
2. Online applications will open as under:-
   (a) SSC (Tech) Course - Women- 06 Jan to 04 Feb 2026
   (b) SSC (Tech) Course - Men- 07 Jan to 05 Feb 2026

**नोट:-**
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

**Notes:-**
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

CBC 10601/11/0064/2526

## केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय-1 पर्यावास भवन, भोपाल

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

### चल एवं अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित चल एवं अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **19.01.2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| **केनरा बैंक, कोहेफिजा शाखा, भोपाल फोन : 9993166500 e-mail id : cb2652@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0002652** | | | |
| ऋणी- **श्रीमती सईदा खातून** पत्नि श्री संजय कुमार यादव सहबाध्यकारी/ऋणी/बंधककर्ता श्री संजय कुमार यादव पुत्र श्री गोपाल राम यादव श्री अशोक कुमार मेहता पुत्र श्री मदनलाल मेहता | ₹ 3,63,422.85 + दिनांक 24.08.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | फ्लैट स्थित नर्मदा ब्लॉक क्रमांक 3 चतुर्थ तल प्लॉट क्रमांक 10, सेक्टर-डी, इंडस रियलिटी, औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप, वार्ड क्रमांक 13, गोहरगंज रायसेन क्षेत्रफल- 450 वर्गफीट चर्तुसीमाएं: पूर्वः नर्मदा ब्लॉक 03, चतुर्थ तल-04, पश्चिमः नर्मदा ब्लॉक 03, चतुर्थ तल-02, उत्तरः नर्मदा ब्लॉक 02, चतुर्थ तल-07, दक्षिणः कॉरिडोर | ₹ 6,48,000/- / ₹ 64,800/- / ₹ 10000/- |
| ऋणी/बंधककर्ता: **श्री गोरखनाथ साहेबराव अहेर पुत्र साहेबराव** | दिनांक 18.03.2024 को ₹ 14,03,222.45/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित रिहायशी प्लॉट नंबर 157, 'रॉयल पाक' ग्राम नीलबड़, (भौरी) पटवारी हल्का नं. 35, आर.एन. मंडल 04, भूतल हुजूर भोपाल, क्षेत्रफल 1018 वर्गमीटर अर्थात 94.61 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- श्री गोरखनाथ साहेबराव अहेर पुत्र श्री साहेबराव चर्तुसीमाएं: पूर्वः प्लॉट नंबर 158, पश्चिमः प्लॉट नंबर 156, उत्तरः कॉलोनी रोड, दक्षिणः अन्य भूमि | ₹ 12,73,000/- / ₹ 1,27,300/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक मंडीदीप शाखा, फोन : (Ph. No 9575560444) e-mail id : cb4594@canarabank.com Collection A/c for EMD : A/c No 209272434, IFSC Code: CNRB0004594** | | | |
| ऋणी : **सीमा ठाकुर** पत्नि सुरेश ठाकुर जमानतदार- सुरेन्द्र सिंह चौहान पुत्र श्री पर्वत सिंह चौहान | ₹ 8,13,756.43 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | 2 बी.एच.के. फ्लैट नं. एम.-7, चतुर्थ तल प्लाट नं. 55, 56, 57, 58, 59, 60, 61 एवं 62, खसरा नं. 473/1/2/1 का भाग, वैष्णौ एवेन्यु, उद्योगपुरी कालोनी, दाहोद रोड, वार्ड नं. 17, मण्डीदीप, तहसील- गौहरगंज, जिला-रायसेन एरिया 500 वर्गफिट (46.46 वर्गमीटर) संपत्ति मालिक- श्रीमती सीमा ठाकुर पत्नि श्री सुरेश ठाकुर चर्तुसीमाएं- उत्तर- फ्लैट नं. एम-6, दक्षिण- फ्लैट नं. एम-8, पूर्व- 30 फिट रोड, पश्चिम- कॉमन कारिडोर | ₹ 5,60,000/- / ₹ 56,000/- / ₹ 10000/- |
| ऋणी: **श्री मंजीत सिंह पुत्र हरनाम सिंह** | ₹ 11,58,506.86 + दिनांक 30.11.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट नं. 403, चतुर्थ तल, प्लॉट नं. 6, खसरा नं. 454/1/2/1/1, किंग्स पैराडाइज, बेतवा कॉलोनी, मंडीदीप म.प्र.- 462046 मालिक- श्री मंजीत सिंह पुत्र श्री हरनाम सिंह कुल क्षेत्रफल 45 वर्गमीटर। चर्तुसीमाएं: पूर्वः अन्य भूमि, पश्चिमः सामान्य क्षेत्र, उत्तरः फ्लैट नं.402, दक्षिणः फ्लैट नं. 404 | ₹ 8,15,000/ / ₹ 81,500/ / ₹ 10000/- |
| ऋणी- **श्री कुलदीप कुमार तिवारी** पुत्र श्री सालिगराम तिवारी सहऋणी- **श्रीमती लक्ष्मी तिवारी** पत्नि श्री कुलदीप कुमार तिवारी | दिनांक 04.07.2024 को ₹ 12,56,149.12/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट नं. 603, शिवाली ब्लॉक, छठवीं मंजिल, ''किंग पार्क सिटी, पिपल्या गज्जू, मण्डीदीप तहसील गौहरगंज, जिला-रायसेन (म.प्र.) 462046 संपत्ति मालिक- श्री कुलदीप कुमार तिवारी पुत्र श्री सालिगराम तिवारी पिलिन्थ एरिया 430.40 वर्गफिट (40 वर्गमीटर) चर्तुसीमाएं- पूर्व- फ्लैट नं. 602, पश्चिम- फ्लैट नं 604,उत्तर- कॉमन एरिया, दक्षिण- रोड, | ₹ 8,80,000/- / ₹ 88,000/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक बीएचईएल शाखा, भोपाल फोन (Ph. No 919836556510) e-mail id : cb2544@canarabank.com Collection A/c for EMD : A/c No 209272434, IFSC Code: CNRB0002544** | | | |
| ऋणी-**मेसर्स नारायण फैशन** प्रोपराइटर- श्री नारायण प्रसाद बथारी पुत्र जानकी प्रसाद बथारी | दिनांक 30.03.2021 को ₹ 8,47,895.32/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | मकान नं. एल.आई.जी. 810, जी-सेक्टर अयोध्या नगर, तह. हुजूर जिला-भोपाल-462011, कुल क्षेत्रफल-38.70 वर्गमीटर अथवा 416.41 वर्गफिट बिल्टअप क्षेत्रफल- 25.61 वर्गमीटर अथवा 275.56 वर्गफिट संपत्ति मालिक- नारायण प्रसाद बथारी चर्तुसीमाएं- उत्तर- रोड, दक्षिण- मकान नं. 795, पूर्व- मकान नं. 809, पश्चिम- मकान नं. 811 | ₹ 11,20,000/- / ₹ 1,12,000/- / ₹ 10000/- |
| ऋणी एवं बंधककर्ता- **श्री लीला किशन** सहऋणी एवं बंधककर्ता: श्रीमती सुलोचना बाई पत्नि श्री लीला किशन | ₹ 357523.17/- + दिनांक 30.12.2024 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी फ्लैट नं. एस-2, क्षेत्रफल- 280 वर्गफिट द्वितीय तल, आशुतोष परिसर, खसरा नं. 468/1, 469,471/8/3, 468/1/8/3, 468/1/8/1, 468/1/8/4, का भाग, शिवलोक कालोनी, फेस-3, खजूरी कलां, भोपाल (म.प्र.) चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 79, उत्तर- फ्लैट नं. एस-03, दक्षिण- फ्लैट नं. एस-01 | ₹ 7,65,000/- / ₹ 76,500/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, टी.टी. नगर शाखा, भोपाल (Ph. No. 919005199549) e-mail id : cb5443@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0005443** | | | |
| ऋणी- **श्री नरेन्द्र प्रजापति** वास्ते श्री खिल्लन सिंह | ₹ 1519556/- +दि. 25.04.2023 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट क्रमांक 401 टाइप एमआईजी तल चतुर्थ वैष्णव क्लासिक सर्वे क्रमांक 1/1/2 क और 1/1/2 ख, वार्ड क्रमांक 56 तहसील हुजूर जिला भोपाल चर्तुसीमाएं: पूर्वः खुला, पश्चिमः फ्लैट क्रमांक 410, उत्तरः खुला, दक्षिणः फ्लैट क्रमांक 402 | ₹ 14,05,000/- / ₹ 1,40,500/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, बाबड़िया कलां शाखा, भोपाल (Ph. No 9934670351) e-mail id : cb5101@canarabank.com EMD Deposit A/c No 209272434 IFSC Code: CNRB0004594,** | | | |
| ऋणी- **मेसर्स आराध्या सेल्स** प्रोपराइटर - श्री संदीप कुमार पुत्र श्री सुधीर कुमार | ₹ 606851.50 + दिनांक 19.05.2021 से ब्याज एवं खर्चे | रिहायशी प्लाट नं. 159, आस्था विहार, हिनोतिया जागीर, पटवारी हल्का 10/8, आर.एन.एम.-01, विकास खंड फन्दा, तहसील- हुजूर, जिला-भोपाल क्षेत्रफल- 74.34 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- उत्तर- प्लाट नं. 158, दक्षिण- प्लाट नं. 160, पूर्व- प्लाट नं. 166, पश्चिम- कालोनी रोड | ₹ 3,20,000/- / ₹ 32,000/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक रायसेन रोड शाखा, भोपाल फोनः 919729373175, e-mail id : cb5276@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC Code: CNRB0005276** | | | |
| ऋणी- **श्री हरिओम प्रसाद मालवीय पुत्र भागीरथ प्रसाद मालवीय** | दिनांक 07.04.2021 को ₹ 7,91,017/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | आवासीय फ्लैट संख्या ई-7/13, चतुर्थ तल, ब्लॉक ई-7, 'महर्षि पतंजलि योजना फेस-1, ग्राम-गोदरमऊ, आशाराम बापू चौराहा के पास, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल प्लिंथ क्षेत्रफलः 384.35 वर्गफीट; कारपेट क्षेत्रफलः 345.92 वर्गफीट, संपत्ति मालिक- श्री हरिओम प्रसाद मालवीय चर्तुसीमाएं: पूर्वः फ्लैट संख्या ई-7/14, पश्चिमः गली और ब्लॉक संख्या ई-4,उत्तरः फ्लैट संख्या ई-7/16,दक्षिणः ब्लॉक संख्या ई-6 | ₹ 3,90,000/- / ₹ 39,000/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक एयरपोर्ट रोड-1 शाखा, भोपाल फोन : 9670499021 e-mail id : cb3298@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC Code: CNRB0003298** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ता- **श्री राजकुमार रजक पुत्र श्री गणेश राम रजक** जमानतदारः **श्री प्रदीप अवस्थी पुत्र श्री बी.जी. अवस्थी** | दि. 10.09.2024 को ₹ 1,86,000/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी प्लॉट/मकान नंबर बी-243, 'प्रिंस विहार' ग्राम रासलाखेड़ी, प.ह.नं. 13, आर.एन.एम.-01, भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600.00 वर्गफीट। चर्तुसीमाएं- पूर्वः कॉलोनी रोड, पश्चिमः प्लॉट/मकान नंबर बी-173, उत्तरः कॉलोनी रोड, दक्षिणः अन्य की भूमि | ₹ 4,40,000/- / ₹ 44,000/- / ₹ 10000/- |
| ऋणी- **श्री ब्रजेश पुत्र श्री मूलचंद दांगी** | ₹ 24,57,831.00/- +दि. 15.05.2025 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग डायवर्टेड भूमि खसरा नं. 8/2/2 स्थित ग्राम- बुढ़ाखेड़ा, प.ह.नं. 55/15, आर.एन. मंडल-01, तहसील श्यामपुर जिला- सीहोर, चर्तुसीमाएँ: पूर्वः ज्ञान सिंह की भूमि, पश्चिमः कच्ची सड़क, उत्तरः प्रभुलाल, हिम्मत सिंह की भूमि, दक्षिणः लक्ष्मण सिंह की भूमि | ₹ 7,25,000/- / ₹ 72,500/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, बैरसिया रोड शाखा, भोपाल (Ph. No 9860341394 ) e-mail id : cb0360@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC Code: CNRB0000360** | | | |
| ऋणी-**श्रीमती अनारी बाई पत्नि श्री हल्कू राम** जमानतदार-श्रीमती लीलाबाई पत्नि श्री लालाराम | ₹ 8,75,080.00 दिनांक 27.11.2016 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी फ्लैट नं. टी.एफ. 35, तृतीय तल, रायल सिटी पार्क, कौशल्या, ब्लाक-बी, ग्राम-मंडीदीप, वार्ड नं. 17, तहसील गौहरगंज, जिला- रायसेन संपत्ति मालिक - श्रीमती अनारी बाई पत्नि श्री हल्कूराम पिलिन्थ एरिया- 690 वर्गफिट, कारपेट एरिया- 621 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- पूर्व- कालोनी रोड, पश्चिम- कॉमन कॉरिडोर उत्तर-फ्लैट नं. टीएफ-36, दक्षिण- फ्लैट नं. टीएफ-34 | ₹ 5,68,000/- / ₹ 56,800/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक बरेली शाखा, बरेली ( Ph. No 8172873155 ) e-mail id : cb6124@canarabank.com EMD Deposit A/c No 209272434 IFSC Code: CNRB0006124** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ता- **श्री वीरेन्द्र कुमार घूरे** पुत्र श्री धम्मूलाल घूरे | ₹ 412399.00/- + दिनांक 21.11.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति स्थित प.ह.नं. 30/21, खसरा नं. 224/64/16/0001, वार्ड नं. 01, शक्ति नगर वार्ड, भूतड़ा कालोनी, बरेली तहसील जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल- 450 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- पूर्व- विक्रेता की जमीन, पश्चिम- 15 फिट कालोनी रोड, उत्तर- ज्योति साहू का प्लाट, दक्षिण- विक्रेता की जमीन | ₹ 4,09,000/- / ₹ 40,900/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक सांची शाखा : सांची फोन : 9630440445, e-mail id :- cb1183@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0001183** | | | |
| ऋणी/बंधककर्ता: **श्री रतन सिंह लोधी पुत्र दशरथ सिंह लोधी** | ₹ 3767000/- + दिनांक 30.08.2024 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित पी.सी. नं. 19, सर्वे नं. 506, क्षेत्रफल- 2230 वर्गफिट, मकान प्लाट स्थित ग्राम- चांदना, तहसील एवं जिला रायसेन (म.प्र.) चर्तुसीमाएं: पूर्व- रतन सिंह की भूमि, पश्चिम- लखपत सिंह की भूमि, उत्तर- रतन सिंह की भूमि, दक्षिण- रणजीत सिंह की भूमि | ₹ 10,60,000/- / ₹ 1,06,000- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक सांची शाखा : सांची फोन : 9630440445, e-mail id :- cb1183@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0001183** | | | |
| ऋणी : **बद्री सिंह सेन** पुत्र श्री राम सिंह जमानतदार-दातार सिंह पुत्र भगवान सिंह | ₹ 11,89,120/- +दि. 30.12.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित पी.सी. नं. 8, खसरा नं. 125/2, क्षेत्रफल- 1500 वर्गफिट ग्राम- राताटीला में स्थित प्लाट पर मकान, तहसील एवं जिला-रायसेन चर्तुसीमाएं- उत्तर- फूल सिंह सेन का मकान, दक्षिण- शादीलाल मेहरा की भूमि, पूर्व- रूप सिंह की भूमि, पश्चिम-15 फिट चौड़ी रोड | ₹ 7,00,000/- / ₹ 70,000/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, गंजबासौदा शाखा (Ph. No. 7827580002) e-mail id : cb5676@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0005676** | | | |
| ऋणी- **श्री राजकुमार** पुत्र बने सिंह जमानतदारः **श्री बहादुर सिंह** पत्नि श्री मान सिंह | ₹ 572043.71 +दि. 30.12.2020 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति प्लाट एवं भवन स्थित ग्राम राजोदा पीएच. नं. 44 सर्वे नं. 317, तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा (म.प्र.) क्षेत्रफल 750.00 वर्गफीट चर्तुसीमाएं: पूर्वः विक्रेता की भूमि, पश्चिमः बहादुर सिंह की भूमि, उत्तरः 15 फीट चौड़ी गली, दक्षिणः विक्रेता की भूमि | ₹ 4,30,000/- / ₹ 43,000/- / ₹ 10000/- |
| ऋणी-**श्रीमती मालती बाई** पत्नि श्री शैतान सिंह सहऋणी- **श्री शैतान सिंह** पुत्र श्री श्री छोटेलाल | ₹ 548775.00 +दि. 30.12.2021 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति स्थित आवासीय प्लॉट क्रमांक 18 सर्वे क्रमांक 180 पी. एच. नंबर 44. ग्राम राजोदा, तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा 464221 क्षेत्रफल 2000.00 वर्गफीट चर्तुसीमाएं: पूर्वः भूमि, पश्चिमः गली नंबर 20 फीट, उत्तरः राधेश्याम गौड़ का प्लॉट, दक्षिणः भूमि | ₹ 12,30,000/- / ₹ 1,23,000/- / ₹ 10000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 19-01-2026, सुबह 11.30 बजे तक या उससे पूर्व
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 19-01-2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

E-Auction login Website: M/s PSB Alliance (Ebkray) Helpdesk No. 8291220220 Email : support.ebkray@psballiance.com, Website : https://BAANKNET.com

नीलामी की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट https://www.canarabank.com में "E-Auction" की लिंक देखें अथवा उपरोक्त वर्णित संबंधित शाखाओं के प्रबंधक अथवा प्राधिकृत अधिकारी अथवा केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय -1, वसूली विभाग फोन : 7081160770, email id: recrobpl@canarabank.com से कार्यालयीन समय एवं कार्यालयीन दिवस में संपर्क करें।

स्थान : भोपाल दिनांकः 02-01-2026 प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## चिंतन

# खुद को संभाले अमेरिका भारत को नसीहत नहीं दे

दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद जेएनयू के पूर्व छात्र और एक्टिविस्ट उमर खालिद को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी की ओर से खालिद के समर्थन में पत्र लिखे जाने के बाद अब अमेरिका के आठ सांसदों ने भी उसका समर्थन करते हुए भारत सरकार से अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार निष्पक्ष ट्रायल दिलाने की अपील की है। यह पत्र अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा को भेजा गया है। इस पत्र का नेतृत्व हाउस रूल्स कमेटी के रैंकिंग मेंबर और टॉम लैंटोस ह्यूमन राइट्स कमीशन के सह-अध्यक्ष जिम मैकगवर्न ने किया है। वे मैसाचुसेट्स के दूसरे संसदीय क्षेत्र से डेमोक्रेट सांसद भी हैं। उनके साथ 7 अन्य सांसदों ने भी इस पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कहा गया है कि खालिद को यूएपीए के तहत 5 साल से बिना जमानत के हिरासत में रखा गया है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। उसकी तुरंत रिहाई सुनिश्चत की जाए और मामले में निष्पक्ष सुनवाई की जाए। बताया जा रहा है कि जिम मैकगवर्न और अन्य सांसदों ने दिसंबर की शुरुआत में उमर खालिद के माता-पिता से मुलाकात की थी। इसके बाद उन्होंने भारत सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप की अपील की है। अमेरिकी सांसदों ने खालिद की गिरफ्तारी को धार्मिक स्वतंत्रता से जोड़ा। खालिद का मामला भड़काऊ भाषण और सांप्रदायिक हिंसा से जुड़ा है, इसलिए इस मामले में अमेरिका भारत को नसीहत न दे और खुद को संभाले। देखा जाए तो भारत में अमेरिका की बजाय कानून काफी लचीला है, भारतीय कानून में कॉमन लॉ, प्रथागत कानून और धार्मिक कानून का मिश्रण है, वहीं अमेरिकी कानून मुख्य रूप से अंग्रेजी कॉमन लॉ पर आधारित है। अमेरिका में राष्ट्रपति राष्ट्राध्यक्ष और सरकार का प्रमुख होता है, जबकि भारत में राष्ट्रपति राष्ट्राध्यक्ष और प्रधानमंत्री सरकार का प्रमुख होता है। भारत का कहना है कि खालिद को फरवरी 2020 के भाषणों के माध्यम से सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और यह एक कानूनी मामला है। इसमें भारतीय कानून के हिसाब से काम चलेगा। अमेरिका को पहले अपने घर को संभालना चाहिए, फिर दूसरों को नसीहत देने की सोचनी चाहिए। भारत एक स्वतंत्र देश है और उसमें अपनी समस्याओं का समाधान खुद निकालने की क्षमता है। अमेरिका को अपने देश में मानवाधिकारों की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए, जैसे कि नस्लवाद, बंदूक हिंसा और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी। भारत को अपनी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए अमेरिका की नसीहत की जरूरत नहीं है। भारत अपनी नीतियों और निर्णयों के लिए स्वतंत्र है और हमेशा अपने देश के हितों को प्राथमिकता दी है और आगे भी देता रहेगा। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णयों से वैसे भी अमेरिका की छवि विश्वस्तर पर प्रभावित हुई है। इससे पहले ममदानी ने खालिद को लेकर लिखा था, 'मैं अक्सर आपकी कड़वाहट को लेकर कही गई बातों को याद करता हूं और यह सोचता हूं कि उसे खुद पर हावी नहीं होने देना कितना जरूरी है।' बता दें कि हाल ही में दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने उमर खालिद को बहन की शादी में शामिल होने के लिए अस्थायी रूप से 16 दिसंबर से 29 दिसंबर तक अंतरिम जमानत दी थी। खालिद पर दिल्ली दंगों की साजिश मामले में यूएपीए के तहत चार्जशीट दाखिल की गई है। उसकी नियमित जमानत याचिका फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।



**दूषित पेयजल**
प्रमोद भार्गव

# स्वच्छता की चादर से ढंकी गंदगी

> भागीरथपुरा में नर्मदा नदी से पाइप लाइन के जरिए आने वाले जल में शौचालय का दूषित जल शुद्ध पेयजल में लंबे समय से मिलता रहा। बस्ती के लोग इस पानी को यह मानकर पीते रहे कि नगर निगम द्वारा पिलाया जाने वाला जल शुद्धता के मानकों पर खरा होगा ही। धरती के नीचे बह रहा सीवर का मल नर्मदा के जल में पाइप लाइन फूट जाने से घुलता रहा। लोगों को जब पानी में गंदगी का अहसास हुआ तो शिकायत भी की गई जब 15 लोगों की मौत हो गई और 1000 के करीब लोग अस्पतालों में भर्ती हो गए, तब प्रशासन जागा और स्थल की खुदाई की। तब कहीं जाकर पता चला कि सीवर और पेयजल की लाइनें फूट जाने से नर्मदा जल में गंदगी डेढ़ वर्ष से विलय हो रही थी।

इंदौर मध्य प्रदेश ही नहीं देश के स्वच्छतम शहरों की श्रेणी में रहा है, लेकिन अब इसकी सच्चाई ने उजागर कर दिया कि इस महानगर की गंदगी को स्वच्छता की चादर से ढक दिया गया था, जिससे इंदौर को देशव्यापी स्वच्छता का खिताब मिलता रहे। किंतु अब दूषित पेयजल से हुईं 15 मौतों ने झूठ से पर्दा उठा दिया है। स्वच्छता के कथित मानकों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, लेकिन इन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर हम अपने नागरिकों को शुद्ध पेयजल पिलाने में क्यों असफल सिद्ध हो रहे हैं।

मानव शरीर के लिए शुद्ध पेयजल पहली जरूरत है, क्योंकि हम बिना भोजन के तो जीवित रह सकते हैं, लेकिन जल के बिना जीवन कतई संभव नहीं है। मानव शरीर में 70 प्रतिशत जल की उपलब्धता है। भागीरथपुरा में नर्मदा नदी से पाइप लाइन के जरिए आने वाले जल में शौचालय का दूषित जल शुद्ध पेयजल में लंबे समय से मिलता रहा। बस्ती के लोग इस पानी को यह मानकर पीते रहे कि नगर निगम द्वारा पिलाया जाने वाला जल शुद्धता के मानकों पर खरा होगा ही। धरती के नीचे बह रहा सीवर का मल नर्मदा के जल में पाइप लाइन फूट जाने से घुलता रहा। लोगों को जब पानी में गंदगी का अहसास हुआ तो शिकायत भी की गई, लेकिन निगम और जिला प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। जब 15 लोगों की मौत हो गई और 1000 के करीब लोग अस्पतालों में भर्ती हो गए, तब प्रशासन जागा और नागरिकों द्वारा बताए स्थल की खुदाई की। तब कहीं जाकर पता चला कि सीवर और पेयजल की लाइनें फूट जाने से नर्मदा जल में गंदगी डेढ़ वर्ष से विलय हो रही थी। इस कारण लोगों की प्रतिरोधात्मक क्षमता घटती गई और बीमारी एवं मौत कहर बनकर टूट पड़े। अब कुछ कर्मचारियों को निलंबित करके प्रशासन मामले को ठंडा करना चाहता है, लेकिन निलंबन कोई सजा नहीं है। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर के इसी निर्वासन क्षेत्र से निर्वाचित हैं और पेयजल की आपूर्ति करने वाला विभाग भी उन्हीं के अधीन है। अतएव जब जिम्मेदार मंत्री से इस जानलेवा लापरवाही से जुड़े सवाल किए गए तो उन्होंने बौखलाकर आपा खो दिया और बोले, ये सब फोकट के सवाल हैं, इन्हें मत पूछिए। यह उनकी संवेदनहीनता दर्शाने वाला उत्तर था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद जब उनकी थू-थू हुई तो उन्होंने खेद जताकर मुक्ति पा ली। साफ है कि भाजपा सरकार के मंत्री इस हद तक मद में चूर हो गए हैं कि अब उन्हें अपने उत्तरदायित्वों का उचित ख्याल तक नहीं रहता। यदि रहता तो कैलाश विजयवर्गीय को एहसास होता कि इस तरह की लापरवाही का उपचार महज सरकारी खानापूर्ति न होकर सजगता के साथ समस्या का हल खोजना था। इस दूषित पेयजल कांड के चलते इंदौर नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव तो इतने विचलित हुए कि जब अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने उनके निर्देश को महत्व नहीं दिया तो उन्होंने यहां तक कह दिया कि अधिकारी सुनते नहीं हैं, इसलिए ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था में काम करना मुझ जैसे व्यक्ति के लिए संभव नहीं है, अधिकारी बातचीत करने तक को तैयार नहीं हैं।

इस संदेश को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दीजिए। भार्गव कलेक्टर शिवम वर्मा पर भी नाराज हुए। दरअसल,



भार्गव ने मौतों का सिलसिला शुरू होने से पहले कलेक्टर को कहा था कि भागीरथपुरा से उल्टी-दस्त की शिकायत आ रही हैं। शुद्ध पानी की कमी शरीर में ऐसी बीमारियों को पैदा करने का सबब बनता है कि समय पर उपचार नहीं हुआ तो मौत निश्चित है।

इस दूषित जल के कारण उल्टी-दस्त, डायरिया, टाइफाइड और हेपेटाइटिस भी जैसी बीमारियां पेट में जन्म ले लेती हैं। यही हश्र भागीरथपुरा में रहने वाले लोगों का हुआ। यदि इंदौर को लगातार कई साल तक स्वच्छता के तमगे नहीं मिले हो तो शायद इन मौतों की देश-परदेश के मीडिया में चर्चा भी नहीं हुई होती? लेकिन कार्यपालिका और विधायिका तमगों के लिए किस तरह से गंदगी पर चादर बिछाती है, यह हकीकत इंदौर में हुई इन मौतों ने सामने ला दी है। हालांकि, यहां पानी का टैंकर सुविधा के लिए भेजा जा रहा है, लेकिन इसका पानी उपयोग करने में भी लोग डर रहे हैं। वह आरओ का पानी मंगवाकर पी रहे हैं। दरअसल नागरिकों को शुद्ध पानी पिलाने के दावे चाहे जितने किए जाएं, ये हकीकत से बहुत दूर है। इसीलिए भारत में जल जनित बीमारियों की बहुलता पूरे साल बनी रहती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया के पौने दो अरब लोग दूषित पानी पीने के लिए अभिशप्त हैं। इस कारण दुनियाभर में हर साल पचास लाख से ज्यादा लोग दूषित पानी पीकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर देते हैं। मध्यप्रदेश में ज्यादातर नगरीय निकायों की हालात बहुत खराब है। कोई भी निकाय यह दावा नहीं कर सकता कि वह शुद्ध पानी पिला रहा है। ज्यादातर नगरीय निकायों में पानी की मानकों के अनुसार जांच ही नहीं होती है। यह लापरवाही तब से और ज्यादा बरती जाने लगी हैं, जब से आरओ और बोतलबंद पानी की सुविधा सक्षम लोगों के लिए उपलब्ध हो गई है। मध्यप्रदेश में बारहमासी नदियां होने के कारण पानी की कोई कमी नहीं है। पानी बरसता भी खूब है। इन्हीं नदियों पर बने बांधों से ज्यादातर नगरों में पेयजल प्रदाय किया जाता है, लेकिन हम अपने इस प्राकृतिक वरदान को तात्कालिक लाभ के चलते अभिशाप में बदलने में लगे हुए हैं। औद्योगिक क्षेत्र की अर्थ दोहन की ऐसी ही लापरवाहियों के चलते मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र में लगे स्टील संयंत्र रोजाना करीब 60 टन दूषित मलवा नदियों में बहा कर उन्हें जहरीला तो बना ही रहे हैं, मनुष्य-मवेशी व अन्य जलीय जीव-जन्तुओं के लिए जानलेवा भी साबित बना रहे हैं। दरअसल इन स्टील संयंत्रों में लोह के तार व चद्दरों को जंग से छुटकारा दिलाने के लिए 32 प्रतिशत सान्द्रता वाले हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का इस्तेमाल किया जाता है। तारों और चद्दरों को तेजाब से भरी बड़ी-बड़ी हौदियों में जब तक बार-बार डुबोया जाता है, तब तक ये जंग से मुक्त नहीं हो जातीं ?

बाद में बेकार हो चुके तेजाब को मलबा की चामला नदी से जुड़े नालों में बहा दिया जाता है। इस कारण नदी का पानी लाल होकर प्रदूषित हो जाता है, जो जीव-जंतुओं को हानि तो पहुंचाता ही है, यदि इस जल का उपयोग सिंचाई के लिए किया जाता है तो यह जल फसलों को भी पर्याप्त नुकसान पहुंचाता है। पूरे मध्यप्रदेश में इस तरह की पंद्रह औद्योगिक इकाइयां हैं। अकेले मालवा क्षेत्र और इंदौर के आसपास ऐसी दस इकाइयां हैं, जो खराब तेजाब आजू-बाजू की नदियों में बहा रही हैं। ये छोटी नदी और नाले आगे जाकर नर्मदा में विलय होते हैं। साफ है, नर्मदा के जल को दूषित करने के एक नहीं अनेक कारण हैं, जिनके समाधान प्रदेश की सरकार पिछले 20 साल से नहीं खोज पाई है।

( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
बाल मुकुन्द ओझा



# बॉडी रहेगी फिट तो माइंड भी रहेगा हिट

इंटरनेशनल माइंड बॉडी वेलनेस डे यानि अंतरराष्ट्रीय मन-शरीर कल्याण दिवस हर साल 3 जनवरी को दुनियाभर में मनाया जाता है। आज की भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल में शरीर और मन के बीच सामंजस्य स्थापित करना काफी कठिन हो गया है। ऐसे में ये दिन स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण एक है। इस दिन का इतिहास मशहूर ज्ञानी हिप्पोक्रेट्स से जुड़ा हुआ है। हिप्पोक्रेट्स को प्राकृतिक चिकित्सा के संस्थापक का दर्जा दिया गया है और उनकी की गई खोज आज भी दुनियाभर में मौजूद है और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। हिप्पोक्रेट्स का मानना है कि स्वस्थ शरीर से हमें एक स्वस्थ दिमाग की प्राप्ति होती है। शरीर को स्वस्थ और फिट रखने की कोशिशें एक बार फिर परवान पर है। हेल्दी डाइट, एक्सरसाइज, अच्छी नींद आदि आदतें हम रोजाना के जीवन में अपनाएं। शारीरिक गतिविधियां फिट और हेल्दी रहने के लिए जरूरी है कि आप रोजाना फिजिकल एक्टिविटी के लिए समय निकालें और अपनी सेहत का ख्याल रखें। फिजिकल एक्टिविटी, जैसे कि एक्सरसाइज, योग और वॉक न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है बल्कि हमारे मानसिक और समग्र स्वास्थ्य के लिए भी बेहद जरूरी है। जब आप शारीरिक रूप से एक्टिव रहते हैं, तो शरीर की ऊर्जा बढ़ती है। जिसे 'हैप्पी हार्मोन' भी कहा जाता है। यह हार्मोन हमें खुश और संतुष्ट महसूस कराता है, जिससे तनाव और एंग्जायटी जैसी समस्याएं कम हो सकती हैं। देश में 54 प्रतिशत लोगों की शारीरिक गतिविधियां करने में कोई रुचि नहीं है और 10 फीसदी से कम लोग मनोरंजन के तौर पर शारीरिक गतिविधियां करते हैं। आईसीएमआर डेटा में इस बात का खुलासा हुआ है। आजकल आर्थराइटिस जैसी जोड़ों की बीमारियां उम्र तक सीमित नहीं रह गई हैं बल्कि शारीरिक रूप से काम न करना भी इस बीमारी के बोझ को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के आंकड़ों बताते हैं कि 54.4 फीसदी लोगों की शारीरिक गतिविधियां करने में रुचि नहीं है। इस सरकारी एजेंसी द्वारा की गई स्टडी के अनुसार लोग यात्रा और मनोरंजन से जुड़ी शारीरिक गतिविधियों के मुकाबले काम में ज्यादा समय बिताते हैं। आलसी जीवनशैली, कसरत न करना या प्रोफेशनल की देखरेख के बिना कसरत करने से युवाओं के जोड़ों के लिगामेंट में दिक्कतें होने लगती हैं। चिकित्सकों का कहना है फिजिकली एक्टिव रहना, न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है बल्कि हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। नियमित फिजिकल एक्टिविटी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, तनाव को कम करने और जीवन को बेहतर बनाने में सहायक होती है। ऐसे में लोगों को अपनी पसंद के अनुसार फिजिकल एक्टिविटी में खुद को बिजी रखना चाहिए। तेज चलना, बागवानी या भारोत्तोलन आपका वजन कम करने के अलावा आपको खुश भी रख सकते हैं।

शोध में इसका खुलासा हुआ है कि आपकी शारीरिक गतिविधियों की निरंतरता और उन्हें करने की क्षमता आपकी खुशी के स्तर को बढ़ाती है। शोधकर्ताओं के एक दल ने पाया कि एक सप्ताह में एक बार शारीरिक श्रम करने वाला एक सामान्य वजन का वयस्क बिना शारीरिक श्रम के पूरा सप्ताह गुजारने वाले समान वजन के वयस्क की अपेक्षा 1.4 गुना ज्यादा खुश रहा जबकि सामान्य से अधिक वजन का वयस्क 1.5 गुना ज्यादा खुश रहा। बदलती जीवनशैली के चलते दफ्तर में घंटों बैठे रहकर काम करने और फिर घर में निष्क्रिय जीवन जीने से हमारे शरीर में जंग लगने लगा है और हम बीमारियों का आसान शिकार बनते जा रहे हैं। यह स्थिति तब और भी ज्यादा बिगड़ जाती है जब उम्र 25 पार करती है। 40 की उम्र में आते-आते ज्यादातर लोग आजकल बेहद अनफिट हो जाते हैं। ऐसे में कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने, ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल के नॉर्मल न रह पाने, हड्डियों के भुरभुरा होने, मसल्स में तकलीफ होने, तनाव, डिप्रेशन, मोटापा आदि जैसी समस्याएं घर करने लगती हैं। डिप्रेशन तनाव, चिंता और उदासी का बहुत बड़ा कारण बनता है, जो जल्द ही आपके जीवन पर असर करना शुरू कर देता है। इससे पहले कि यह गंभीर रूप धारण कर लें, डिप्रेशन से निपटने के उपाय करने चाहिए। अवसाद से निपटने का सबसे प्रभावी और प्राकृतिक तरीका शारीरिक गतिविधि है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में 5 में से 1 वयस्क और 5 में से 4 किशोर शारीरिक गतिविधियां नहीं करते, जिससे हेल्थ केयर पर 54 अरब डॉलर का सीधा असर पड़ रहा है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# एकनिष्ठ भक्ति



संकलित
**दर्शन**

अनेक महापुरुष हैं, अनेक देवी-देवता हैं, अनेक मार्ग हैं, किंतु एकनिष्ठता आवश्यक है। इसी कारण इष्ट देवता की अवधारणा है। घर की बहू सास, ससुर, जेठ, जेठानी सबका आदर सम्मान करती है, किसी की अवज्ञा या उपेक्षा नहीं करती। सबकी सेवा करती है, किंतु अपने पति को वह सबसे अधिक चाहती है। इसी तरह तुम भी अपने इष्ट देवता पर दृढ़ एकनिष्ठ भक्ति रखो, जबकि अन्य देवी-देवताओं का सम्मान करो, सबके प्रति श्रद्धा रखो। सभी देव एक ही परमेश्वर के रूप हैं। किंतु किसी एक के प्रति एकनिष्ठ रहो। चौसर के खेल में गोटी सब खानों का चक्कर लगाए बिना लक्ष्य पर नहीं पहुंचती। यदि दो गोटियां जोड़ी बांधकर इकट्ठी चलें तो उन्हें कोई काट नहीं सकता, नहीं तो अकेली गोटी लक्ष्य के पास पहुंचकर पकते-पकते भी कट जा सकती है। इसी प्रकार साधना के मार्ग पर भी यदि गुरु अथवा इष्ट के साथ युक्त होकर आगे बढ़ा जाए तो बाधा विघ्न का भय नहीं रहता, यात्रा निर्विघ्न रूप से सफल हो सकती है। एक बार किसी यात्री ने एक आदमी से कलकत्ता (अब कोलकाता) जाने का रास्ता पूछा। उस आदमी ने कहा, इस रास्ते से चले जाओ। थोड़ी दूर चलकर उसने और एक जन से रास्ता पूछा। उसने दूसरा रास्ता बताया। इस तरह वह थोड़ा सा आगे बढ़कर किसी से रास्ता पूछता तो पहले वाले का रास्ता छोड़ उस पर चल देता। ऐसा करते हुए वह रास्तों पर ही भटकता रहा, कलकत्ता नहीं पहुंच पाया। उसे किसी ऐसे व्यक्ति से रास्ता पूछना चाहिए था, जिस पर विश्वास हो कि वह सही मार्ग जानता है। एक उसी व्यक्ति से पूछकर उसके ही बताए मार्ग पर चलना चाहिए था।


# संतान गुस्सा हो तो उसे शांत करने की कोशिश करें



संकलित
**प्रेरणा**

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है। श्रीपर्वत पर मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग स्थित है। इस ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती, इन दोनों की ज्योतियां विराजित हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### उपकरणों का सावधानी से प्रयोग करना जरूरी

विज्ञान ने हमें हर मौसम से बचने के लिए बहुत सी चीजें दी हैं। लेकिन अगर हम इनका सावधानी से प्रयोग न करें तो यह हमारे लिए कभी भी हानिकारक बन सकती हैं और अक्सर खबरें भी पढ़ने और सुनने को मिलती हैं कि इन चीजों के प्रयोग करते समय कोई हादसा हो गया। सर्दियों में गैस गीजर, कोयले की अंगीठी और अन्य गर्मी प्रदान करने वाले उपकरण लोगों की जान के दुश्मन भी बन जाते हैं। सर्दियों के मौसम में नहाने के लिए लोग गैस से चलने वाले गीजर का भी प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन इसके प्रयोग में जरा सी भी असावधानी किसी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। गैस गीजर को बाथरूम में लगाने के साथ-साथ एक खिड़की जरूर रखें। - **महेश वर्मा**, कांकेर

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान के तक्षशिला में मिले दुर्लभ सिक्के व पत्थर

पाकिस्तान के पुरातत्वविदों को ऐतिहासिक शहर तक्षशिला के पास यूनेस्को-सूचीबद्ध स्थल की खुदाई के दौरान दुर्लभ सजावटी पत्थर और सिक्के मिले हैं, जिससे प्राचीन सभ्यता की सबसे प्रारंभिक शहरी बस्ती की एक दुर्लभ झलक मिलती है। पुरातात्विक महत्व की ये वस्तुएं प्राचीन भीर टीले पर मिली हैं। विशेषज्ञों ने ईसा पूर्व छठी शताब्दी के सजावटी पत्थर और दूसरी शताब्दी के सिक्के बरामद किए। समाचार पत्र 'डॉन' ने अपनी एक खबर में कहा कि अधिकारियों ने इस खोज को एक दशक में इस स्थल पर हुई सबसे अहम खोज बताया है। इसमें कहा गया कि विशेषज्ञों ने सजावटी पत्थरों के टुकड़े बरामद किए जिनकी पहचान 'लैपिस लाजुली' के रूप में की गई है और इसके साथ ही कुषाण वंश से संबंधित दुर्लभ कांस्य सिक्के भी मिले हैं, जिससे प्राचीन गांधार के भौतिक इतिहास को एक नया आयाम मिला है। पंजाब पुरातत्व विभाग के उप निदेशक आसिम डोगर ने कलाकृतियों के प्रारंभिक विश्लेषण की पुष्टि की। डोगर उत्खनन दल के प्रमुख हैं। डोगर ने कहा, 'सजावटी पत्थर लैपिस लाजुली हैं जो एक बहुमूल्य पत्थर है, जबकि सिक्के कुषाण काल के हैं।' उत्खनन दल ने धातु की कलाकृतियों की आयु निर्धारित करने के लिए विशेष फॉरेंसिक सहायता ली।



## ऑफ बीट

# काम करते हुए क्या अंडर डेस्क ट्रेडमिल फायदेमंद है

हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में 67 लाख से अधिक लोग-यानी लगभग आधे कर्मचारी-कम से कम कुछ समय के लिए घर से काम करते हैं। सिडनी, मेलबर्न और कैनबरा में यह संख्या सबसे अधिक है। घर से काम बढ़ने के साथ लंबे समय तक बैठने की आदत भी बढ़ी है, जिसे अब स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह माना जाता है। दफ्तर जाकर काम करने पर रोजमर्रा की गतिविधियां-जैसे चलना, खड़े रहना, सहकर्मियों से मिलने जाना या बाहर लंच लेने जाना-अपने आप हो जाती हैं, लेकिन घर से काम करते समय यह कम हो जाती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या काम के दौरान अंडर-डेस्क ट्रेडमिल या वॉकिंग पैड का इस्तेमाल कर चलना फायदेमंद हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि नियमित रूप से चलने से रक्तचाप और ग्लूकोज सहनशीलता जैसे स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार होता है। हालिया शोध में प्रतिदिन करीब 7,000 कदम चलने को कई बीमारियों की रोकथाम के लिए पर्याप्त लक्ष्य बताया गया है। शोध यह भी बताते हैं कि लंबे समय तक बैठे रहने के बजाय छोटे-छोटे अंतराल में बार-बार चलना या हल्की गतिविधि करना एक बार में लंबी सैर से अधिक लाभकारी हो सकता है।




## ट्रेंड

### निधन से दुख हुआ



उत्तर प्रदेश के फरीदपुर के विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। वे जनहित में समर्पित भाजपा के एक कर्मठ नेता थे, जिनके जाने से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति!
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बिहू का त्योहार




इस साल असम में बिहू का त्योहार हमारी सभी बहनों के लिए खास होगा। ओरुनोदोई योजना के तहत, प्रत्येक लाभार्थी को 8,000 रुपये दिए जाएंगे। यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि यह हमारी बहनों के प्रति हमारी देखभाल और सम्मान को दर्शाता है।
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### पुलिस का अभिनंदन



हम उप्र पुलिस का हार्दिक अभिनंदन करते हैं जो अतिरिक्त सजगता और सतर्कता से माघ मेले में निर्माणाधीन 'श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान' में पूरी मुस्तैदी से सुरक्षा का कार्य संपन्न कर रही है।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### डिलीवरी राइडर्स



लाखों डिलीवरी राइडर्स, जिन्होंने इंस्टेंट कॉमर्स कंपनियों को आज इस मुकाम तक पहुंचाने में योगदान दिया, अब अपनी बात सुनाने के लिए विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। गिग इकॉनमी को अपराध-मुक्त शोषण की अर्थव्यवस्था नहीं बनने दे सकते।
**- राघव चड्ढा, सांसद, आम आदमी पार्टी**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

बीते वर्ष में हुई उद्योगों की नींव मजबूत, इस वर्ष सरपट दौड़ेगा औद्योगिक विकास

# अब नए साल से उम्मीद, मंडीदीप में बनेगी फ्लैटेड फैक्ट्री और रेल-मेट्रो कोच कारखाने का होगा निर्माण, प्रगति की उड़ान भरेगा औद्योगिक क्षेत्र

नीतेश पटेल ▶▶ मंडीदीप

मध्य प्रदेश का प्रमुख औद्योगिक हब मंडीदीप साल 2025 को विदा कर बड़े सपनों के साथ 2026 का स्वागत कर रहा है। भोपाल से सिर्फ 23 किलोमीटर दूर यह औद्योगिक टाउनशिप, जहां एचईजी, ल्यूपिन, प्रॉक्टर एंड गैंबल, वर्धमान यॉरन्स, क्रॉम्पटन ग्रीव्स जैसी कंपनियां हैं, अब रेल और मेट्रो कोच निर्माण के नए केंद्र के रूप में उभरने की दहलीज पर है। हालांकि मंडीदीप के निकटवर्ती गांव उमरिया में बीईएमएल का बड़ा रेल-मेट्रो कोच कारखाना स्थापित हो रहा है, लेकिन मंडीदीप की मजबूत कनेक्टिविटी और औद्योगिक इकोसिस्टम इसे इस परियोजना का प्रमुख लाभार्थी बना रहा है।

## हजारों नए रोजगार मिलेंगे

सबसे बड़ी उम्मीद जगाई बीईएमएल की 1800 करोड़ रुपये की परियोजना ने, जो मंडीदीप के हाई-स्पीड रेल, वंदे भारत और मेट्रो कोच बनाने का प्लांट लगा रही है। 148 एकड़ जमीन आवंटित हो चुकी है और 2025 में भूमि पूजन के बाद काम तेजी से आगे बढ़ा। यह प्लांट मंडीदीप के निकट होने से लॉजिस्टिक्स, सप्लाई चेन और सहायक उद्योगों को सीधा फायदा पहुंचाएगा। उद्योग जगत का मानना है कि इससे मंडीदीप में रेल कंपोनेंट्स और मेंटेनेंस यूनिट्स की स्थापना हो सकती है, जो हजारों नए रोजगार पैदा करेगी, जिसका लाभ युवाओं को मिलेगा।


मंडीदीप का औद्योगिक क्षेत्र।

## 2026 में बदलेगी तस्वीर

2026 में मंडीदीप की तस्वीर और बदलेगी। बीईएमएल प्लांट का उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है, साथ ही भोपाल मेट्रो का मंडीदीप एक्सटेंशन डीपीआर पूरा होकर निर्माण कार्य शुरू हो सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की 'औद्योगिक राजधानी' बनाने की योजना में मंडीदीप की भूमिका और मजबूत होगी। स्मार्ट इंडस्ट्रियल एरिया, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और निर्यात बढ़ोतरी से यह मध्य भारत का प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा।

**मेट्रो का विस्तार एयरपोर्ट से मंडीदीप तक प्रस्तावित है**

*वर्ष 2025 मंडीदीप के लिए उपलब्धियों भरा साल रहा। भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन का गठन हुआ, जिसमें मंडीदीप को शामिल किया गया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा दिसंबर में उद्घाटित इस रीजन से मंडीदीप की कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। भोपाल मेट्रो का विस्तार अब एयरपोर्ट से मंडीदीप तक प्रस्तावित है, जो 1.5 लाख दैनिक फ्लोटिंग पॉपुलेशन वाले इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। राज्य सरकार की नीतियों से एमएसएमई को बढ़ावा मिला, नए निवेश आए और हजारों रोजगार सृजित हुए।*

### ट्रैफिक बार को लेकर चुनौतियां रहेंगी

उद्योगों की दृष्टि से वर्ष 2025 बहुत अच्छा रहा, हालांकि वैश्विक दृष्टिकोण से 2026 में ट्रैफिक बार को लेकर कुछ चुनौतियां रहेंगी, लेकिन घरेलू बाजार सुखद परिणाम देगा।
**मनीष गुलाटी,** सीओओ एचईजी लिमिटेड मंडीदीप

### 2025 ने नींव मजबूत की

2026 में रेल-मेट्रो की गाड़ियां यहां की सड़कों पर दौड़ेंगी। मंडीदीप की फैक्टरियां नई उम्मीदों से गूंज रही हैं। आने साल में विकास, रोजगार और समृद्धि का नया अध्याय लिखेगा।
**विकास मूंद्रा,** अध्यक्ष एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज मंडीदीप

### बंद उद्योगों को नए स्तर पर शुरू करने का काम जारी

वर्ष 2026 में इंडस्ट्री के इंफ्रास्ट्रक्चर और नए निवेश के लिए एक नया आयाम स्थापित होगा। वर्षों से बंद उद्योगों को नए स्तर पर शुरू करने का काम भी किया जा रहा है, जिससे मंडीदीप में रोजगार बढ़ने की संभावना ज्यादा होगी।
**विशाल सिंह चौहान,** कार्यकारी निर्देशक, एमपीआईडीसी, भोपाल

## खबर संक्षेप



### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा कल से

**संतनगर।** उपनगर बैरागढ़ में चार जनवरी रविवार से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सिंगार चोली ओवरब्रिज के पास किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष राधे महाराज ने बताया कि कथा के प्रारंभ से पहले कलश यात्रा लालघाटी दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होगी, जिसमें 2100 कलशों को अपने सिर पर रखकर पीले वस्त्र धारण किए हुए महिलाएं चलेंगी, जिसमें विधायक रामेश्वर शर्मा सांसद आलोक शर्मा, जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति और भोपाल के मठ मंदिरों के सभी संत महात्मा शोभायात्रा में उपस्थित रहेंगे।

### जीवताशा फाउंडेशन ने मरीजों को बांटे कंबल



**औबेदुल्लागंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवताशा फाउंडेशन द्वारा मरीजों को कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार निलेश सरवटे, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. धर्मेंद्र गौर, थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान 20 मरीजों को ठंड में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल का वितरण किया है।

### बसंत साहू हो सकते हैं नप अध्यक्ष के प्रत्याशी

**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस के बसंत साहू हो सकते हैं नगर पालिका अध्यक्ष के प्रत्याशी। उनका समर्थन उत्तम यादव, रैवा शंकर राय, पर्वत सिंह राजपूत, पंडित दिनेश गोस्वामी, अनिल साहू ने किया। अर्जुन नगर में तीनों वार्डों में साहू समाज का वर्चस्व है और बसंत साहू साहू समाज के जिला अध्यक्ष रहे हैं। वे व्यापार महासंघ के वरिष्ठ सदस्य भी हैं। बसंत साहू को कांग्रेस के अन्य सदस्यों का भी समर्थन मिल रहा है।



### पंच कुंडिय यज्ञ कार्यक्रम के लिए कमेटी का गठन

**औबेदुल्लागंज।** खेड़ापति माता मंदिर में आयोजित होने वाले नवदुर्गा, शिव पार्वती एवं गणेश जी की स्थापना एवं पंच कुंडिय यज्ञ कार्यक्रम के लिए कमेटी का गठन किया गया। इसमें डॉ. माखन सिंह नागर अध्यक्ष, रामेश्वर नागर उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष योगेश तिवारी, सचिव जे पी मिश्रा, संरक्षक राम किशोर शर्मा, संरक्षक नारायण सिंह सेन, पीडी शर्मा सदस्य, कार्यकारिणी मेहताब नागर, मोहन नागर, अनिल नागर, गजराज यादव, कृष्ण गोपाल नागर, उमेश नागर, डॉ. गुलाब सिंह यादव, विनोद नागर, दिनेश नागर आदि शामिल हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 8349 | | |
| दिन: | 267 | 52 | 200 |
| रात: | 190 | 03 | 120 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 256 | 34 | 130 |
| रात: | 127 | 04 | 347 |

मनुआभान टेकरी घूमने के बाद घर लौटते समय हुआ हादसा

# मानसरोवर धाम के पास अज्ञात वाहन ने पेंटर को मारी टक्कर, सिर के ऊपर से निकला पहिया

**आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित मानसरोवर धाम के पास मुख्य सड़क पर गुरुवार शाम करीब साढ़े 5 बजे बाइक सवार पेंटर को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। सिर से वाहन का पहिया गुजरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय वह परिवार के साथ मनुआभान टेकरी घूमने आए थे। वे बाइक पर अकेले थे, जबकि दूसरी बाइक पर उनका परिवार साले के साथ था।

पुलिस के अनुसार अनुज कुमार मरावी (29) हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, थाना कोतवाली जिला सीहोर में रहते हैं और सीहोर कलेक्टोरेट में नौकरी करते हैं। उनके मुंहबोले बहनोई धनसिंह परते (36) पेंटर का काम करते थे। नए साल के पहले दिन धनसिंह पत्नी नेहा और दो बच्चों के साथ बाइक से भोपाल आए थे। परिवार ने मनुआभान टेकरी घूमा। इसके बाद घर जाने के लिए निकले। वे बाइक पर अकेले थे, जबकि पत्नी और बच्चे अनुज के साथ बाइक पर थे। दोनों सीहोर जाने के लिए निकल गए। धनसिंह परते आगे थे, जबकि पीछे अनूप और धनसिंह की पत्नी बच्चे बाइक पर थे। शाम करीब साढ़े 5 बजे धनसिंह परते मानसरोवर धाम से कुछ दूरी पर पहुंचे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वे सड़क पर गिर गए और वाहन का पहिया उनके सिर से होता हुआ गुजर गया। इस हादसे में धनसिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### कुछ ही दूरी पर था धनसिंह का परिवार

अनूप ने पुलिस को बताया कि हादसा होने के करीब दस मिनट बाद ही वह मौके पर पहुंच गए थे। हादसा किस वाहन से हुआ यह कोई भी नहीं बता सका है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर खजूरी टोल नाका है। टोल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, बिस्तर पर मिला बेसुध

**भोपाल।** अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह बिस्तर पर बेसुध पड़ा था। उसे भाई अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार विक्की सिलावट पिता प्रहलाद सिलावट (21) भीम नगर, अरेरा हिल्स में रहता था और पन्नी बीनने का काम करता था। उसके परिवार में पिता, भाई और भाभी है। भाई विकास कुछ दूरी पर पत्नी के साथ अलग रहता है, जबकि विक्की पिता के साथ रहता था। पिता नशे के आदी है। विक्की भी शराब सहित सूखे नशे करता था। विकास ने पुलिस को बताया कि गुरुवार शाम विक्की घर पर अकेला था। वह विक्की से मिलने उसके कमरे पर पहुंचा तो बिस्तर पर बेसुध पड़ा था। शरीर में हलचल नहीं होने के कारण विक्की को लेकर जय प्रकाश अस्पताल पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर विक्की को मृत घोषित कर दिया। विकास ने इलाके में रहने वाले एक युवक पर संदेह जताते हुए हत्या के आरोप लगाए हैं। इधर, पुलिस का कहना है कि मामला हादसे से जुड़ा नजर आ रहा है। अनुमान है कि उसने आत्महत्या की है या फिर नशे के कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।


विक्की सिलावट, मृतक

## जुए में रकम हारने के बाद सिक्योरिटी गार्ड ने लगाई फांसी

भोपाल। बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित महाकाल सिटी कोकता में सिक्योरिटी गार्ड ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने आत्महत्या की वजह जुए में 70 हजार रुपए हारने की बात लिखी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। सुसाइड नोट जब्त कर जांच की जा रही है।


राजेश त्रिपाठी, मृतक

थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने बताया कि मूलतः रीवा निवासी राजेश त्रिपाठी (50) महाकाल सिटी कोकता में पत्नी और बेटे के साथ रहते थे। उनकी दो बेटियों की शादी हो चुकी हैं। पत्नी और बेटा गांव गए हुए हैं। गुरुवार को राजेश ने अपने घर में अकेले थे। इसी दौरान उन्होंने फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। कमरे की तलाशी में एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें राजेश ने लिखा था कि वह जुए में 70 हजार रुपए हार गए हैं। इसके अलावा उन्होंने एक व्यक्ति से 11 हजार रुपए उधार लिए थे, जो कि 2 जनवरी को वापस करना था। सुसाइड नोट से अनुमान लगाया जा रहा है कि वे जुए में रकम हारने से दुखी थे। लिहाजा उन्होंने यह कदम उठाया।

वायरलेस सेट सिर पर मारने से युवक को आई गंभीर चोट

# पीएचक्यू तिराहे पर ट्रैफिक जवान और दंपती के बीच हुई जमकर मारपीट

**पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से शिकायती आवेदन ले कर एफआईआर दर्ज की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित पीएचक्यू तिराहा के पास ट्रैफिक जवान और दंपती के बीच विवाद हो गया। विवाद गलत दिशा में बाइक ले जाने की बात को लेकर हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि हाथापाई की नौबत आ गई। इस बीच ट्रैफिक जवान ने अपने पास रखे वायरलेस सेट से युवक के सिर पर हमला कर दिया। इससे उसके सिर से खून बहने लगा। घटना की शिकायत लेकर दोनों पक्ष जहांगीराबाद थाने पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से शिकायती आवेदन ले लिया है।

पुलिस के अनुसार रवि पुरवैया जय प्रकाश अस्पताल में सहायक ग्रेड-थ्री में पदथ हैं। उनकी पत्नी डायल 112 के दफ्तर में नौकरी करती हैं। रवि गुरुवार शाम ड्यूटी से छूटने के बाद पत्नी को लेने डायल 112 के दफ्तार पहुंचे। वहां से पत्नी को लेकर अपने घर जा रहे थे। पीएचक्यू तिराहा से कुछ दूरी पर उन्हें ट्रैफिक पुलिस के कांस्टेबल नीरज अहिरवार ने रोक लिया। नीरज का कहना था कि तुम्हे हाथ देकर रोका था, लेकिन तुम रुके नहीं और गलत दिशा से बाइक डाल दी। गलत दिशा से बाइक डालने के कारण जाम की स्थिति बन गई। इधर, रवि भी अपनी बात पर अड़े रहे और देखते ही देखते रवि और नीरज के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर दोनों में हाथापाई शुरू हो गई। हाथापाई और मारपीट के बीच नीरज ने हाथ में रखे वायरलेस सेट से रवि के सिर पर हमला कर दिया। सिर पर वायरलेस सेट लगने से खून बहने लगा। उनकी पत्नी ई रिक्शा के माध्यम से रवि और मारपीट करने वाले कांस्टेबल नीरज अहिरवार को लेकर जहांगीराबाद थाने पहुंची। वहां पुलिस ने रवि और नीरज से शिकायती आवेदन ले लिया। पुलिस का कहना है कि दोनों तरफ से मारपीट हुई है। नीरज अपनी ड्यूटी कर रहा था। इस लिहाजा से मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की धाराओं में रवि और उसकी पत्नी पर एफआईआर की जा सकती है। इसी प्रकार रवि की शिकायत पर नीरज के खिलाफ मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की जा सकती है।

## लंबे समय से नहीं हुई पीने के पानी की टंकी की साफ-सफाई

**नालियों से होकर गुजरती है पानी की पाइप लाइन**

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद क्षेत्र में भी पानी की टंकियों की सफाई कई महीनों से नहीं हुई है, वहीं वार्ड 2 महावीर कॉलोनी, वार्ड 13 एवं 15, अर्जुन नगर के वार्ड 10, 11, 12 में भी पीने के पानी के सप्लाई वाली पाइप लाइन नालियों से होकर गुजरती हैं, जिसमें कीचड़ युक्त पानी आता है।

पार्षद ने मांग की है कि पीने के पानी की टंकियां की सफाई और नालियों में गुजरने वाली पीने के पानी की पाइप लाइन की जांच कराई जाए, क्योंकि गंदा और कीचड़ युक्त पानी आने की शिकायत हमारे पास आ रही है। इंदौर में दूषित पानी से मौत के मामले से सबक लेकर औबेदुल्लागंज नगर परिषद को शीघ्र पानी की टंकी की सफाई और नालियों से होकर गुजरने वाली पाइप लाइनों को हटाया जाना चाहिए।

## विधायक पटवा परिवार के साथ जाखला धाम पहुंचे

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा एवं मोना पटवा परिवार के साथ जाखला धाम स्थित श्री हनुमान मंदिर में परिवार दर्शन करने पहुंचे। वहां उन्होंने आरती की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, गजेंद्र नागर, कमल चौहान, जीतू नंदवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## विधायक पटवा ने गिल से सौजन्य भेंट कर की चर्चा

विधायक सुरेंद्र पटवा ने सुरजीत सिंह गिल एवं नरेंद्र सिंह गिल से भेंट कर उनके प्रतिष्ठान विंध्याचल स्ट्रीट पर पहुंचे। इस दौरान कई विषयों पर चर्चा की। सुरजीत सिंह गिल ने विधायक सुरेंद्र पटवा का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मोना पटवा एवं अन्य परिषद के सदस्य मौजूद रहे।



## बीडीए में सार्थक एप लांच,150 अधिकारी, कर्मचारी लगाएंगे अटेंडेंस

**भोपाल।** एमपी नगर स्थित भोपाल विकास प्राधिकरण के कार्यालय में कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी पर पहुंचना होगा। बीडीए प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कर्मचारी समय पर ड्यूटी पर नहीं पहुंचते। शिकायतें मिलने के बाद बीडीए ने 1 जनवरी 2026 से सार्थक एप लांच कर दिया है। इसके माध्यम से समय पर पहुंचकर ही अटेंडेंस लगाई जा सकेगी। बीडीए के 150 अधिकारी कर्मचारियों सहित करीब 30 आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए भी यह व्यवस्था लागू रहेगी।

## सिंधु माध्यमिक विद्यालय में मनाया वार्षिक उत्सव, विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**नवयुवक सभा के अध्यक्ष वाधवानी ने की विद्यार्थियों की प्रशंसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

नवयुवक सभा द्वारा संचालित सिंधु माध्यमिक विद्यालय, डीडी प्ले स्कूल द्वारा सामूहिक रूप से सिंधु माध्यमिक प्रांगण में वार्षिक समारोह का आयोजन किया। इस समरोह मुख्य अतिथि नरेंद्र के. अहिरवार, विशिष्ट अतिथि कमल भंडारी का प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर सिंधु माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रिया धर्मदासानी, डीडी प्ले स्कूल की कोर्डिनेटर हेमलता संगतानी ने विद्यालय प्रतिवेदन में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी।

नवयुवक सभा के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी ने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और प्रतिभा की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि नरेंद्र के. अहिरवार ने कहा कि प्रबंध समिति एवं शिक्षकों का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन विद्यार्थियों को हमेशा मिलता रहे, जो उनको आगे बढ़ने और स्वस्थ रहने की प्रेरणा देता हैं। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की। कार्यक्रम में महेश दयारामानी, राजेश हिंगोरानी, सुरेश राजपाल, दिनेश वाधवानी, धर्मप्रकाश मोटवानी, कन्हैयालाल रामनानी, पुरषोतम टिलवानी, ओम प्रकाश टहिल्यानी, कमल प्रेमचंदानी, मनोहर लालवानी प्राचार्या श्रीमती प्रिया बुधानी, हरिओम शर्मा, प्रिया धर्मदासानी विशेष रूप से उपस्थित थे। प्राचार्या सुश्री ज्योति चौहान ने आभार व मंच का संचालन श्रीमती काजल मोरंदानी व नेहा चेनानी ने किया।



वार्षिक उत्सव के दौरान फोटो शूट कराते विद्यार्थी।

ट्रक-माउंटेड क्रेन की खरीद के नाम पर लिया था बैंक से लोन

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में 72 लाख रुपए का घोटाला ईओडब्ल्यू ने बैंक अफसरों सहित कई पर दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत दिए गए बैंक ऋण में बड़े फजीवाड़े का मामला सामने आया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की मंडीदीप शाखा से जुड़े 72 लाख रुपए के लोन घोटाले में लाभार्थी, निजी फर्म संचालक और बैंक के तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है।

ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया कि यह लोन पुरानी 120 टन क्षमता की ट्रक-माउंटेड क्रेन की खरीद के नाम पर लिया गया था, लेकिन वास्तविकता में न तो वैध तरीके से क्रेन खरीदी गई और न ही बैंक नियमों का पालन किया। मामले में साजिश कर सरकारी योजना का दुरुपयोग किए जाने के गंभीर तथ्य उजागर हुए हैं। ईओडब्ल्यू ने मामले में विजय पाल सिंह परिहार, ज्ञानेन्द्र सिंह असवाल, ऑल कार्गो लॉजिस्टिक लिमिटेड के संचालक, सेंट्रल बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक वीवी अय्यैर और लोन प्रभारी बीएस रावत के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### कागजों में क्रेन खरीद, हकीकत में खेल

जांच में पाया गया कि वर्ष 2017 में एसबी, एसवी इंटरप्राइजेस के नाम पर 1 करोड़ रुपए की परियोजना लागत दिखाकर 72 लाख रुपए का बैंक ऋण लिया। शेष 28 लाख रुपए मार्जिन मनी दर्शाई गई। क्रेन खरीद के नाम पर बैंक द्वारा ऑल कार्गो समूह से जुड़े खाते में राशि ट्रांसफर की और कागजों में क्रेन की कीमत 1 करोड़ रुपए दर्शाई गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि क्रेन का पंजीकरण एक अन्य कंपनी के नाम पर था, जबकि भुगतान किसी दूसरी कंपनी के खाते में किया गया। इतना ही नहीं, वही क्रेन पहले से एक्सिस बैंक में बंधक पाई गई, जिसकी एनओसी भी नहीं ली गई। जांच में यह भी सामने आया कि इस ऋण खाते को 21 लाख रुपए का सरकारी लाभ मिला। इसमें जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के माध्यम से 12 लाख रुपये की मार्जिन सहायता और 9 लाख रुपए की ब्याज सब्सिडी शामिल है।

### बैंक से एनपीए होने पर खुली परतें

जब ऋण की किस्तें जमा नहीं हुईं और वर्ष 2020 के अंत में खाता एनपीए घोषित किया गया, तब बैंक ने आरटीओ और वाहन पोर्टल से जांच कराई। जांच में पता चला कि जिस क्रेन को बैंक के पास गिरवी होना चाहिए था, वह लियो इंजीनियरिंग सर्विस के नाम पर दर्ज थी और बाद में उसे टाटा फाइनेंस के पास भी गिरवी रख दिया गया। ईओडब्ल्यू की जांच में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की मंडीदीप शाखा के तत्कालीन अधिकारियों की गंभीर लापरवाही भी सामने आई। बिना रीजनल ऑफिस की अनुमति लोन स्वीकृत किया गया, न तो पोस्ट-इंस्पेक्शन कराया गया और न ही आरटीओ में बैंक का बंधक दर्ज कराया गया।

## नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को दो माह से नहीं मिला वेतन

### आर्थिक संकट से जूझ रहे 200 कर्मचारी

**ठेकेदारों के चेक कटे पर कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला: खटीक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद के कई कर्मचारियों ने बताया कि पिछले दो माह से उन्हें वेतन नहीं मिला है। इसके साथ ही साफ-सफाई करने वाले कर्मचारियों को भी वेतन नहीं मिला है, जिससे वे परेशान हैं। वर्तमान में नगर परिषद के लगभग 200 कर्मचारी ऐसे हैं जिन्हें तीसरा माह शुरू हो गया वेतन नहीं मिला, वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

वहीं पार्षदों सहित नेता प्रतिपक्ष और पार्षद राजेश खटीक ने कहा कि कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहे, मगर दिसंबर माह और नव वर्ष पर ठेकेदारों के जमकर चेक काटे हैं। कई वरिष्ठ कर्मचारियों ने बताया कि ठेकेदारों के चेक कटवाने में लोक निर्माण के अफसर और कर्मचारियों का खेल है। कर्मचारियों ने बताया कि चेक काटने में 30 फीसदी कमीशन मिलता है, इसलिए चेक पहले काटे जा रहे हैं। कर्मचारियों को वेतन देने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सफाई कर्मचारी कहते हैं वेतन न मिलने पर नए वर्ष की खुशी नहीं मना पाए। नगर परिषद उपाध्यक्ष नमिता वागिश अग्रवाल और पार्षद राजेश खटीक ने कहा कि कर्मचारी और सफाई कर्मचारियों को शीघ्र वेतन दिया जाए।

# सिनेकारी में मप्र से चयनित सुदीप सोहनी की फिल्म 'जग्गू और मागाहारी' का ट्रेलर लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की कला बिरादरी के लिए ध्रुपद संस्थान के परिसर में यह एक अनूठी शाम थी जब कविता, कला, साहित्य, संगीत, और सिनेमा की चार पीढ़ियों के कलाकार एक छत के नीचे मौजूद थे। जाड़े की इस शाम का आग़ाज़ अगर कविताएं थी और मध्य में सिने यात्रा प्रदर्शनी तो अंजाम था भोपाल और मध्य प्रदेश के कलाकारों की बनाई फ़िल्में। सुदीप सोहनी फ़िल्म्स की पहल 'सिनेकारी' के सातवें संस्करण में इस बार ध्रुपद संस्थान की भागीदारी थी। मुख्य आकर्षण था सुदीप सोहनी निर्देशित बाल फ़िल्म 'जग्गू और मागाहारी' का पोस्टर और ट्रेलर लॉन्च किया गया, जिसका इंडियन प्रीमियर जनवरी के अंत में कोलकाता चिल्ड्रन इंटेरनेशनल फ़िल्म फ़ेस्टिवल में होगा। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश से चयनित यह एकमात्र फ़िल्म है।

**राजेंद्र जांगले, अक्षत पाठक और आकाश ईखारे की फिल्म 'ओरछा' 'गमन' और 'उम्मीद' का हुआ प्रदर्शन**



कार्यक्रम में मौजूद सुदीप सोहन व अन्य।

### जांगले की फिल्म ओरछा का प्रदर्शन

पहले चरण के बाद मुख्य अतिथि वरिष्ठ ध्रुपद गायक उमाकांत गुंदेचा, वरिष्ठ कवि प्रयाग शुक्ल, सुप्रसिद्ध रंगकर्मी नगीन तनवीर, वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर ने 'जग्गू और मागाहारी' का पोस्टर लॉन्च किया। इसके पश्चात सबसे पहले राजेंद्र जांगले निर्देशित 'ओरछा' फ़िल्म का प्रदर्शन हुआ जिसका संगीत निर्देशन उमेश तरकसवार ने किया है।

### धम्मक धम्मक आता हाथी' का रंगमंचीय पाठ



कार्यक्रम में मौजूद चार साल के प्रत्यूष सोहन व अन्य बच्चे।

आरम्भ में काव्य पाठ हुआ। कविता पाठ ऊँचाइयों पर तब पहुँचा जब ख्यात कला समीक्षक और कवि प्रयाग शुक्ल ने 'धम्मक धम्मक आता हाथी' का रंगमंचीय पाठ किया। चार वर्षीय प्रत्यूष सोहनी ने दिनकर की रश्मीरथि कविता का अंश पाठ कर सभागार में उपस्थित श्रोताओं को विस्मित कर दिया।

## खबर संक्षेप



### डॉ. दवे ने संभाला मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति मंत्री संचालक का दायित्व

**भोपाल।** मप्र साहित्य अकादमी के निदेशक एवं सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. विकास दवे ने शुक्रवार को मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का दायित्व संभाल लिया है। हिंदी भवन में आयोजित सादे समारोह में उन्हें निवृत्तमान मंत्री संचालक कैलाशचंद्र पंत ने पदभार सौंपा। करीब 38 वर्ष की सेवा के बाद स्वास्थ्यगत कारणों के चलते पंत ने पद से त्याग पत्र दिया है। वे अब समिति में मार्गदर्शक की भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष रघुनंदन शर्मा, रंजना अरगड़े, सहमंत्री डॉ.संजय सक्सेना, मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं अक्षरा के संपादक मनोज श्रीवास्तव सहित हिंदी भवन के कर्मचारी उपस्थित थे।

### जनजातीय संग्रहालय में 69वीं 'शलाका' चित्र प्रदर्शनी आज से

**भोपाल।** मप्र जनजातीय संग्रहालय द्वारा चित्रकारों को उनकी कला के प्रदर्शन और चित्रों की बिक्री के लिए मंच उपलब्ध कराने कप्रतिमाह 'लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा' में 'शलाका' प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 69वीं 'शलाका' जनजातीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन 3 जनवरी से किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में भील जनजातीय चित्रकार मनीषा बारिया द्वारा निर्मित चित्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी के दौरान लोग चित्रों का अवलोकन करने के साथ-साथ खरीद भी कर सकेंगे।

### सुरमाला की नववर्ष विशेष संगीत संध्या का आयोजन आज

**भोपाल।** राजधानी के चर्चित म्यूजिकल ग्रुप सुरमाला की संगीत संध्या का आयोजन एमपी नगर के होटल पर्ल में शाम 4.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक सुरंगमा एवं सह संयोजक मनीष सक्सेना ने बताया कि नववर्ष के उपलक्ष्य में होने जा रहे इस आयोजन के मुख्य अतिथि रिटायर्ड डीसीपी डीपी जुगाड़े और विशिष्ट अतिथि उप संचालक जनसंपर्क अशोक मनवानी होंगे। कार्यक्रम में मोहन बेलानी, भविषा बेलानी, अजय खंगन, शरद सोनी, परसो नाथानी, रमेश चंदानी, प्रदीप सक्सेना, असीम सक्सेना, शिप्रा सक्सेना, शक्ति, मनीषा, शालिनी समेत 40 से अधिक शौकिया गायक अपने गीतों की प्रस्तुति देंगे।

### इंटरनेशनल आर्ट कैंप 10 से मनाली में, लगेंगी रश्मि की कलाकृतियां

**भोपाल।** मनाली में होने वाले इंटरनेशनल विंटर आर्ट कैंप में शहर की आर्टिस्ट रश्मि जैन की



कलाकृतियां सिलेक्ट हुई हैं। रश्मि इस आर्ट कैंप में शिरकत करेंगी। वह एक म्यूरल आर्टिस्ट हैं। यह आर्ट कैंप 10 से 12 जनवरी 2026 में आयोजित हो रहा है । इसमें देश भर से 100 से ज्यादा सीनियर और जूनियर आर्टिस्ट हिस्सा ले रहे हैं । रश्मि जैन इसमें गेस्ट आर्टिस्ट की तरह शिरकत करेंगी। वे अपनी म्यूरल कला का लाइव डेमो भी देंगी। उनके साथ शहर की अन्य दो आर्टिस्ट नेहा शर्मा व मान्या जैन भी हिस्सा लेंगी।

## लद्दाख-सिक्किम के 'लोसर उत्सव' का मानव संग्रहालय में भव्य शुभारंभ

# मानो मानव संग्रहालय में उतर आया हो हिमालय!

### तिब्बती बौद्ध मुखौटा पहन किया 'शिंगे नृत्य' तो वहीं जो-मल-लोक के लिए 'लेप्चा नृत्य' की प्रस्तुति रही खास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लद्दाख के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत डेकर नृत्य में जहां हिमालयी लोकजीवन की ऊर्जा और सामूहिक भावनाओं का जीवंत उदाहरण देखने को मिला तो वहीं सिक्किम के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत शिंगे नृत्य, लेपचा नृत्य और नेपाली नृत्य ने क्षेत्रीय विविधता, परंपरा और लोककथाओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की, इसी के साथ लद्दाखी चानसा रसोई की खास झलक ने दर्शकों का दिल जीत लिया। लद्दाख व सिक्किम के कलाकारों की अपनी विशिष्ट लोक-नृत्य शैलियों से सजा लोसर उत्सव का नजारा देखने को मिला मानव संग्रहालय में। तिब्बती नव वर्ष का जश्न मनाने वाले इस प्रमुख त्योहार को लद्दाख, सिक्किम, नेपाल और भूटान जैसे हिमालयी क्षेत्रों में नव वर्ष के रुप में मनाया जाता है। तीन दिवसीय महोत्सव हिमालयी क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपरागत नृत्य, अनुष्ठानिक पूजा तथा पारंपरिक व्यंजनों का जीवंत उत्सव के रुप में नजर आया।



कार्यक्रम में नृत्य की प्रस्तुति देते सिक्किम के युवा कलाकार।



कार्यक्रम में सिक्किम के युवाओं ने पारंपरिक नृत्य लेपचा की प्रस्तुति दी।

### लद्दाखी चानसा रसोई से हुई महोत्सव की शुरुआत

इस उत्सव में जहां पारंपरिक प्रार्थना का आयोजन किया जाता है तो वहीं लद्दाख के नृत्य (जैसे गुंपा), झंडे, घरों को सजाना और बुरी आत्माओं को दूर भगाने मेथो नामक अग्नि जुलूस भी इस उत्सव का प्रमुख हिस्सा होता है, जो नए साल के स्वागत और समृद्धि की कामना का प्रतीक है। महोत्सव के दिन की शुरूआत लद्दाखी चानसा रसोई में पारंपरिक अनुष्ठानिक पूजा-पाठ से की गई। महोत्सव का आकर्षण पारंपरिक



भोजन रहा। आगंतुकों ने हिमालयी स्वादों का आनंद लेते हुए सेल रोटी एवं आलू दम, खुरे एवं चटनी तथा मोमो जैसे व्यंजनों का स्वाद चखा। इसमें भी संस्कृति और जीवनशैली से परिचय का अवसर मिला।

### हिम सिंह का रूप धर किया शिंगे नृत्य

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में लद्दाख और सिक्किम के कलाकारों ने अपनी विशिष्ट लोक-नृत्य शैलियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया जहां शिंगे नृत्य (सिंह छम) में सिक्किम और भूटान के एक प्रसिद्ध तिब्बती बौद्ध मुखौटा नृत्य को प्रस्तुत किया, इस नृत्य में नर्तक हिम सिंह (स्नो लॉयन) का रूप धारण करते हुए नकारात्मक ऊर्जा को दूर भगाने, बुराईयों से बचाने और सौभाग्य लाने के लिए नृत्य करते हैं तो वहीं लेप्चा नृत्य में कृषि चक्र, शिकार और धार्मिक अनुष्ठानों (जैसे कंचनजंगा पर्वत की पूजा) का जश्न मनाया जाता है, इसके प्रमुख नृत्यों में जो-मल-लोक (खेती का उत्सव) और चू-फाट (पर्वत पूजा) को दिखाया गया।



शिंगे नृत्य की प्रस्तुति देते लद्दाख और सिक्किम के कलाकार।

## केनल क्लब ऑफ भोपाल का 'ऑल इंडिया ऑल ब्रीड डॉग शो एवं चैंपियनशिप' 18 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



फाइल फोटो

केनल क्लब ऑफ भोपाल द्वारा 18 जनवरी को सुबह 8.30 बजे से द ग्रैंड शुभारंभ, नर्मदापुरम रोड में 'ऑल इंडिया ऑल ब्रीड डॉग शो एवं चैंपियनशिप' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के चैंपियन डॉग्स आएंगे। यह आयोजन केसीआई अंतर्गत आयोजित 14वीं एवं 15वीं ऑल ब्रीड चैंपियनशिप के रूप में संपन्न होगा, जिसमें भारत के शीर्ष चैंपियन डॉग्स दो प्रमुख चैंपियनशिप टाइटल्स के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### इन स्थानों से आएंगे डॉग्स

इस ग्रैंड डॉग शो में दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, अहमदाबाद, जयपुर, चंडीगढ़, लखनऊ, कानपुर, नागपुर, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर सहित देश के विभिन्न शहरों से 500 से अधिक डॉग्स भाग लेंगे। शो में एफसीआई के जजेस द्वारा जजिंग की जाएगी।

### इन ब्रीड्स के डॉग लेंगे आयोजन में हिस्सा

आयोजन में भाग लेने वाली प्रमुख डॉग ब्रीड्स में जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर रिट्रीवर, गोल्डन रिट्रीवर, रॉटवायलर, डोबरमैन पिंशर, बॉक्सर, बुलमास्टिफ, ग्रेट डेन, सेंट बर्नार्ड, टिबेटन मास्टिफ, केन कॉर्सो, बेल्जियन मेलिनोइस, साइबेरियन हस्की, अलास्कन मलाम्यूट, सामोयड, अकिता, चाउ चाउ, ल्हासा अप्सो, शिह त्जु, माल्टीज, यॉर्कशायर टेरियर, बीगल, बैसेट हाउंड, डैशहाउंड, पग, फ्रेंच बुलडॉग, इंग्लिश बुलडॉग, अमेरिकन बुली, कॉकर स्पैनियल, इंग्लिश स्प्रिंगर स्पैनियल, मिनिएचर श्नौजर, पूडल (टॉय, मिनिएचर एवं स्टैंडर्ड), व्हिपेट, ग्रेहाउंड सहित अनेक दुर्लभ एवं अंतरराष्ट्रीय ब्रीड्स सम्मिलित हैं।

## भोपाल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल में होगा ट्राइबल आर्ट कैंप एंड फेयर का आयोजन

**भारत भवन में 9 से 11 जनवरी तक 10 राज्यों के 60 से अधिक कलाकार आएंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल लिटरेचर ट फेस्टिवल (बीएलएफ) के अंतर्गत भारत भवन में 9 से 11 जनवरी तक ट्राइबल आर्ट कैंप एंड फेयर 2026 का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड, ओडिशा तथा पूर्वोत्तर के कई राज्यों सहित कुल 10 राज्यों से 60 से अधिक आदिवासी कलाकार भाग लेंगे। मेले में गोंड, बैगा, भील, पिथोरा, वारली और भारिया चित्रकला सहित प्राकृतिक रंगों से निर्मित कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। इसके साथ ही बांस शिल्प, लकड़ी शिल्प, सजावटी आदिवासी वस्तुएं तथा लोहे के शिल्प भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र होंगे। इस वर्ष विशेष रूप से लुप्तप्राय एवं दुर्लभ कला परंपराओं, जैसे गोंडना कला और मुरिया कला, पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### आदिवासी चित्रकला, बांस शिल्प, गोंडना कला का होगा प्रदर्शन

यह आयोजन भोपाल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल को देश का एकमात्र ऐसा साहित्य उत्सव बनाता है, जिसमें साहित्य के साथ-साथ इतनी व्यापक और विविध सांस्कृतिक गतिविधियां भी एक मंच पर देखने को मिलती हैं। ट्राइबल आर्ट कैंप केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि एक समग्र शिक्षण एवं सांस्कृतिक संवाद मंच है। तीनों दिनों में प्रतिदिन लाइव वर्कशॉप के माध्यम से आदिवासी चित्रकला, बांस शिल्प, गोंडना कला, लकड़ी शिल्प और पारंपरिक आभूषण निर्माण की प्रक्रिया का सजीव प्रदर्शन किया जाएगा। सभी कलाकारों के लिए आदिवासी कला एवं संस्कृति पर आधारित क्विज का आयोजन भी किया जाएगा।

### आदिवासी कलाकारों को मिल सके राष्ट्रीय एवं वैश्विक मंच

भोपाल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल के फेस्टिवल डायरेक्टर राघव चंद्रा ने कहा कि ट्राइबल आर्ट कैंप एंड फेयर को एक सांस्कृतिक आंदोलन के रूप में विकसित करने का उद्देश्य है, ताकि आदिवासी कलाकारों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक मंच मिल सके, सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिले, पारंपरिक ज्ञान के दस्तावेजीकरण को प्रोत्साहन मिले तथा आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन आ सके।



तमिल संगम कैलेंडर का विमोचन करते राज्यपाल पटेल।

### पटेल ने किया भोपाल तमिल संगम के 2026 स्मारक कैलेंडर का विमोचन

**भोपाल।** लोक भवन में भोपाल तमिल संगम (बीटीएस) ने बहुप्रतीक्षित 2026 स्मारक कैलेंडर का लोकार्पण राज्यपाल मंगुभाई पटेल की उपस्थिति में किया। भोपाल तमिल संगम के महासचिव थिरु ए. स्वामिदुरई ने बताया कि यह कैलेंडर युवाओं को थिरुक्कुरल की ज्ञान-गंगा, तमिल शास्त्रीय कलाओं की सौंदर्य परंपरा और त्योहारों की सांस्कृतिक भावना से जोड़ने वाला एक सेतु है। अध्यक्ष थिरु पी. राजू ने कहा कि यह कैलेंडर संगम की यात्रा को प्रतिबिंबित करता है। वर्ष 1980 के दशक की साधारण सामुदायिक बैठकों से लेकर मध्य भारत में तमिल संस्कृति के एक पंजीकृत प्रकाश स्तंभ बनने तक। उन्होंने कहा कि यह लोकार्पण ग्रैंड पोंगल 2026 महोत्सव का आधिकारिक शुभारंभ भी है, जो 18-19 जनवरी को भोपाल में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर भोपाल तमिल संगम के उपाध्यक्ष राकेश कुमार, महासचिव ए. स्वामिदुरई तथा कोषाध्यक्ष ए. शिवकुमार भी उपस्थित रहे।

### आईएचएम में 7 को 25 महिला विभूतियों को मिलेगा ऊर्जस्विता सम्मान

**भोपाल।** अनुनय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी पिछले चार वर्षों की तरह इस बार भी ऊर्जस्विता सम्मान समारोह का आयोजन करने जा रही है। यह समारोह भारतीय होटल प्रबंधन संस्थान, भोपाल के साथ मिलकर बुधवार, 7 जनवरी को दोपहर तीन बजे आयोजित किया जा रहा है। सम्मान समारोह में अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यरत 25 महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। सम्मान समारोह में पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी मुख्य अतिथि होंगे और महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया अध्यक्षता करेंगी। अनुनय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष माही भजनी और सचिव आईएफएस अधिकारी (सेवानिवृत्त) डॉ. एके भट्टाचार्य ने बताया कि पिछले चार वर्षों में ऊर्जस्विता सम्मान समारोह को व्यापक प्रतिसाद मिला है। इस बार भी जब इस आयोजन की घोषणा हुई तो बड़ी संख्या में नामांकन मिले। इनमें से 25 महिलाओं का चयन पुरस्कार के लिए किया गया है। संस्था की अध्यक्ष माही भजनी ने बताया कि अनुनय संस्था पिछले 15 वर्षों से गरीब एवं वंचित तबके के बच्चों की शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है। खासकर ऐसे बच्चों के लिए जो पन्नी बीनते हैं या भीख मांगते हैं।

**पर्यटन भवन में नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित**

## निगम के कर्मचारी ही निगम की अमूल्य संपत्तिः एमडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम के कर्मचारी ही निगम की महत्वपूर्ण संपत्ति हैं, सभी अधिकारी कर्मचारियों की सेहत अच्छी होगी, तब ही हमारे निगम की सेहत भी अच्छी होगी। यह बात शुक्रवार को पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. ने निगम के वाहन चालक संघ द्वारा निगम मुख्यालय पर्यटन भवन में आयोजित नव वर्ष 2026 के मिलन समारोह में कही। उनके द्वारा निगम मुख्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारियों के हेल्थ चेकअप और सेहत और वेलनेस की बेहतरी के लिए निगम मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया गया। डॉ. इल्या राजा ने अधिकारी-कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस प्रकार नए साल के अवसर लोग स्वयं के लिए नए संकल्प और नए लक्ष्य निर्धारित करते हैं उसी प्रकार हम पर्यटन निगम परिवार भी अपने निगम की उत्तरोत्तर प्रगति और सफलता के नए आयाम स्थापित करने के लिए और लक्ष्य निर्धारित कर उन लक्ष्यों को प्राप्त करने का संकल्प लें।



एमडी का स्वागत करते अधिकारी।

**चारागाह-पशुपालक वर्ष का उद्घाटन आज**

## भोपाल में सज-संवर कर पदयात्रा पर निकलेंगे ऊंट, भेड़, बकरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पास्टोरल यूथ एसोसिएशन की ओर से भारत के घुमंतू पशुपालक समुदाय की ओर से अंतरराष्ट्रीय चरागाह एवं पशुपालक वर्ष 2026 का औपचारिक स्वागत 3 जनवरी, सुबह 10 बजे रातीबड़, नीलबड़ के पास में घूमंतु पशुपालकों की सक्रिय भागीदारी के साथ किया जाएगा। जिसमें लोग देख सकेंगे कि भारत के घुमंतु पशुपालक समुदाय खुले आसमान के नीचे कैसे अपना जीवन जीते हैं। इसके माध्यम से पशुपालन, चरागाह और जंगलों के साथ उनके परंपरागत सह-अस्तित्व को समझने का यह एक अवसर होगा। यहां पर वन संरक्षण, जैव विविधता और सतत आजीविका में उनके योगदान की कहानियां भी दर्ज की जा सकेंगी। यह उद्घाटन समारोह केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि वर्ष 2026 के दौरान देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित होने वाले आयोजनों की श्रृंखला की शुरुआत है।

**शाश्वती 2025 में 34 महिला कलाकारों ने सहभागिता की**

## शाश्वती में नारी की रचनात्मक शक्ति, सांस्कृतिक योगदान और सामाजिक भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय में आयोजित पांच दिवसीय नारी की शाश्वत शक्ति का उत्सव 'शाश्वती 2025' का शुक्रवार को सफल समापन हुआ।

**मानव संग्रहालय में हुआ सफल समापन**

नारी की रचनात्मक शक्ति, सांस्कृतिक योगदान और सामाजिक भूमिका को सम्मानित करने हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से करीब 34 महिला




कलाकारों ने सहभागिता की। समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. समिता राजोरा, प्रबंध निदेशक, लघु वनोपज संघ रहीं। उन्होंने विशेष रूप से शाश्वती में महिला कलाकारों के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की पहचान आपके परिश्रम और साधना से ही बनी हुई है।

इस अवसर पर मंच पर मानव संग्रहालय के हेड ऑफ ऑफिस डॉ. सूर्य कुमार पांडेय, मुख्य लोक सूचना अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार, कार्यक्रम संयोजक डॉ सुदीपा रॉय उपस्थित रहे।

# राहुल के 'वोट चोरी' नैरेटिव की धज्जियां उड़ीं, 83.61% जनता ने ईवीएम पर जताया भरोसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली /बेंगलुरु

लोकसभा चुनाव 2024 के बाद ईवीएम को लेकर चल रही सियासी बहस के बीच कर्नाटक की एक रिपोर्ट ने चर्चा का रुख ही बदल दिया है। खास बात यह है कि यह रिपोर्ट किसी विपक्षी सरकार या निजी संस्था की नहीं, बल्कि खुद कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार के आदेश पर कराए गए सर्वे की है। इसमें राज्य के बड़े हिस्से में लोग इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम पर भरोसा करते हैं।

सर्वे में 83.61 फीसदी जनता ने साफ-साफ कहा है कि उन्हें 'ईवीएम पर पूरा भरोसा है'। इस सर्वे ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वोट चोरी के नैरेटिव को फेल कर दिया है। उसकी धज्जियां उड़ा दी है। अब भाजपा ने राहुल गांधी के 'वोट चोरी' वाले आरोपों पर तीखा हमला बोला है।

**102** विधानसभा क्षेत्रों में कराया गया था सर्वे

**5,100** लोगों से बात की गई

**69.39** प्रतिशत लोगों सही नतीजा बताया

**14.22** प्रतिशत ने सहमति जताई

### यह रिपोर्ट किसी विपक्षी सरकार या निजी संस्था की नहीं, बल्कि खुद कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार के आदेश पर कराया गया था सर्वे

### कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कराया था सर्वे



**कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार ने कराया है सर्वे**

इस सर्वे का नाम है- लोकसभा चुनाव 2024: नागरिकों के ज्ञान, दृष्टिकोण और व्यवहार (केएपी का एंडलाइन मूल्यांकन)। इसे कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी. अंबुकुमार के जरिए कराया गया था। सर्वे में राज्य के 102 विधानसभा क्षेत्रों से 5,100 लोगों से बात की गई। 83.61 प्रतिशत लोगों ने माना कि ईवीएम भरोसेमंद हैं। 69.39 प्रतिशत लोगों ने कहा कि ईवीएम सटीक नतीजे देती हैं, जबकि 14.22 प्रतिशत ने इस बात से पूरी तरह सहमति जताई।

**भाजपा ने राहुल को घेरा**

### कांग्रेस के मुंह पर ये करारा तमाचा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई बार भाजपा और केंद्रीय चुनाव आयोग (ईसीआई) पर ईवीएम में हेराफेरी और 'वोट चोरी' का आरोप लगाया है। इस सर्वे पर कर्नाटक के नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने एक्स पर लिखा, वर्षों से राहुल गांधी पूरे देश में यही कहानी सुनाते रहे हैं कि भारत का लोकतंत्र 'खतरे' में है। ईवीएम 'अविश्वसनीय' हैं और हमारे संस्थानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। भाजपा ने कहा कि लोग चुनाव, ईवीएम और भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा करते हैं।

### लोगों ने चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष बताया: शाइना एनसी



शिवसेना नेता शाइना एनसी ने भी कर्नाटक सरकार की ओर से चुनाव प्रक्रिया पर किए गए ताजा सर्वे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी ने कभी भी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा नहीं किया। कर्नाटक निगरानी एवं मूल्यांकन प्राधिकरण यानी केएमईए ने 2024 के लोकसभा चुनावों पर यह सर्वे किया, जिसमें 5,100 लोग शामिल हुए। सर्वे 102 विधानसभा क्षेत्रों में किया गया।

### अब ईवीएम पर सवाल क्यों?



इस सर्वे से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और चुनाव आयोग पर सभी संदेह खत्म हो जाते हैं। मुझे लगता है कि अब राहुल और कांग्रेस के लिए देश से माफी मांगने का समय आ गया है, क्योंकि उन्होंने उन्होंने केवल झूठ फैलाए हैं और यहां आपने देखा है कि इससे इन दावों का हमेशा के लिए अंत हो जाता है। विपक्ष की नकारात्मकता देस के सामने उजागर हो गई है।

## खबर संक्षेप

### उपराष्ट्रपति 2 दिवसीय यात्रा पर पहुंचे चेन्नई



**चेन्नई।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 2 दिनी यात्रा पर शुक्रवार से तमिलनाडु के दौर पर हैं। हवाई अड्डे पर उपराष्ट्रपति का तमिलनाडु सरकार की ओर से उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने पुष्पगुच्छ और एक पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। एक निजी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में भाग लिया।

### छात्रा ने यौन उत्पीड़न के बाद तोड़ा दम, 4 पर केस



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के एक कॉलेज में सेकंड ईयर की छात्रा ने यौन उत्पीड़न के बाद तड़पकर दम तोड़ दिया। मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने एक प्रोफेसर समेत तीन अन्य के खिलाफ रैगिंग और यौन उत्पीड़न के आरोपों में एफआईआर दर्ज की है। 3 छात्राओं ने उसके साथ मारपीट की और धमकियां दी थी।

### ममता के मंत्री की 3.60 करोड़ की संपत्ति जब्त



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी ने सुधार प्रशासन मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा और उनके परिवार की 3.60 करोड़ की संपत्ति कुर्क की। सिन्हा, उनकी पत्नी और उनके दो बेटों के नाम पर पंजीकृत 10 संपत्तियां कुर्क की गईं, जिनमें मकान, फ्लैट, जमीन के टुकड़े और एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल हैं।

### धोखाधड़ी में अर्पित अरेस्ट, 14 लाख जब्त



**कानपुर।** ईडी की जालंधर जोनल टीम ने डिजिटल अरेस्ट ठगी से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में अर्पित राठौर के ठिकानों पर छापेमारी की और सर्च के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया। ईडी को साथ ही कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और करीब 14 लाख की बेहिसाब नकदी बरामद हुई।

### बंगाल में एसआईआर पर नहीं थम रहा बवाल, भाजपा ने फिर उठाए सवाल

# ममता तुष्टीकरण के लिए घुसपैठियों को दे रहीं 'शह', ये राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**पार्टी मुख्यालय में भाजपा के प्रवक्ता भाटिया ने कहा**

यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने बंगाल में हो रही एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने पर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर कई सवाल खड़े किए हैं। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर कई आरोप लगाए हैं और कहा कि ममता आपने फायदे के लिए राज्य और देश से खिलवाड़ कर रही हैं। भाटिया ने आरोप लगाया कि राज्य की मुख्यमंत्री ममता की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण उनका घुसपैठियों के प्रति नरम रवैया है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर कानूनी प्रक्रिया है लेकिन ममता बेनर्जी इसका विरोध कर रही हैं। भाजपा नेता भाटिया का कहना है कि ये घुसपैठिए राष्ट्रीय सुरक्षा का एक बड़ा मुद्दा हैं, जिस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में निर्णायक कदम उठाए हैं। टीएमसी और कांग्रेस पार्टी तो इसका समर्थन करने से भी कतरा रही है।

## एसआईआर कानूनी प्रक्रिया... फिर सीएम ममता क्यों कर रहीं विरोध?

**बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई**

### चौधरी ने तो कहा था यहां वोट डकैती हो रही



भाजपा नेता गौरव भाटिया ने कहा कि अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि बंगाल में टीएमसी न सिर्फ वोटों की चोरी करती है, बल्कि वोट डकैती भी करती है। अगर ममता वोटों की चोरी कर रही हैं और हम जंगल राज की बात कर रहे हैं, तो यह भारत गठबंधन एक साथ चुनाव क्यों लड़ रहा था? अधीर रंजन चौधरी तो यहां तक कह रहे हैं कि ममता बंगाल में एसआईआर (चुनाव प्रचार प्रक्रिया) को लागू नहीं होने देंगी। एसआईआर एक कानूनी प्रक्रिया है। पश्चिम बंगाल में वोटों की चोरी, या यूं कहें कि वोट डकैती हो रही है और ममता ही इसे अंजाम दे रही हैं। गृह मंत्री और नागरिकों को जिस तरह से धमकियां दी जा रही हैं, उससे साफ पता चलता है कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

### ज्ञानेश और शाह पानी में बह जाएंगे: अभिषेक



ममता के भतीजे और सांसद अभिषेक बेनर्जी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर बड़ा हमला बोला है। बेनर्जी चुनाव से पहले राज्य की यात्रा पर निकले हैं। बेनर्जी ने कहा, टीएमसी तैयार है, हम दिल्ली आ रहे हैं। अगर टीएमसी के एक तिहाई कार्यकर्ता और समर्थक दिल्ली चले गए तो ज्ञानेश और शाह पानी में बह जाएंगे। दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए बेनर्जी ने दावा किया कि टीएमसी पिछले चुनाव की तुलना में कम से कम एक सीट ज्यादा जीतेगी।

### 'सर' में वैध पहचान पत्र नहीं माना जाएगा 2010 के बाद जारी ओबीसी कॉर्ड

**चुनाव आयोग ने किया साफ**



निर्वाचन आयोग ने निर्देश जारी किया है कि बंगाल सरकार द्वारा 2010 के बाद जारी अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्रों को विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़ी मसौदा मतदाता सूची में दावों और आपत्तियों के निपटान के दौरान वैध पहचान दस्तावेज नहीं माना जाएगा। यह कदम पिछले वर्ष 24 दिसंबर को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश के बाद आया है जिसमें 2010 से 2024 के बीच जारी 113 समुदायों के अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र कानूनी वैधता पूरी न होने के कारण रद्द कर दिए थे। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के लोग पात्र मतदाता है, लेकिन 2010 के बाद के प्रमाण-पत्रों को बैध नहीं माना जाएगा।

#### बीएलए शामिल करने की मांग खारिज की

तृणमूल कांग्रेस की बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए) को शामिल करने की मांग को खारिज करने पर ईसीआई ने अपना पक्ष स्पष्ट किया है। यह सुनवाई सत्र राज्य में तीन चरणों वाले एसआईआर के दूसरे चरण का मुख्य हिस्सा है। अगर सुनवाई सत्र में बीएलए को अनुमति देने की की मांग मान ली जाती है, तो अन्य पार्टियां भी यह मांग करेंगी।

#### चुनाव कर्मियों पर शिकायतों को भी नकारा

पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव आयुक्त और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ एसआईआर प्रक्रिया संबंध में दर्ज की गई दो पुलिस शिकायतों पर चुनाव आयोग ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय ने एक बयान में आरोपों को पूर्वनियोजित और निराधार बताते हुए खारिज कर दिया।

### चौमूं में बवाल के बाद कार्रवाई

# पथराव वाली जगहों पर चले बुलडोजर, अतिक्रमण धराशायी

## पत्थरबाजी पर प्रशासन की सख्ती



एजेंसी ▶▶ चौमूं

जयपुर के पास चौमूं में भड़की हिंसा के बाद अब पुलिस और प्रशासन ने सख्ती की है। मस्जिद की रेलिंग लगाने को लेकर शुरू हुए विवाद में हिंसा भड़क गई थी। अतिक्रमण हटाने आई पुलिस पर उपद्रवियों ने जमकर हंगामा किया था।

पुलिस ने 75 उपद्रवियों को अरेस्ट किया था। अब पथराव वाली जगहों पर जेसीबी मशीनों से अतिक्रमण हटाया गया है। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। 25 दिसंबर की रात चौमूं के बस स्टैंड इलाके में उस समय तनाव फैल गया था, जब मस्जिद के पास लगी रेलिंग हटाने को लेकर विरोध हुआ था। पहले दोनों पक्षों की सहमति थी, लेकिन जब पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची तो जमकर बवाल शुरू हो गया था। पूरे क्षेत्र में सन्नाटा पसरा रहा और अधिकांश दुकानों के शटर बंद रहे।

#### नोटिस के बाद शुरू की कार्रवाई

- पत्थरबाजी की घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने उपद्रवियों के खिलाफ 'ऑपरेशन क्लीन' शुरू किया है। चौमूं से प्रशासन ने अवैध कब्जों को हटाने की प्रक्रिया तेज कर दी है।
- प्रशासन की ओर से पहले ही मस्जिद के पास अतिक्रमण की जद में आने वाली दुकानों और मकानों पर नोटिस चस्पा किए जा चुके थे।

#### यहां सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

पहले हुई पथराव की घटना को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त सतर्कता बरती है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई थानों की पुलिस को मौके पर तैनात किया गया था। डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा और एडिशनल डीसीपी राजेश गुप्ता खुद भी मौके पर मौजूद थे। दोनों सीनियर अधिकारी खुद सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे थे। पुलिसकर्मी हेलमेट, लाठी और सुरक्षा जैकेट के साथ इलाके में लगातार गश्त कर रहे हैं।

#### सरकार करेगी सख्त कार्रवाई: भाजपा

प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर भाजपा के प्रवक्ता और चौमूं से तीन बार विधायक रह चुके रामलाल शर्मा ने कहा कि हर गलत के खिलाफ सरकार कार्रवाई करेगी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, राम लक्ष्मण जानकी, जय बोलो हनुमान की। हकदार को सम्मान मिले, गुनाहगार को सज़ा।

### आईपीएल में बांग्लादेशी क्रिकेटर को खरीदकर बुरा फंसे शाहरुख

# राजनीतिक और संत- महात्माओं ने इस फैसले को वापस लेने को कहा

## खान देशवासियों की भावनाओं और राष्ट्रहित का करें सम्मान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश में इंडियन प्रीमियर लीग 2026 को लेकर केकेआर द्वारा बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को खरीदा जाना विवाद का केंद्र बन गया है। केकेआर के मालिक और अभिनेता शाहरुख खान का विरोध हो रहा है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने कहा कि खान को जो भी सम्मान और पहचान मिली है, वह भारत और यहां के लोगों की वजह से है। ऐसे में उन्हें देशवासियों की भावनाओं और राष्ट्रहित का पूरा सम्मान करना चाहिए। महंत ने कहा कि देश विरोधी सोच या ऐसे निर्णय, जो देश की भावनाओं के खिलाफ हों, किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

#### किसी बांग्लादेशी को लाना उचित नहीं



महंत रविंद्र पुरी के बयान से पहले ही कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने भी इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। देवकीनंदन ठाकुर ने केकेआर और शाहरुख खान पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी को यहां लाना सही नहीं था।

#### शाहरुख उसे हटा दें



शिवसेना (शिंदे गुट) नेता संजय निरुपम ने रहमान को टीम से हटाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में इसी में शाहरुख की भलाई है और देश के हित में बेहतर होगा।

#### परमीशन नहीं देंगे



शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता आनंद दुबे ने कहा, बांग्लादेशी को भारतीय जमीन पर आईपीएल खेलने की परमिशन नहीं दी जानी चाहिए। इस पर रोक लगनी चाहिए।

### दहेज उत्पीड़न मामले में सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

# मुकदमेबाजी निजी बदला लेने या हिसाब चुकता करने का जरिया नहीं हो सकता

## हाईकोर्ट का आदेश किया रद्द और एफआईआर खारिज की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैवाहिक विवादों से जुड़े मामलों में एक अहम टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पति का पत्नी पर आर्थिक या वित्तीय प्रभुत्व क्रूरता की श्रेणी में नहीं आता। आपराधिक मुकदमेबाजी को निजी बदले या हिसाब चुकता करने का जरिया नहीं बनने दिया जा सकता। यह टिप्पणी पति के खिलाफ क्रूरता और दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया गया था। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने पति के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया।



#### क्रूरता की परिभाषा पर अदालत की टिप्पणी

पीठ ने कहा कि पत्नी द्वारा लगाए गए आरोपों में पति का आर्थिक प्रभुत्व जरूर बताया गया है, लेकिन इससे किसी ठोस मानसिक या शारीरिक नुकसान का प्रमाण नहीं मिलता। अदालत ने कहा कि भारतीय समाज में अक्सर घरों में पुरुष वित्तीय मामलों में नियंत्रण रखते हैं, लेकिन केवल इसी आधार पर आपराधिक क्रूरता का मामला नहीं बनता।

### 'द लाइट एंड द लोटस: रेलिक्स ऑफ द अवेकन्ड वन' रखा शीर्षक

# भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी का आज उद्घाटन करेंगे पीएम

## दिल्ली के राय पिथौरा कल्चरल कॉम्प्लेक्स में होगा आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दिल्ली के राय पिथौरा कल्चरल कॉम्प्लेक्स में भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेषों की ग्रैंड इंटरनेशनल प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इसका शीर्षक द लाइट एंड द लोटस: रेलिक्स ऑफ द अवेकन्ड वन है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि यह प्रदर्शनी भगवान बुद्ध के नेक विचारों को और अधिक लोकप्रिय बनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। यह हमारे युवाओं और हमारी समृद्ध संस्कृति के बीच के बंधन को और गहरा करने का भी प्रयास है।

#### विभिन्न खंडों में होगा आयोजन

प्रधानमंत्री ने लिखा कि 3 जनवरी इतिहास, संस्कृति और भगवान बुद्ध के आदर्शों में रुचि रखने वालों के लिए एक बेहद खास दिन है। यह प्रदर्शनी विभिन्न विषयों पर आधारित खंडों में विभाजित है। इसके केंद्र में सांची स्तूप से प्रेरित एक पुनर्निर्मित मॉडल रखा गया है, जिसमें राष्ट्रीय संग्रहों के प्रामाणिक अवशेषों के साथ स्वदेश लौटाए गए रत्नों को एक साथ प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी के अन्य खंडों में पिपरहवा रिविजिटेड, बुद्ध के जीवन की झलकियां भी दिखाई देंगी।

### भूमि संसाधन विभाग ने जमीन के रिकॉर्ड को डिजिटल किया

# 19 राज्यों में अब घर बैठे देख सकेंगे जमीन के कागजात

## अब खरीद-बिक्री और लोन मिलने में होगी आसानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब देश के 19 राज्यों के नागरिक अपने जमीन के कागजात (लैंड रिकॉर्ड) घर बैठे डिजिटल रूप में डाउनलोड कर सकेंगे। ये कागज कानूनी रूप से मान्य होंगे। इसके अलावा 406 जिलों में बैंक अब ऑनलाइन ही जमीन गिरवी रखने (मॉर्गेज) की जानकारी जांच सकते हैं, जिससे लोगों को लोन जल्दी मिलने में मदद मिलेगी। सरकार के अनुसार भूमि संसाधन विभाग ने जमीन के रिकॉर्ड को डिजिटल बनाने का काम लगभग पूरा कर लिया है। इससे जमीन से जुड़े काम अब ऑनलाइन होने लगे हैं।

**97% से ज्यादा गांवों में रिकॉर्ड कंप्यूटर पर दर्ज**




**ग्रामीण विकास मंत्रालय ने दी जानकारी**

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार देश के 97 प्रतिशत से ज्यादा गांवों में जमीन के अधिकार से जुड़े रिकॉर्ड कंप्यूटर पर दर्ज किए जा चुके हैं। नक्शे भी डिजिटल बना दिए गए हैं। करीब 85 प्रतिशत गांवों में जमीन के लिखित रिकॉर्ड को नक्शों से जोड़ दिया गया है।

#### जमीनों की खरीद-बिक्री होगी सरल

मंत्रालय के अनुसार सरकार ने राष्ट्रीय दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली शुरू की है, जिससे जमीन की खरीद-बिक्री आसान हो गई है। यह सिस्टम पंजाब, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश सहित 17 राज्यों में लागू हो चुका है। करीब 88 प्रतिशत सब रजिस्ट्रार ऑफिस (एसआरओ) अब राजस्व कार्यालयों के साथ जुड़ चुके हैं।

#### 1,050 करोड़ की सहायता मंजूर

केंद्र ने 2025-26 की योजना के तहत 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 1,050 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की है। सरकार ने जमीन के लिए एक खास पहचान संख्या भी शुरू की है, जिसे यूएलपीआईएन कहा जाता है। यह 14 अंकों का नंबर होता है और इसे जमीन का आधार कार्ड कहा जा रहा है। नवंबर 2025 तक देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 36 करोड़ से ज्यादा लैंड पार्सल को यह नंबर दिया जा चुका है।

महंगाई की आग में उबल रहा ईरान!

# हिंसक हुए प्रदर्शन, 6 की मौत, खामेनेई के खिलाफ विद्रोह!, 30 गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ तेहरान

ईरान में आर्थिक संकट के बीच जनता सड़क पर उतर आई है। राजधानी तेहरान से लेकर देश के कई शहरों और ग्रामीण हिस्सों में हिंसक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ विरोध के स्वर तेज हैं। देश की मुद्रा में लगातार गिरावट, भारी महंगाई और रोजगार के मुद्दे पर लोग उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं।

पूरे देश में सड़कों पर सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं हैं, जिसमें कई लोगों के मारे जाने की खबर है। इन प्रदर्शनों में कम से कम छह लोग मारे गए हैं। गुरुवार को नए साल की शुरुआत पर प्रदर्शन ईरान के ग्रामीण इलाकों में फैल गए।

*ईरान में ये मौतें उन तीन शहरों में हुईं, जहां मुख्य रूप से लूर जातीय समूह के लोग रहते हैं। इनमें से एक मौत बुधवार को जबकि 5 लोग गुरुवार को मारे गए। सबसे ज्यादा हिंसा ईरान के लोरेस्तान प्रांत के एक शहर अजना में हुई। यह तेहरान से लगभग 300 किमी दक्षिण-पश्चिम में है।*

**सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों की बीच झड़पें हो रहीं**

**यूनिवर्सिटी के छात्र तेहरान की सड़कों पर उतर आए**


सड़कों पर प्रदर्शन करते ईरानी नागरिक

### रजा पहलवी के समर्थन में नारेबाजी

*यूनिवर्सिटी के छात्र तेहरान की सड़कों पर उतर आए और तानाशाह मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही उन्होंने दिवंगत शाह मोहम्मद रजा पहलवी के बेटे रजा पहलवी के समर्थन में भी नारे लगाए। वहीं, अमेरिका में निर्वासन में रह रहे रजा पहलवी ने एक्स पर लिखा, मैं आपके साथ हूं। जब तक यह सरकार सत्ता में रहेगी, देश की आर्थिक स्थिति खराब होती रहेगी।*

### सबसे ज्यादा हिंसा लोरेस्तान प्रांत में

*ईरानी मीडिया ने बताया है कि तेहरान के पश्चिमी इलाके में अधिकारियों ने शांति व्यवस्था बिगाड़ने के आरोप में 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ये मौतें तीन शहरों में हुईं, जहां मुख्य रूप से ईरान के लूर जातीय समूह के लोग रहते हैं। इनमें से एक मौत बुधवार को जबकि 5 लोग गुरुवार को मारे गए। सबसे ज्यादा हिंसा ईरान के लोरेस्तान प्रांत के एक शहर अजना में हुई।*

ट्रंप ने ईरान को चेताया

## प्रदर्शनकारियों पर हिंसा का मुंहतोड़ जवाब मिलेगा

डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार कोसोशल मीडिया पर अपने एक पोस्ट में लिखा कि अगर ईरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाता है और उन्हें बेरहमी से मारता है, जो कि उनकी आदत है, तो संयुक्त राज्य अमेरिका उनकी मदद के लिए आएगा। हम पूरी तरह से तैयार हैं। ट्रंप ने बिना ज्यादा जानकारी दिए लिखा कि हम पूरी तरह तैयार हैं और जाने के लिए तैयार हैं। ट्रंप की चेतावनी के कुछ ही समय बाद, ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सेक्रेटरी और पूर्व पार्लियामेंट स्पीकर अली लारीजानी ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर आरोप लगाया कि इजरायल और अमेरिका इन प्रदर्शनों को भड़का रहे हैं।


डोनाल्ड ट्रंप

खबर संक्षेप

### जर्मनी में आग से बचने कूदा, इलाज के दौरान मौत

**बर्लिन।** नए साल के जश्न के दौरान तेलंगाना के जंगांव जिले के हतिक छात्र की जर्मनी में मौत हो गई। हतिक उच्च शिक्षा के लिए जर्मनी गया था। वह जिस अपार्टमेंट में रहता था, उसमें 31 दिसंबर की रात को आग लग गई। जिसके बाद उसने आग से जान बचाने की कोशिश में छलांग लगा दी, इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान थोकला हतिक रेड्डी के रूप में हुई है। घटना के बाद से हतिक के गांव में मातम छाया हुआ है, परिवार के सदस्य, दोस्त और स्थानीय निवासी छात्र की मृत्यु पर शोक व्यक्त कर रहे हैं।



### अश्लील और गैरकानूनी कंटेंट हटाए 'एक्स'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी एक्स को कड़े निर्देश दिए हैं। सरकार ने एक्स पर इस्तेमाल किए जा रहे अश्लील और गैरकानूनी कंटेंट को हटाने को कहा है। 2 जनवरी को जारी एक आदेश में कहा गया है कि एक्स के एआई एप ग्रोक का इस्तेमाल कर बनाए गए कंटेंट तुरंत हटाने होंगे। ऐसा न करने पर कंपनी को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। एक्स की भारतीय इकाई को भेजे नोटिस में कहा गया है कि एक्स वैधानिक रूप से उचित दायित्वों का पालन करने में विफल रहा है।



आतंकवाद पर विदेश मंत्री जयशंकर ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर साधा निशाना

# भारत को बुरे पड़ोसियों से अपना बचाव करने का अधिकार... कोई अन्य देश यह तय नहीं करेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करेगा और कोई भी दूसरा देश ये तय नहीं कर सकता कि भारत अपने बचाव में क्या करेगा और क्या नहीं। आईआईटी मद्रास में आयोजित 'शस्त्र 2026-आईआईटी मद्रास टेक्नो-एंटरटेनमेंट फेस्ट' के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा के लिए वो सबकुछ किया जाएगा, जो भी करने की जरूरत होगी।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. जयशंकर से भारत की विदेश नीति को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'आपके पड़ोसी बुरे भी हो सकते हैं। अगर हम पश्चिम की तरफ देखें तो पता चलता है कि दुर्भाग्य से हमारे साथ भी ऐसा है। अगर कोई देश जानबूझकर और लगातार आतंकवाद फैलाता है तो हमारे पास भी आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा का अधिकार मौजूद है और हम उसका इस्तेमाल भी करेंगे, लेकिन ये हम पर है कि हम इसका कैसे इस्तेमाल करते हैं। कोई हमें ये नहीं बता सकता कि क्या करना चाहिए या क्या नहीं। अपनी सुरक्षा के लिए हम वो सबकुछ करेंगे, जो हमें करना चाहिए।

*जयशंकर ने कहा कि हमारे अधिकतर पड़ोसी देश ये मानते हैं कि भारत का विकास उनके लिए अच्छा है। अगर भारत विकास करेगा तो हमारे सभी पड़ोसी भी हमारे साथ आगे बढ़ेंगे। यही बात मैं बांग्लादेश के लिए कहना चाहता हूं। बांग्लादेश के साथ भारत के अच्छे रिश्ते रहे हैं*

**श्रीलंका को 4 अरब डॉलर की मदद की**

**अच्छे पड़ोसियों को पहले वैक्सीन दी**



आईआईटी मद्रास के कार्यक्रम में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

### अच्छे पड़ोसियों की भारत मदद करता है

जयशंकर ने कहा कि जब हम अपने पड़ोसी देशों को देखते हैं, तो जो भी हमारे अच्छे पड़ोसी देश हैं, हम वहां निवेश करते हैं, उन देशों की मदद करते हैं। कोरोना के समय में भी हमारे पड़ोसियों को सबसे पहले वैक्सीन की मदद हमने ही की थी। श्रीलंका भी जब आर्थिक संकट से घिरा तो भारत ने ही उसकी मदद की और उसे चार अरब डॉलर की आर्थिक मदद दी। रीलंका में एक तूफान आया, हम उसी दिन वहां पहुंचे और सभी बचाव कार्य किए। हमारे अधिकतर पड़ोसी देश ये मानते हैं कि भारत का विकास उनके लिए अच्छा है। अगर भारत विकास करेगा तो हमारे सभी पड़ोसी भी हमारे साथ आगे बढ़ेंगे। यही बात मैं बांग्लादेश के लिए कहना चाहता हूं।

### *आतंकवाद और पानी एक साथ साझा नहीं हो सकता*

*पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए एस जयशंकर ने कहा कि कई साल पहले हम जल बंटवारा समझौते पर सहमत हुए थे, लेकिन अगर आप दशकों तक आतंकवाद फैलाते हैं तो ये अच्छे पड़ोस वाली बात नहीं है और अगर आप अच्छे पड़ोसी नहीं है तो आप को इसके फायदे भी नहीं मिलेंगे। आप ये नहीं कह सकते कि कृपया हमारे साथ पानी साझा करें, लेकिन हम आतंकवाद जारी रखेंगे। ये नहीं हो सकता।*

### बांग्लादेश से अच्छे रिश्ते की उम्मीद

बांग्लादेश में इस साल फरवरी में चुनाव होने वाला है। इसे लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि हम बांग्लादेश को उनके चुनाव में शुभकामनाएं देते हैं, और हम उम्मीद करते हैं कि एक बार चीजें ठीक हो जाने पर, अच्छे पड़ोसी का रिश्ता जारी रहेगा।

कश्मीर में आतंकी साजिश नाकाम

# चीनी पिस्तौल व दो ग्रेनेड जब्त, पकड़े गए मददगार


पकड़े आतंकी सहयोगी

एजेंसी ▸▸ गांदरबल

जम्मू-कश्मीर पुलिस की आतंकियों और उनके मददगारों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। पुलिस ने गुरुवार को मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में एक महिला सहित दो आतंकी मददगारों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार, दो हैंड ग्रेनेड और 8 लाख से ज्यादा की नकदी बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांदरबल पुलिस ने देर शाम स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया था।

गुंडरेहमान के पास नाका लगाकर चेकिंग की गई। इस दौरान सूचना के आधार पर एक लोड कैरियर को रोका। तलाशी लेने पर वाहन में 1 चीनी पिस्तौल, पिस्तौल की 1 मैगजीन, पिस्तौल के 4 कारतूस, 2 हैंड ग्रेनेड और 8,40,500 नकदी बरामद की गई। साथ ही आतंकी मददगार गुलाम नबी मीर निवासी हाजिन बांदीपोरा और शबनम नजीर निवासी शालाबुग, गांदरबल को गिरफ्तार किया गया।

### ट्रैकिंग, कैंपिंग और हाइकिंग पर रोक

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में अधिकारियों ने शुक्रवार को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए कोकरनाग के ऊंचे इलाकों और जंगलों में ट्रैकिंग, कैंपिंग, हाइकिंग और इसी तरह की बाहरी गतिविधियों पर रोक लगा दी। कोकरनाग एसडीएम की ओर से जारी आदेश में हाल की घटनाओं का जिक्र किया गया, जिसमें कहा गया है कि कुछ लोगों ने देर रात के घंटों में नाका/चेकपॉइंट पार करने की कोशिश की है, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा से संबंधित गंभीर सुरक्षा चिंताएं पैदा हुई है। वहीं, अवंतीपोरा पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी के सदस्य के घर छापा मारकर आपत्तिजनक सामग्री व डिजिटल डिवाइस बरामद की है।

### सेना के कैंप में लगी आग

चमोली जिले के ज्योतिर्मठ में औली रोड के समीप सेना कैंप में अचानक भीषण आग लग गई। सेना के जवानों के साथ ही फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई, लेकिन आग इतनी विकराल हो गई कि इसे बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार यह सेना का स्टोर था, जिसमें प्लास्टिक का समान था। यहां खेत भी है जहां सूखी घास थी।



उमर खालिद को लेकर जागा अमेरिका का प्रेम

# न्यूयॉर्क के मेयर समेत 8 सांसदों ने पत्र लिखकर भारत से की निष्पक्ष सुनवाई और जमानत देने की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

वर्ष 2020 में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हुए भीषण दंगों के आरोपी और जवाहरलाल विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद को अमेरिका से अचानक बड़ा भारी समर्थन मिला है।



न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी सहित आठ अमेरिकी सांसदों ने भारत से मामले में निष्पक्ष सुनवाई करने के साथ ही उसे जमानत देने की मांग की है। मेयर ममदानी की खालिद को समर्थन देने के पीछे की वजह बीते वक्त में उसके माता-पिता के साथ हुई उनकी मुलाकात है। अपने हाथ से एक पत्र लिखकर उसके प्रति अपना समर्थन जताया है।. अमेरिकी सांसदों ने वाशिंगटन डीसी में मौजूद भारत के राजदूत विनय क्वात्रा को पत्र लिखकर उमर खालिद के प्रति अपने समर्थन के साथ ही नई दिल्ली से मामले की सुनवाई अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप करने का अनुरोध किया है।

### पिता ने बताया मेयर से मुलाकात का सच

मीडिया में जारी रिपोर्ट के मुताबिक, खालिद के पिता की पिछले साल दिसंबर महीने में जोहरान ममदानी से न्यूयॉर्क में एक मुलाकात हुई थी। उस दौरान वो अमेरिका में रह रही अपनी बेटी और उमर खालिद की बहन से मिलने के लिए गए थे। उन्होंने कहा कि इस दौरान ममदानी ने हमें मुलाकात का वक्त दिया, करीब आधे घंटे तक उनसे बातचीत हुई। उन्होंने खालिद की गिरफ्तारी और मामले से जुड़े तमाम घटनाक्रमों के बारे हमसे पूछा। साथ ही कहा कि वो भी इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं। जोहरान ने कहा कि मैंने जेल से लिखे हुए खालिद के पत्रों को पढ़ा है। वहीं, खालिद के समर्थन वाले अपने पत्र में ममदानी ने लिखा, प्रिय उमर, मैं जब भी तुम्हारी कड़वाहट भरी बातों के बारे में विचार करता हूं, जिसमें उन्हें अपने ऊपर न हावी देना महत्वपूर्ण है।

### अस्थायी जमानत देने का किया स्वागत

8 अमेरिकी सांसदों में जिम मैकगोर्वन और जेमी रस्किन शामिल हैं। सांसदों ने कहा कि वो इस बात को समझते हैं कि वर्तमान में ये मामला भारत के सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। उमर खालिद को उसकी बहन के शादी समारोह में शिरकत करने के लिए प्रदान की गई अस्थायी जमानत का अमेरिका के सांसदों ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध लोकतंत्र की बुनियाद पर टिके हुए हैं।

### म्यांमार में फंसे तीन भारतीय स्वदेश रवाना

**यांगून।** म्यांमार में नौकरी संबंधी फर्जीवाड़े में फंसे तीन भारतीय नागरिकों को भारत वापस भेजा गया है। यांगून स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि जुलाई 2024 से अब तक कुल 1,757 भारतीयों को भारत वापस भेजा जा चुका है। भारतीय दूतावास ने बताया कि म्यांमा के अधिकारियों और संगठनों के सहयोग से म्यावाड्डी फर्जीवाड़े से जुड़े केंद्रों से तीन और भारतीय नागरिकों को कल यांगून के रास्ते वापस स्वदेश भेजा गया। वहीं, केंद्र सरकार ने बताया है कि अब तक कंबोडिया, म्यांमा और लाओ पीडीआर से 6,700 से अधिक भारतीयों को बचाया जा चुका है।

जयशंकर को लिखे अपने पत्र में बोले मीर बलोच

# पाकिस्तानी आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का यही सही वक्त



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

बलूचिस्तान के प्रमुख बलूच नेता और मानवाधिकार कार्यकर्ता मीर यार बलोच ने 1 जनवरी को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को एक खुला पत्र लिखा है। मीर ने वर्तमान समय को ही पाक की जमीन से आने वाले आतंकवाद के समूल नाश के लिए सबसे उपयुक्त बताते हुए भारत से सहयोग करने का अनुरोध किया है। बलूच नेता ने कहा, हमारे लोग बीते 69 वर्षों से पाकिस्तान के सरकारी कब्जे, उसके द्वारा प्रायोजित आतंकवाद और मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का दंश झेल रहे हैं। इसलिए अब समय आ गया है कि इस गंभीर समस्या को जड़ से उखाड़ फेंका जाए। जिससे हमारे राष्ट्र (बलूचिस्तान) के लिए स्थायी शांति और संप्रभुता सुनिश्चित हो सके। मीर ने इजराइल और तालिबान सरकार को भी पत्र लिखकर मदद मांगी है।

## फूलों से दिखाया 'पतंग' महोत्सव



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट इवेंट सेंटर में 14वें इंटरनेशनल फ्लावर शो में मकर संक्रांति त्यौहार के अवसर पर पतंग महोत्सव को दर्शाता फूलों का इंस्टॉलेशन। यह फ्लावर शो आगामी 22 जनवरी तक चलेगा। इस इस फ्लावर शो में 30 लाख फूलों का इस्तेमाल किया गया है। इस बार के फ्लावर को 'भारत एक गाथा' की थीम पर आयोजित किया गया है। यह फ्लावर शो अटल ब्रिज के निकट आयोजित किया गया है। इस बार के फ्लावर शो के दो कीर्तिमान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्स में दर्ज किए गए हैं। इनमें पहला दुनिया का सबसे बड़ा फ्लावर प्रोट्रेट और सबसे बड़े फ्लावर मंडाला का रिकॉर्ड शामिल है।

## भारतीय सेना ने रचा नया इतिहास, तोप के गोले को बना डाला 'मिनी मिसाइल'

आईआईटी मद्रास और सेना की साझेदारी से जन्मी तकनीक

# नई तकनीक से 80 किमी दूर तक हो सकेगा 'सटीक' हमला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय सेना बहुत जल्द ऐसी अत्याधुनिक सैन्य तकनीक को मैदान में उतारने जा रही है, जो अब तक दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। सेना दुनिया के पहले रैमजेट-संचालित 155 मिमी आर्टिलरी गोले को तैनात करने की तैयारी में है। इस हाई-टेक गोले को आईआईटी मद्रास ने भारतीय सेना के साथ मिलकर विकसित किया है। देखने में यह सामान्य तोप का गोला लगता है।

लेकिन इसकी ताकत और क्षमता किसी मिसाइल सिस्टम से कम नहीं है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना आईआईटी मद्रास और आर्मी टेक्नोलॉजी बोर्ड (एटीबी) की साझेदारी का नतीजा है। इसका उद्देश्य पारंपरिक तोपखाने की सीमाओं को तोड़ते हुए ऐसी तकनीक विकसित करना था, जो ज्यादा दूरी तक, ज्यादा सटीकता के साथ हमला कर सके।

### *आर्टिलरी से दागा गया गोला सुपरसोनिक स्पीड पकड़ता है*


रैमजेट तकनीक वाली तोप

### गुरुत्वाकर्षण से अलग है रैमजेट तकनीक

*अब तक तोप के गोले केवल बारूद और बैलिस्टिक ट्रैजेक्टरी पर निर्भर होते थे। एक बार दागे जाने के बाद वे गुरुत्वाकर्षण के सहारे उड़ते हैं। लेकिन रैमजेट एक एयर-ब्रीदिंग प्रोपल्शन सिस्टम है। जैसे ही 155 मिमी गोला तोप से दागा जाता है, यह सुपरसोनिक स्पीड (मैक 2 से अधिक) पकड़ लेता है। तेज गति के कारण आसपास की हवा इसके इनलेट में जाती है, जहां वह संकुचित होकर ईंधन के साथ जलती है। इस दहन प्रक्रिया से लगातार ऊर्जा मिलती रहती है, जिससे गोला सामान्य गोले की तुलना में कहीं ज्यादा दूर तक जाता है। अब तक यह तकनीक मिसाइलों में इस्तेमाल होती थी, लेकिन पहली बार इसे तोप के गोले में सफलतापूर्वक लागू किया गया है। यह रैमजेट गोला मौजूदा गोले की तुलना में 30 से 50 प्रतिशत अधिक रेंज देने में सक्षम है।*

### पोखरण टेस्टिंग से बढ़ा भरोसा

राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में हुए शुरुआती परीक्षण बेहद सफल रहे हैं। इन परीक्षणों में गोले की रेंज, उड़ान स्थिरता और नियंत्रण क्षमता को परखा गया, और नतीजे उम्मीद से बेहतर रहे। पूरी तरह तैयार होने के बाद यह गोला सेना की मौजूदा 155 मिमी तोपों के साथ पूरी तरह संगत होगा। इन रैमजेट गोलों को एम777 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर, एटीएजीएस और धनुष आर्टिलरी गन जैसी मौजूदा 155 मिमी तोपों से दागा जा सकेगा।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे स्क्वाड में एंट्री के लिए पंत और सिराज पर होगी नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए शनिवार को जब चयनकर्ता 15 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन करने बैठेंगे तो ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा होने की संभावना है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुछ सप्ताह पहले हुई श्रृंखला में जीत दर्ज करने वाली टीम में हालांकि कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है, लेकिन अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति दो मुद्दों पर ध्यान दे सकती है।

पहला मुद्दा पंत की दूसरे विकेटकीपर के रूप में स्थिति हो सकती है, क्योंकि ईशान किशन झारखंड के लिए मध्य क्रम में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और ध्रुव जुरेल ने भी घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए बड़ा शतक जड़ा है। अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहचान टीम संयोजन के आधार पर खिलाड़ियों के चयन की है।

### मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर की जरूरत

टीम संयोजन के कारण ही उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए संजू सैमसन और किशन जैसे सलामी बल्लेबाजों को चुना है। वनडे प्रारुप में टीम को मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर की जरूरत है। ऐसा विकेटकीपर, जो पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने में सहज हो। पंत ने गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद से जुलाई 2024 से दिसंबर 2025 के बीच सिर्फ एक वनडे मैच खेला है। पिछले आठ वर्षों में केवल 31 वनडे मैच खेलना और 35 से कम का औसत होना इस जुझारु खिलाड़ी की क्षमता का सही प्रतिबिंब नहीं है। इसमें कोई शक नहीं कि प्रभाव के मामले में पंत किशन और जुरेल से कही बेहतर हैं।



### पांड्या-बुमराह को आराम दिए जाने की संभावना

टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने की संभावना है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चयनकर्ता अन्य दो तेज गेंदबाजों (हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह) को भी आराम देते हैं। दोनों ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई श्रृंखला में हिस्सा लिया था। सिराज को परिस्थितियों के कारण चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नहीं चुना गया था। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विदेशी श्रृंखला में टीम का हिस्सा थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया।



### पडिक्कल को मौका मिलना मुश्किल

विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से दो मुख्य दावेदार सरफराज खान (नंबर चार पर बल्लेबाजी) और देवदत्त पडिक्कल (सलामी बल्लेबाज) हैं। शुभमन गिल, रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की टीम में जगह पक्की होने के कारण पडिक्कल को मौका देना मुश्किल होगा। सरफराज खान ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक लगाकर रुतुराज गायकवाड़ पहले ही दावेदारों में उनसे आगे निकल चुके हैं।

## खबर संक्षेप



### महिला हॉकी टीम में कोच मारिन की वापसी

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड के सोर्ड मारिन को फिर से भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह दूसरी बार यह पद संभालेंगे। इससे पहले उनके कोच रहते हुए भारतीय महिला टीम तोक्यो ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रही थी। मारिन को हरेंद्र सिंह की जगह मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। हरेंद्र को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और 'कोचिंग में मनमानीपूर्ण रवैया अपनाने'' के आरोपों के कारण इस्तीफा देना पड़ा था। नीदरलैंड के पूर्व हॉकी खिलाड़ी 51 वर्षीय मारिन 2017 से 2021 तक भारतीय महिला टीम से जुड़े रहे। इसके पांच साल बाद फिर से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी टीम में मटियास विला भी शामिल होंगे, जिन्हें विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है।

### सातवीं बार डकार रैली में लेंगे हिस्सा हरिथ नोआ

**यानबू ।** भारत के अग्रणी रैली रेड राइडर हरिथ नोआ शनिवार से शुरू होने वाली विश्व की सबसे मुश्किल मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता डकार रैली में लगातार सातवीं बार हिस्सा लेंगे।



केरल का यह 32 वर्षीय राइडर तीन से 17 जनवरी तक होने वाली डकार रैली में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। यह प्रतियोगिता छठी बार सऊदी अरब में आयोजित की जा रही है। डकार रैली में राइडर इस बार लगभग 8 हजार किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इसमें लगभग 4,800 किलोमीटर में राइडर रेत के टीलों, पथरीले इलाकों और दुर्गम पठारों से होकर गुजरेंगे। इस दौरान केवल एक बार 10 जनवरी को राइडर को विश्राम करने का मौका मिलेगा। 5 बार के भारतीय राष्ट्रीय सुपरक्रॉस चैंपियन नोआ ने 2020 में डकार रैली में पदार्पण किया था। तब यह रैली पहली बार सऊदी अरब में आयोजित की गई थी।

### सुदर्शन की पसली में फ्रेक्चर मैदान से हो सकते हैं बाहर



**नई दिल्ली।** बल्लेबाज साई सुदर्शन हाल में मध्य प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले के दौरान पसली में फ्रेक्चर होने के कारण एक महीने से अधिक समय तक मैदान से बाहर हो सकते हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सुदर्शन भारत की सफेद गेंद की टीम का हिस्सा नहीं हैं। अहमदाबाद में तमिलनाडु और मध्य प्रदेश के बीच खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी मैच में डाइव लगाकर रन पूरा करते समय उनकी दाईं ओर की सातवीं पसली (एंटीरियर कॉर्टेक्स) में फ्रेक्चर हो गया था। चौबीस वर्षीय सुदर्शन का तमिलनाडु के लिए बचे हुए मुकाबलों में खेल पाना मुश्किल है। हालांकि उनके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस के लिए उपलब्ध रहने की संभावना है।

वनडे 1, 3 और 6 और टी-20 9, 12 और 13 सितंबर को खेलें जाएंगे

# टीम इंडिया करेगी बांग्लादेश का दौरा खेली जाएगी वनडे और टी20 सीरीज

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने घोषणा की कि वह इस साल सितंबर में भारत की मेजबानी करेगा, जिसमें दोनों टीम के बीच तीन मैच की वनडे और तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी।

हालांकि मौजूदा हालात में बांग्लादेश में स्थिर सरकार नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई इस दौरे के लिए सहमति देगा या नहीं। बीसीबी की और से जारी विज्ञप्ति के अनुसार वनडे मुकाबले एक, तीन और छह सितंबर को खेले जाएंगे जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 9, 12 और 13 सितंबर को होंगे। भारतीय टीम सीमित ओवरों की इस श्रृंखला के लिए 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी।

### बांग्लादेश के घरेलू शेड्यूल का हिस्सा

खबर के अनुसार बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशंस के इंचार्ज शहरयार नफीस ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच, जो सीरीज पहले टाल दी गई थी, उसे रीशेड्यूल कर दिया गया है। भारत सीरीज 2026 के लिए बांग्लादेश के घरेलू शेड्यूल का हिस्सा है, जिसमें पाकिस्तान, न्यूज़ीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में द्विपक्षीय मुकाबले शामिल हैं।



### ये टीमें करेगी बांग्लादेश का दौरा

न्यूजीलैंड अप्रैल-मई में बांग्लादेश का दौरा करेगा, जिसमें तीन वनडे मैच 17 अप्रैल से शुरू होंगे, इसके बाद 27 अप्रैल से 2 मई तक तीन टी20 मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया जून में व्हाइट-बॉल दौरे के लिए आएगा, जिसकी शुरुआत 5 जून से तीन वनडे मैचों की सीरीज से होगी, इसके बाद 15 से 20 जून के बीच तीन टी20 मैच होंगे। बांग्लादेश अक्टूबर-नवंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के साथ अपने घरेलू कैलेंडर को खत्म करेगा। टेस्ट से पहले 22-24 अक्टूबर को तीन दिवसीय वार्म-अप मैच खेला जाएगा, जिसमें टेस्ट 28 अक्टूबर-एक नवंबर और 5-9 नवंबर को होने हैं।

### टी20 वर्ल्ड कप के बाद घरेलू सीजन शुरू

बीसीबी ने एक बयान में कहा कि कन्फर्म शेड्यूल बांग्लादेश में इंटरनेशनल क्रिकेट से भरे सीजन को पक्का करता है, जिससे देश भर के समर्थकों को घर पर टॉप-लेवल क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा, जबकि मैच वेन्यू की डिटेल्स सही समय पर बताई जाएंगी। बांग्लादेश का घरेलू सीजन मार्च में पुरुषों के टी20 वर्ल्ड कप के बाद शुरू होगा, जिसमें पाकिस्तान 12 से 16 मार्च तक तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए दौरा करेगा। पाकिस्तान मई में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के हिस्से के तौर पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए वापस आएगा, जो 8-12 मई और 16-20 मई को होने वाली है।

### जुलाई 2025 में रद्द कर दिया गया था दौरा

भारत का पिछले साल जुलाई में बांग्लादेश का दौरा अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया था और छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को एक साल से अधिक समय के लिए टाल दिया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले जुलाई जारी अपने बयान में कहा था, 'बीसीबी और बीसीसीआई ने आपसी सहमति से अगस्त 2025 में प्रस्तावित बांग्लादेश और भारत के बीच तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को सितंबर 2026 तक स्थगित करने का निर्णय लिया है। ' बयान में आगे कहा गया, 'यह फैसला दोनों बोर्ड के बीच चर्चा के बाद लिया गया है, जिसमें दोनों टीम की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिबद्धताओं और कार्यक्रम की सुविधा को ध्यान में रखा गया है। ' बीसीसीआई ने कहा, ''बीसीबी सितंबर 2026 में इस श्रृंखला के लिए भारत का स्वागत करना चाहता है। दौरे की संशोधित तारीख और कार्यक्रम की घोषणा समय आने पर की जाएगी।

लास्ट मैच सिडनी में

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा



एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने घोषणा की है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ रविवार से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। ख्वाजा ने कहा कि उन्हें लगता था कि उनके पाकिस्तानी और मुस्लिम पृष्ठभूमि के कारण उनके साथ 'अभी भी थोड़ा अलग व्यवहार किया जाता है।'

### नस्लीय रुढ़िवादिता से पूरी जिंदगी जूझा

ख्वाजा ने कहा, 'मेरे साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वो अलग था, घटनाएं भी अलग थीं। मुझे पीठ में दर्द होता है, जो मेरे बस में नहीं है लेकिन मीडिया और पूर्व खिलाड़ी मुझ पर टूट पड़ते हैं। मुझे लगभग पांच दिनों तक आलोचना का सामना करना पड़ा।' उन्होंने कहा, 'मुझे लेकर कई तरह की नस्लीय रुढ़िवादिता सामने आई, जैसे कि मैं आलसी हूं, पाकिस्तानी, वेस्टइंडीज के, अश्वेत खिलाड़ी...हम स्वार्थी हैं, हम सिर्फ अपनी परवाह करते हैं, हमें टीम की परवाह नहीं है, हम कड़ी मेहनत नहीं करते। ये वो बातें थीं, जिनसे मैं अपनी पूरी जिंदगी जूझता रहा हूं।' ख्वाजा ने कहा, 'मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकता हूं जब खिलाड़ी गोल्फ खेल कर चोटिल हो गए लेकिन आप लोगों ने उनके बारे में कुछ नहीं कहा। मैं आपको ऐसे भी उदाहरण दे सकता हूं जब खिलाड़ियों ने मैच से पहले की रात को खूब बियर पी और वे अस्वस्थ हो गए लेकिन उनके बारे में भी कुछ नहीं कहा गया लेकिन जब मैं चोटिल हुआ तो मेरी प्रतिबद्धता और एक व्यक्ति के रूप में मेरी छवि पर सवाल उठा दिए गए।' ख्वाजा ने कहा कि उन्हें पता था कि उनके करियर का अंत निकट है।

एसए20

# अंक तालिका में टॉप पर सुपर किंग्स डीएसजे को सुपर ओवर में हराया



एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

डोनोवन फेरेरा (नाबाद 33) और रिचर्ड ग्लीसन (41 रन देकर तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की मदद से जोबर्ग सुपर किंग्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक रोमांचक मुकाबले में डरबन सुपर जायंट्स को सुपर ओवर में हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

■ एसए20 के इतिहास में पहली बार मैच रहा टाई

सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 205 रन बनाए। सुपर जायंट्स ने आठ विकेट पर 205 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया। सुपर जायंट्स की पारी की आखिरी गेंद पर फेरेरा ने ईथन बॉश (09) को रन आउट कर दिया, जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस तरह से एसए20 के इतिहास में पहली बार कोई मैच टाई रहा।

ग्लीसन ने सुपर ओवर में केवल पांच रन दिए। इस तरह से जोबर्ग सुपर किंग्स को जीत के लिए केवल छह रन चाहिए थे। रिली रोसो ने नूर अहमद की पहली तीन गेंदों पर दो चौके लगाकर जोबर्ग सुपर किंग्स को लगातार तीसरी जीत दिलाई। इस जीत से वह 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

### महाराष्ट्र के शुभम रंजने ने लगाया अर्धशतक

इससे पहले सुपर किंग्स की तरफ से महाराष्ट्र के पूर्व खिलाड़ी और अब अमेरिका के शुभम रंजने की 31 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। फेरेरा ने 10 गेंदों में नाबाद 33 रन की तूफानी पारी खेली जबकि मैथ्यू डी विलियर्स (38) और कप्तान फाफ डु प्लेसिस (30 गेंदों में 47 रन) ने पहले नौ ओवरों के भीतर 89 रन की साझेदारी करके जोबर्ग को अच्छी शुरुआत दी थी। सुपर जायंट्स की तरफ से इवान जोन्स (43), हेनरिक क्लासेन (29) और एडेन मार्क्रम (37) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



# मैनचेस्टर सिटी - लिवरपूल का मैच ड्रॉ, आर्सेनल को बढ़त

एजेंसी ▶▶| लंदन

एर्लिंग हालैंड की मौजूदगी के बावजूद मैनचेस्टर सिटी को सुंदरलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच गोलरहित ड्रॉ खेला, जिससे आर्सेनल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। लिवरपूल भी लीड्स के खिलाफ गोल करने में नाकाम रहा और उसे एनफील्ड में गोलरहित ड्रॉ खेलने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के अब 19 मैच में 45 अंक हैं जबकि मैनचेस्टर सिटी इतने ही मैच में 41 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। लिवरपूल के अब 33 अंक हो गए हैं और वह पहले की तरह चौथे स्थान पर है। एस्टन विला 39 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

ईपीएल



# नीरज और सचिन एआईयू के परीक्षण पूल में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और सचिन यादव को इस साल के पहले तीन महीने के लिए विश्व एथलेटिक्स की डोपिंगरोधी निगरानी संस्था एथलीट्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस सूची में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं, लेकिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहने वाले यादव को पहली बार इसमें जगह मिली है। एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता यादव ने विश्व चैंपियनशिप में चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया था, जो फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण आठवें स्थान पर रहे थे। यादव ने 86.27 मीटर भाला फेंककर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए न केवल चोपड़ा को, बल्कि पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी पीछे छोड़ा था। नदीम 10वें स्थान पर रहे थे। उत्तर प्रदेश के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को भाला फेंक का अगला स्टार माना जा रहा है।



18 जनवरी से शुरू होगा वर्ष के पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन से वापसी करेंगी वीनस, मिली वाइल्ड कार्ड एंट्री

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स पांच साल में पहली बार इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेगी और इस तरह से इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी।

उन्हें 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने घोषणा की कि 45 वर्षीय वीनस उस मेलबर्न पार्क में वापसी करने के लिए तैयार है, जहां उन्होंने 28 साल पहले पहली बार हिस्सा लिया था। उन्होंने 1998 में दूसरे दौर में अपनी छोटी बहन सेरेना को हराया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी लिंडसे डेवनपोर्ट से हार गई थीं।

### मेलबर्न पार्क में 28 साल पहले पहली बार लिया था हिस्सा




### 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लिया था हिस्सा

वीनस ने नवंबर में घोषणा की थी कि वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन से दो सप्ताह पहले न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेलेंगी, जहां उन्हें वाइल्ड कार्ड मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों के अनुसार वीनस ने होबार्ट में होने वाले एक अन्य टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए भी पंजीकरण कराया है। वीनस ने इससे पहले आखिरी बार 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लिया था। वह यहां दो बार महिला एकल में उपविजेता रह चुकी हैं। वह 2003 और 2017 में फाइनल में सेरेना से हार गई थीं।

### टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

वीनस ने कहा, 'मैं ऑस्ट्रेलिया में खेलने को लेकर बहुत उत्सुक हूं। वहां मेरी कई अविश्वसनीय यादें जुड़ी हैं। मुझे बहुत खुशी है कि मैं फिर से उस जगह लौट रही हूं, जिसका मेरे करियर में बहुत महत्व रहा है।' इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेकर वीनस इस टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। वह जापान की किमिको दाते के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी, जो 2015 में मेलबर्न पार्क में पहले दौर में हारने के समय 44 वर्ष की थीं।




### टीटी नगर, गोविंदपुरा और निशातपुरा पुलिस ने दर्ज किए प्रकरण, पीड़ितों से भी संपर्क किया

# ईरानी डेरे में बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद मोबाइल लूट की तीन वारदात का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर, गोविंदपुरा और निशातपुरा पुलिस ने झपटमारों पर मोबाइल झपटने का प्रकरण दर्ज किया है। यह तीनों घटनाएं पुरानी हैं, जिनका खुलासा बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद हुआ है। उसके बाद पुलिस ने फरियादियों से संपर्क करने के बाद उक्त प्रकरण दर्ज किए है।

जानकारी के अनुसार पिछले दिनों पुलिस की टीम ने निशातपुरा स्थित ईरानी डेरे पर दबिश देकर करीब दो दर्जन कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन जब्त हुए थे, जिन्हें बदमाशों ने शहर के विभिन्न इलाकों से लूटा था। यह खुलासा होने के बाद पुलिस ने लूट के मामले दर्ज किए हैं। प

लिस ने बताया कि गणेश दोहरे नामक युवक गतें 25 दिसंबर की रात करीब साढ़े दस बजे डिपो चौराहे के पास से गुजर रहा था, तभी बाइक सवार बदमाश ने उसके हाथ से 12 हजार रुपए कीमत का मोबाइल छीन लिया था। पुलिस ने जब मामले की जांच की तो पता चला कि उक्त बदमाश ईरानी डेरे



वाले गिरोह का सदस्य है, जिसे पिछले दिनों गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी प्रकार की वारदात गोविंदपुरा इलाके में 2 दिसंबर को हुई थी। फरियादी सौरभ गजभिए रचना नगर अंडरब्रिज के पास से गुजर रहे थे, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उनके हाथ से 14 हजार रुपए कीमत का मोबाइल छीन लिया था। सौरभ ने मामले की शिकायत पोर्टल पर की थी, जहां से शिकायत साइबर सेल पहुंची। ट्रेकिंग के दौरान यह मोबाइल भी अमन कॉलोनी में सक्रिय मिला था। इसी प्रकार निशातपुरा थानांतर्गत जेपी नगर स्थित ब्रिज के पास ऑटो में सवार विशाल शाक्य के हाथ से बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया था। तीनों ही मामलों में बदमाश ईरानी डेरे से गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

### औपचारिक शादी की, आरोपी की मां ने कराया गर्भपात

## 17 साल की किशोरी का अपहरण, रायसेन में डेढ़ महीने बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित एक मल्टी में 17 साल की नाबालिग को मल्टी में ही रहने वाला युवक अपहरण कर रायसेन स्थित अपने गांव ले गया, वहां औपचारिक शादी करने के बाद करीब डेढ़ महीने तक उसे बंधक बनाकर रखा और शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी उसे डेढ़ महीने बाद भोपाल ले आया और यहां भी अपनी मल्टी में बंधक बनाकर रखा था। पीड़िता जब गर्भवती हो गई तो आरोपी की मां ने गोली खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। पुलिस ने दुष्कर्म करने वाले आरोपी उसकी मां सहित अन्य लोगों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 17 साल की नाबालिग इलाके की एक मल्टी में रहती है। उसके माता-पिता नहीं है। वह नानी के साथ रहती है। करीब तीन साल पहले उसकी मुलाकात मल्टी में रहने वाले 25 साल युवक से हुई। युवक उसे कहता था कि मैं तुम्हे पसंद करता हूं और शादी करना चाहता हूं। दोनों में दोस्ती हो गई। जुलाई 2025 में आरोपी उसे रायसेन स्थित अपने गांव लेकर पहुंचा। वहां उससे औपचारिक रूप से शादी कर ली। शादी के बाद वह नाबालिग से शारीरिक संबंध बना रहा था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब डेढ़ महीने बाद वह गांव से उसे भोपाल ले आया।

## महिला सुरक्षा एवं जागरुकता के लिए चलेगा अभियान

**भोपाल।** कॉलेज और स्कूलों में महिला सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान कार्यक्रम शुरु किए जाएं, जिससे महिलाओं और बालिकाओं को घरेलू हिंसा से बचाया जा सके। यह बात शुक्रवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने टाइम लिमिट बैठक में अफसरों से कही। संभाग कमिश्नर ने कहा कि प्रथम चरण में सभी कॉलेजों और संभाग के सभी जिलों में 50-50 स्कूलों को शामिल किया जाए।

## इंडिगो एयरवेज की बेंगलुरु और दिल्ली उड़ान कैंसिल

**संतनगर।** ऑपरेशनल रीज़न के चलते राजा भोज एयरपोर्ट पर उड़ानें लगभग प्रभावित हो रही है। शुक्रवार को इंडिगो एयरवेज़ की बेंगलुरु और दिल्ली उड़ान भोपाल नहीं आ सकी। उड़ान भोपाल नहीं आ सकी। मौसम ख़राबी के कारण ऑपरेशन रीज़न के चलते ये तीन उड़ानें भोपाल नहीं आ सकी।

### कोलार मंदिर के पास की घटना

## गुटखा नहीं देने पर हम्माल से मारपीट की, प्राइवेट पार्ट में बोतल से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र में गुटखा नहीं देने पर हम्माल से चार बदमाशों ने मारपीट करते हुए उसके प्राइवेट पार्ट में प्लास्टिक की बोतल डाल दी। आरोपी उसे धमकी देकर गए थे कि यदि पुलिस से शिकायत की तो जान से खत्म कर देंगे। हम्माल किसी तरह मंडीदीप पहुंचा और वहां इलाज कराया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची मंडीदीप पुलिस ने हम्माल की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है। घटनास्थल कोलार थाने का होने के कारण केस डायरी कोलार पुलिस को सौंपी गई है।

पुलिस के अनुसार 48 साल के सर्वेश खान, मंडीदीप में रहते हैं और हम्माली करते हैं। 22 दिसंबर की रात वह मंडीदीप रेलवे स्टेशन पर बैठे थे और काम की तलाश कर रहे थे। तभी चार अज्ञात व्यक्ति उनके पास पहुंचे। उन्होंने कहा कि एक गाड़ी खाली करवाना हैं। प्रति बोरी 10 रुपए देंगे। सर्वेस उनकी बातों में आकर उनके साथ बाइक से कोलार जाने के लिए निकला। कोलार मंदिर के आगे कोलार रोड पर पहुंचते ही आरोपियों ने अपनी बाइक रास्ते में रोक ली और सर्वेश से मला हुआ गुटखा मांगा। सर्वेश ने कहा कि मैं देशी जर्दा सुपारी खाता हूं। सर्वेश ने अपने पास रखी एक प्लास्टिक की बोतल जिसमें जर्दा सुपारी रखी थी उन्हें दे दी। इस पर आरोपी गालीगलौज करने लगे। सर्वेश ने गाली देने से मना किया तो चारों आरोपियों ने उससे मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच एक आरोपी जर्दा सुपारी की प्लास्टिक की बोतल खाली कर और उसके प्राइवेट पार्ट में डाल दी। पीड़ित किसी तरह शासकीय अस्पताल मंडीदीप पहुंचा और अपना इलाज करवाया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची मंडीदीप पुलिस ने पीड़ित से पूछताछ की। इसके बाद चार अज्ञात आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर केस डायरी कोलार पुलिस को भेज दी।



## रायसेन रोड पर फिर काटे गए पेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रायसेन रोड पर कल्पना नगर के सामने एक बार फिर पेडों की कटाई हुई है। यहां एक दर्जन से ज्यादा पेड़ काटे गए हैं। यह पेड़ भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट के ब्लू लाइन के लिए बन रहे कॉरिडोर में बताए जा रहे हैं। जबकि हाईकोर्ट ने आठ जनवरी तक पेड़ों की कटाई पर रोक लगा रखी है। इस संबंध में जानकारी के लिए निगम आयुक्त से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनसे चर्चा नहीं हो सकी।

### बर्थडे ब्वॉय के साथ ढाबा पर खाना खाने जा रहा था युवक, अंधेरे में खड़ी जेसीबी से टकराई

## स्कूटर सड़क पर खड़ी जेसीबी से टकराई, युवक की मौत

**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित इमलिया गांव में गुरुवार शाम निर्माणाधीन कांक्रीट सड़क पर खड़ी जेसीबी से स्कूटर सवार युवक टकरा गए। इस हादसे में स्कूटर चला रहे युवक का सिर जेसीबी के पीछे वाली बकेट में टकराने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अभिषेक कुशवाह पिता रामकिशन कुशवाह (19) निवासी इमलिया में रहता था और प्राइवेट काम करता था। मूलतः बिहार निवासी अभिषेक के दोस्त राजा धानक का गुरुवार को बर्थ-डे था। राजा धानक स्कूटर से अभिषेक के साथ ढाबा जा रहा था। स्कूटर अभिषेक चला रहा था। सड़क पर स्कूटर जेसीबी से टकरा गई।

**Technocrats Institute of Commerce & Sciences**
(Affiliated to Barkatullah University, Bhopal)
Technocrats Group Campus, Anand Nagar, BHEL, Bhopal www.technocratsgroup.edu.in

**APPOINTMENT UNDER COLLEGE CODE-28**

Applications are invited for the post of Principal, Professor, Associate Professor, Asst. Professor to be appointed under college code-28. Details are given below:-

| Course/Subject | Pricipal | Professor | Asso. Prof. | Asst. Prof. |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| B.Com./BBA/BCA (All Subjects) | 1 | 2 (each course) | 2 (each course) | 8 (each course) |
| B.Sc. (Mathematics/Physics/Computer Sciecne Botany/Zoology/Biotechnology/Microbiology) | | 2 (each subject) | 3 (each subject) | 8 (each subject) |

Other Posts: Librarian | Asst. Librarian | Telecaller | Data Entry Operator | Administrative Officer

Note: Interested candidates may apply with Resume, Testimonials, 2 Passport size photo on or before 15th January 2026 directly to HR office MBA Building and also send the same through e-mail at hr@technocratsgroup.edu.in M.: 9179716664, 8319435070

QUALIFICATION, EXPERIENCE & SALARY: AS PER UGC NORMS.

## स्थानीय खेल समाचार

## 31वां इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट कल से अभ्यास में जुटे खिलाड़ी



ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर शुक्रवार को टूर्नामेंट के अभ्यास में जुटे राजधानी के अनेक मीडिया संस्थानों के खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल खेल पत्रकार संघ के तत्वावधान में 31वां इंटरप्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 4 जनवरी से ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेला जाएगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और खेलमंत्री विश्वास सारंग रविवार सुबह 10 बजे करेंगे। टूर्नामेंट दो ग्रुप में टी-20 फार्मेट में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में इस बार भोपाल के अलावा इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर की मीडिया टीमें भी भागीदारी करेंगी। वहीं राजधानी से दैनिक भास्कर, नवदुनिया, पत्रिका, दैनिक जागरण, राज एक्सप्रेस, पीपुल्स, एनएसटी, स्वदेश ज्योति, टाइम्स ऑफ इंडिया, जनसंपर्क, विस्तार न्यूज, पब्लिक वाणी, अटल न्यूज, डिजिआना, प्रदेश टुडे समेत अनेके मीडिया संस्थानों प्रदेशभर की कुल 33 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें 672 खिलाड़ी भागीदारी करेंगे।

टूर्नामेंट ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेला जाएगा। कुछ मैचं फेथ क्रिकेट ग्राउंड और सेंचुरियन अकादमी मैदान पर भी होंगे। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को 1 लाख रुपए नकद पुरस्कार और ट्रॉफी दी जाएगी। रनरअप टीम ट्रॉफी के साथ 50 हजार रुपए पाएगी। इसके साथ ही टूर्नामेंट की तैयारी शुरू हो गई है। अधिकतर टीमें ओल्ड कैंपियन मैदान पर पसीना बहा रही हैं। वहीं कई खिलाड़ी जमकर चौके-छक्के लगा रहे हैं, वहीं मंझे हुए बॉलर भी बेहद ही सस्ते में बल्लेबाजों को पैवेलियन भी लौटा रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

### फाइनल में बंसल भोपाल को 3-1 से हराया

## एलएनसीटी को मिला आरजीपीवी नोडल हॉकी पुरुष वर्ग का खिताब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल (आरजीपीवी) के तत्वावधान में जेएनसीटी द्वारा मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित नोडल हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता 2025–26 का आयोजन किया गया। जिसमे एलएनसीटी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मुकाबले में जेएनसीटी को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी ने बंसल भोपाल को पेनल्टी शूट में 3-1 से हराकर खिताब हासिल किया।

फाइनल पेनल्टी शूट में गगन गावंडे, नितेश गाडगे, अमन पवार ने गोल कर टीम को जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एलएनसीटी टीम में नितेश गाडगे (कप्तान), गगन गावंडे, प्रशांत कुर्मी, अंकुर सोनी, वैभव ठाकुर, हिमांशु पुंडे, कृष्णा पुंडे, अंशु पटेल, प्रशांत द्विवेदी, अमन पवार, रविंद्र बघेल इत्यादि खिलाड़ी शामिल थे। टीम का कोच महेश सोंधिया को नियुक्त किया गया था। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के लिए डॉ अनुपम चौकसे कुलाधिपति जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भोपाल सचिव एलएनसीटी ग्रुप, डॉ. अशोक राय डायरेक्टर डीन एडमिनिस्ट्रेशन एलएनसीटी, डॉ. वी एन भरतरिया प्राचार्य एलएनसीटीएस, डॉ. बीके साहू प्राचार्य एलएनसीटी, पंकज जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी, महेश सोधिया, सूरज यादव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### 6 जनवरी तक देवास में चल रहा कैंप

## मंडीदीप के 4 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय नेटबॉल अंडर 17 टीम में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप के चावरा विद्या भवन के चार खिलाड़ी का मध्यप्रदेश की टीम मे चयन हुआ, जो राजस्थान के बाड़मेर मे 8 से 12 जनवरी तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भाग लेंगे।

इनमें राधेश्याम राय, लकी साहू, हेमंत प्रजापति व राजपाल शामिल हैं। इन खिलाड़ियों के लिए देवास में प्री नेशनल कोचिंग कैंप चल रहा है, जो 6 जनवरी तक चलेगा। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य फादर लीजो, फादर अलेक्स के साथ सभी स्कूल स्टाफ ने बधाई दी है। साथ ही जिला रायसेन नेटबॉल संघ के पदाधिकारी रवीश अग्रवाल, सद्दाम खान, जुबैर खान, उर्वशी वर्मा व प्रिया वर्मा ने चारों खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की है। स्कूल कोच व नगर में नेटबॉल खेल प्रारम्भ करने वाले निसार ने बताया कि लगभग 15 वर्षो से चावरा स्कूल के खिलाड़ी मध्य प्रदेश की टीमों में अपना प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस वर्ष नेटबॉल के सभी वर्गों में संस्था के 21 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश यादव व डीएसओ रानी स्वारूपा के साथ मंडीदीप के नागरिकों ने भी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामना दी हैं।

### आयोजन समिति की बैठक आयोजित, बीएस कुशवाहा ने दिए निर्देश

## छोटी झील की लहरों पर 14वीं ड्रैगन बोट रेस का रोमांच 6 से, एक हजार से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे अपना कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के छोटे तालाब में साल की शुरुआत शानदार होने वाली है। भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग तथा मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के तत्वावधान में 14वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट, सीनियर, जूनियर, मिक्स पुरुष व महिला चैंपियनशिप आयोजित हो रही है।

इसमें देशभर की लगभग 24 राज्य व इकाइयों के 1050 खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता के



सफल आयोजन में देशभर से 40 से अधिक तकनीकी अधिकारी भी अपनी सेवाएं देंगे। इसी आयोजन को लेकर छोटे तालाब पर मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के अध्यक्ष पीएस बुंदेला व सचिव मयंक ठाकुर की मौजूदगी में बैठक आयोजित हुई। इसमें भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग के पूर्व सचिव बीएस कुशवाहा ने भी भाग लिया और चैंपियनशिप को स्तरीय बनाने के लिए जरूरी निर्देश आयोजन समिति को दिए हैं। इस मौके पर सीनियर सदस्य वीके पाराशर, आरके दीक्षित, विश्वामित्र अवार्डी विनोद मिश्रा, मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक पीयूश बरोई, मनोज सक्सेना, विश्वेश्वरी व प्रशिक्षक सोहेल खान मौजूद थे।

**ALL SAINTS' COLLEGE**

B.Ed.: GANDHINAGAR, CITY BHOPAL - 462031 (M.P.)
D.El.Ed.: PIPALNER, GANDHINAGAR, BHOPAL - 462036 (M.P.)
APPROVED BY: NCTE New Delhi, Affiliated to Barkatullah University & MPBSE, Bhopal

**FACULTY/STAFF REQUIRED**
(For B.Ed. & D.El.Ed.)

Applications are invited for following Posts:
PROFESSORS, ASSISTANT PROFESSOR, LECTURER.
Non Teaching Staff: Office Assistant, Clerk, Computer Operator.
As per NCTE Norms Your Resume and all Marksheets send on email ascgbpl@gmail.com For further details.

Contact : 9893612879, 8966884809




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930